सुप्रभात
रांची, गुरुवार
15.02.2024
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net माघ, शुक्ल पक्ष, षष्ठी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 213





बाबा महाकाल का मां सरस्वती के रूप में शृंगार

इम्पैक्ट फिचर

# जोहार, नमस्कार, आदाब- बीडी प्रसाद

**सम्मेलन में गूंजा***
**जो ओबीसी की बात करेगा वही देश पर राज करेगा***
**हम अपना अधिकार लेकर रहेंगे, लेकर रहेंगे***
**सिर्फ वोट देने नहीं सरकार चलाने भी जानतीं है ओबीसी समाज**



## हक व अधिकार पाने के लिए ताकतवर बनने की जरूरत



खीरु महतो ने राज्य के सभी प्रमंडलों में बैठकर एक बार रांची में सम्मेलन कर ओबीसी की ताकत दिखाने की अपील कीभास्कर न्यूज: मेदिनीनगर मेदिनीनगर के हाउसिंग कालोनी में पिछड़ा वर्ग (OBC) एकता एवं अधिकार मंच द्वारा आयोजित सम्मेलन में राज्य सभा सांसद खीरु महतो ने कहा कि सम्मेलन में उमड़ी भीड़ यह बता दिया है कि ओबीसी समाज के लोग अब अपने हक व अधिकार की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हो गए हैं। उन्होंने संयोजक मंडल के सदस्य ब्रह्मदेव प्रसाद उर्फ बीडी प्रसाद की सराहना करते हुए कहा कि जिस मजबूती के साथ आज लड़ाई का आगाज किया गया है उसे मंजिल तक पहुंचाने वह पूरी ईमानदारी के साथ सहयोग करने के लिए तैयार है।

## झारखंड के लिए आज का दिन ऐतिहासिक: श्रवण



हाउसिंग कालोनी में पिछड़ा वर्ग एकता एवं अधिकार मंच का आयोजित प्रमंडलीय सम्मेलन में संयोजक मंडल के सदस्य श्रवण कुमार ने कहा कि झारखंड के आज का दिन ऐतिहासिक दिन है। जिस तरह से ओबीसी समाज के लोगों ने सम्मेलन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है इस चट्टानी एकता को बनाए रखने की जरूरत है। पिछड़ों दलितों को जो अधिकार मिलना चाहिए था उसे आजतक किसी सरकारों ने नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि अधिकार मांगने से नहीं बल्कि छिनना पड़ता है। आज समाज के लोगों ने जो ताकत दिखाया है उससे स्पष्ट हो गया है कि अब ओबीसी समाज के लोग अपना अधिकार छिनने के लायक भी बन गए हैं।

## हक व अधिकार के लिए एकजुट होने की जरूरत: उषा



ऊषा देवी ने कहा कि बड़े गर्व की बात है कि ब्रह्मदेव प्रसाद उर्फ बीडी प्रसाद के द्वारा ओबीसी समाज को हक व अधिकार दिलाने की लड़ाई का बिगुल फूंका है। इसके लिए वह पूरे समाज के ओर से उनका आभार व्यक्त करतीं हूं। उन्होंने कहा कि ओबीसी समाज के मिलने वाले हक में वृद्धि करने के बजाए कमी किया जाना यह बताता है कि सभी सरकारें ओबीसी समाज के हक व अधिकार छिनने का काम कर रही है। सभी दल के लोग ओबीसी का सिर्फ वोट लेना चाहते हैं लेकिन जब समाज को हक व अधिकार देने की बात होती है तो सभी दल के लोगों की बोलती बंद हो जाती है। लेकिन आज बीडी प्रसाद के आह्वान पर ओबीसी समाज के लोगों ने जो जो अपनी एकजूटता दिखाई है वह बहुत सराहनीय है इस एकजूटता को बनाएं रखने की जरूरत है।



रविवार को मेदिनीनगर के हाउसिंग कालोनी में पिछड़ा वर्ग (OBC) एकता अधिकार मंच द्वारा आयोजित प्रमंडलीय सम्मेलन ओबीसी समाज के लोगों का जनसैलाब उमड़ा। सम्मेलन का उदघाटन सबसे पहले राज्य सभा सांसद खीरु महतो, ओबीसी एकता मंच के संयोजक मंडल के सदस्य सह समाजसेवी ब्रह्मदेव प्रसाद उर्फ बीडी प्रसाद, युगल पाल,श्रवण कुमार, विनोद कुमार, अशर्फी चंद्रवंशी, सुशील अग्रवाल ने झंडोत्तोलन किया। इसके बाद दीप प्रज्ज्वलित व महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता मंच के संयोजक मंडल के सदस्य बीडी प्रसाद ने की। संचालन अजय वर्मा ने किया। संयोजक मंडल के सदस्य बीडी प्रसाद ने कहा कि ओबीसी समाज देश में बोल नहीं बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को चलाने व मजबूत करने का काम करता है। ओबीसी का पैसा ही देश व राज्य के खजानों को भरने काम करतीं हैं। इसके बाद भी आज ओबीसी समाज को जो हक व अधिकार मिलना चाहिए वह नही मिल पाया है। लेकिन अब ओबीसी समाज के लोग चुप नहीं रहने वाले



हैं। संयोजक मंडल के सदस्य बीडी प्रसाद ने कहा कि ओबीसी समाज के हक व अधिकार दिलाने के लिए पलामू की धरती से संवैधानिक तरीके से लड़ाई का आगाज शुरू कर दिया गया है। संविधान में ओबीसी के लिए जो अधिकार दिया गया है वह अधिकार जब तक नहीं मिलेगा यह लड़ाई जारी रहेगा। आज ओबीसी समाज के हक व अधिकार को छिनने का जो षड्यंत्र किया जा रहा है उसे समाप्त करना है। संयोजक मंडल के सदस्य बीडी प्रसाद ने कहा कि सरकार को जातीय जनगणना कराकर ओबीसी समाज के युवाओं का जो हक है उसे देना पड़ेगा। जो सरकारें ओबीसी के 11 सूत्री मांगों को पूरा नहीं करेगा वैसे सरकार को 65 प्रतिशत की आबादी सत्ता से बेदखल करने का काम करेगी। समाजसेवी ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार को आगाह कराते हुए कहा है कि ओबीसी समाज के लोग अब जग गए हैं। अब उनको छला नहीं जा सकता है।

## संयोजक मंडल को सामूहिक रूप से 65 किलो का माला पहनाया गया।



सम्मेलन में ओबीसी समाज के लोगों ने राज्य सभा सांसद खीरु महतो एवं संयोजक मंडल के सदस्य ब्रह्मदेव प्रसाद उर्फ बीडी प्रसाद, युगल पाल,लाल सुरज, रामदास साहु, विनोद कुमार, अशर्फी चंद्रवंशी आदि को सामूहिक रूप से 65 किलो का माल्यार्पण कर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। समाज के लोगों ने कहा कि ओबीसी समाज की 65 प्रतिशत आबादी है इसीलिए संयोजक मंडल को 65 किलो का माला पहनाकर स्वागत किया गया।



## शौंडिक समाज ने बीडी प्रसाद को सिक्का से तौला

पिछड़ा वर्ग (OBC) एकता एवं अधिकार मंच द्वारा आयोजित सम्मेलन में प्रमंडलीय शौंडिक समाज के सतीश साहू ने समाजसेवी सह संयोजक मंडल के सदस्य ब्रह्मदेव प्रसाद उर्फ बीडी प्रसाद को मंच पर सिक्का से तौलने का काम किया। सतीश साहू ने कहा बीडी प्रसाद ने ओबीसी समाज के लोगों को हक व अधिकार दिलाने के लिए पलामू की धरती से लड़ाई का जो आगाज किया है वह बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। इस में समाज के सभी लोगों को तन मन धन से बीडी प्रसाद को सहयोग करने की जरूरत है।



## खीरु महतो को मोमेंटो व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया

सम्मेलन में संयोजक मंडल के सदस्य बीडी प्रसाद, युगल पाल, अशर्फी चंद्रवंशी, सुशील कुमार आदि ने संयुक्त रूप से राज्य सभा सांसद खीरु महतो को मोमेंटो व ओबीसी समाज का पट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया।

## शिव चौधरी ने गीत के माध्यम से लोगों को एकजुट होने की अपील की

भोजपुरी कलाकार शिव कुमार चौधरी ने शेरों शायरी व भोजपुरी गीतों के माध्यम से सम्मेलन में आए लोगों को अपने हक व अधिकार लेने के लिए एकजुट रहने की अपील की।



## सभी राजनैतिक संगठन, राज्य एवं केन्द्र सरकार से पिछड़ा वर्ग (OBC) की प्रमुख मांगे

- जाति आधारित जनगणना करा कर जनसंख्या के अनुपात में पिछड़ा वर्ग (0.8.0) को पुरुष एवं महिलाओ राजनैतिक हिस्सेदारी एवं भागीदारी सुनिश्चित की जाए। सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक रिपोर्ट जारी किया जाए।
- जनसंख्या के हिसाब से सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों में 52 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था हो।
- नगर निकाय एवं पंचायत चुनाव में पिछड़ा वर्ग के (080) के लिए निर्धारित रोस्टर के अनुसार सीटो को राज्य सरकार आरक्षित करें।
- पिछड़ा वर्ग (OBC) शिक्षित बेरोजगार युवाओ को रु10000/- मासिक बेरोजगारी भत्ता कि व्यवस्था की जाए एवं किसानों का न्यूनतम समर्थन मुल्य बढ़ाया जाए।
- पिछड़ा वर्ग (OBC) के छात्र-छात्राओ को सभी शैक्षणिक संस्थानों में नामांकन में आरक्षण के साथ ही नि:शुल्क शिक्षा एवं बुनियादी सुविधा की व्यवस्था कर उन्हे रहने के लिए (OBC) छात्रावास की व्यवस्था की जाए।
- पिछड़ा वर्ग (OBC) के व्यापारियों एवं बेरोजगारों को स्वावलंबी बनाने हेतु बिना ब्याज के 10 लाख रुपये का ऋण उपलब्ध कराया जाए।
- पिछड़ा वर्ग (OBC) का लूटी गई जमीन जायदाद को उन्हे वापस कराया जाए और लूटी जा रही जमीन जायदाद पर रोक लगाते हुए जमीन संबंधित विवादों का निपटारा कर जमीन लुटेरों के खिलाफ सख्त कानून करवाई करते हुए अपराधिक मामला दर्ज किया जाए।
- पिछड़ा वर्ग (OBC) के ऊपर हो रहे अन्याय, अपराधी घटनाएं एवं हत्या से संबंधित मामले में उन्हें त्वरित न्याय दिलाने हेतु फास्ट ट्रैक कोर्ट का स्थापना की जाए साथ ही व्यवसायियों को सुरक्षा प्रदान की जाए।
- पिछड़ा वर्ग (OBC) आयोग का पुनर्गगन कर उसे सशक्त और सक्रिय करते हुए पिछड़ा वर्ग वित निगम की स्थापना कर बेरोजगार युवको -छात्रों को ब्याज मुक स्वरोजगार व शिक्षा हेतु ऋण उपलब्ध कराया जाए।
- पिछड़ा वर्ग (OBC) के व्यवसायीयों द्वारा दिए गये कर (GST/Income Tax) के अपुपात में 50 वर्ष के ऊपर सभी पेंशन की व्यवस्था की जाए।
- लातेहार जिला में जिला स्तरीय नौकरियों में नियोजन शून्य है जिसे झारखंड के अन्य जिलों की तरह OBC समाज को आरक्षण सुनिश्चित की जाए।

खबर एक नजर में

## राजस्थान के गवर्नर से मिले झारखंड के राज्यपाल



रांची। झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन बुधावर को राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र से मिले। झारखंड के राज्यपाल राजस्थान के जयपुर स्थित राज भवन में राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट की।

## हेमंत सोरेन प्रकरण : झामुमो का अनशन आज

रांची। ईडी ऑफिस में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को प्रताड़ित करने और उनके साथ अमानवीय व्यवहार के विरोध में झामुमो 15 जनवरी को सभी जिलों में अनशन करेगा। पार्टी केंद्रीय समिति द्वारा घोषित कार्यक्रम के तहत रांची के मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका के समक्ष एक दिवसीय भूख हड़ताल होगा। रांची जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम ने बताया कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा केन्द्रीय जांच एजेंसी का दुरुपयोग कर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रताड़ित करने का सिलसिला लगातार बढ़ता जा रहा है।

## शहरी आजीविका : दो दिनी कार्यशाला आज से

रांची। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार एवं यूएनडीपी इंडिया की ओर से 15 एवं 16 फरवरी की सुबह 10 बजे से होटल चाणक्य बीएनआर में शहरी आजीविका से संबंधित राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में दीन दयाल अंत्योदय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों/गतिविधियों पर चर्चा की जाएगी। भविष्य की कार्य योजना निर्माण पर मंथन किया जाएगा, ताकि शहरी क्षेत्र में रहने वाली महिलाओं तथा स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जा सके। कार्यक्रम का आयोजन नगर विकास एवं आवास विभाग के नगरीय प्रशासन निदेशालय की ओर से किया गया है।

## बीएड एंट्रेंस के लिए आज से करें आवेदन



रांची। झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (जेसीइसीइबी) ने बीएड एंट्रेंस एग्जाम के लिए आवेदन भरने की तिथि की घोषणा कर दी है। अभ्यर्थी 2024-26 सत्र के लिए 15 फरवरी (गुरुवार) से आवेदन दे सकते हैं। आवेदन भरने की अंतिम तिथि 15 मार्च है। अभ्यर्थी जेसीइसीइबी की आधिकारिक वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क 1000 निर्धारित है। वहीं ओबीसी 1 और 2 के लिए 750 और अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को 500 रुपये आवेदन शुल्क देने होंगे। 13 अप्रैल से एडमिट कार्ड डाउनलोड किया जा सकता है। वहीं 21 अप्रैल परीक्षा की संभावित तिथि है।

## बोकारो में दूसरे दिन भी नक्सलियों संग मुठभेड़



रांची/बोकारो। बोकारो में नक्सलियों और पुलिस के बीच दूसरे दिन भी मुठभेड़ हो गई। जगेश्वर बिहार थाना क्षेत्र के हलवे के डूमरपनिया के पास जंगली इलाके में यह मुठभेड़ हुई। बुधवार सुबह करीब 9.30 बजे पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई। पुलिस और नक्सलियों के बीच एक घंटे तक ताबड़तोड़ फायरिंग में 25 से 30 राउंड गोलियां चली। बीच में रुक-रुक कर फायरिंग होती रही।

**इलाके में बिरसेन दस्ता है सक्रिय** : बोकारो इलाके में जोनल कमांडर वीरसेन का दस्ता सक्रिय है। मंगलवार को बोकारो के नक्सल प्रभावित झुमरा की तलहटी स्थित चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के चियाटांड़ एवं दंदरा के बीच जंगल में पुलिस एवं नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। जंगल में नक्सलियों का जमावड़ा की सूचना पर पहुंचे सुरक्षाबल सर्च अभियान पर निकले थे। चियाटांड़ एवं दंदरा के बीच जंगल में पहुंचने पर नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। दोनों ओर से सैकड़ों राउंड फायरिंग हुई।

## आश्वासन : राहुल गांधी की घोषणा का झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने किया स्वागत

# कांग्रेस सत्ता में आयी तो किसानों को मिलेगा न्याय, राहुल गांधी ने कर दी है घोषणा: राजेश

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। हरियाणा के शंभु बॉर्डर से किसानों ने 13 फरवरी को दिल्ली चलो मार्च शुरू किया। इस खास दिन पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने ऐलान किया कि देश में कांग्रेस की सरकार बनी तो स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार हम एमएसपी की कानूनी गारंटी लागू करेंगे। राहुल के इस फैसले का झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने स्वागत किया है। राजेश ठाकुर ने कहा कि कल दिल्ली बॉर्डर पर किसानों के साथ केंद्र सरकार ने जो किया, उससे अंग्रेजी हुकूमत के काले दिनों की याद पुनः देशवासियों के जहन मे ताजा हो गयी। देश की जनता प्रधानमंत्री मोदी की इस कायराना हरकत को साफ देख रही है।

**कांग्रेस सत्ता में आने पर उसे फौरी लागू करेगी** : राजेश ठाकुर ने कहा कि किसानों के आर्थिक जीवन में बदलाव किसी भी देश की तकदीर बदलने का काम करती है। आज भारत में हजारों किसान फसल का उचित मूल्य नहीं मिलने से आत्महत्या कर रहे हैं लेकिन केंद्र सरकार इस भयावह स्थिति के बारे में जरा भी नहीं सोच रही है। ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से किसानों, गरीबों, मजलूमों के साथ खड़ी रही है। उनके दुख दर्द को समझती है। राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पहले चरण में किसान वर्ग के न्याय के लिए घोषणा की है। समाज के विभिन्न वर्गों के न्याय के लिए भी कांग्रेस न सिर्फ चरणबद्ध घोषणा करेगी, बल्कि कांग्रेस की सत्ता आने के बाद उसे फौरी तौर पर लागू करेगी।

### देश संविधान से चलता है, न कि पूंजीपतियों के इशारे पर



राजेश ठाकुर ने कहा कि देश संविधान से चलता है, न कि सत्ता में बैठे पूंजीपतियों के आका के इशारे पर। केंद्र सरकार की सत्ता में बैठे मठाधीश अपने पूंजीपति मित्रों के इशारे पर देश की रीढ़ किसानों को कुचलने का पूरा प्रयास कर रहे हैं लेकिन कांग्रेस किसानों के हर संघर्ष में उनके साथ पहले भी खड़ी थी और आज भी खड़ी है। कहा कि लंबे समय से देश में संघर्ष कर रहे किसानों को न्याय जरूर मिलेगा। राहुल गांधी ने इसकी घोषणा कर दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस किसानों के संघर्षों का साथी है।

## भारत बंद का पूर्ण समर्थन करेगी झारखंड कांग्रेस : राजेश ठाकुर

रांची। केंद्र सरकार द्वारा किसानों पर किए जा रहे हैं। अन्याय के विरोध में 16 फरवरी को बुलाये गये भारत बंद का कांग्रेस समर्थन करती है। 16 फरवरी के भारत बंद का समर्थन झारखंड में भी कांग्रेस पूर्ण रूप से करेगी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी द्वारा जारी दिशा निर्देश के आलोक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सभी जिला अध्यक्षों, प्रदेश पदाधिकारीयों को निर्देश जारी कर अपने अपने जिलों में भारत बंद का समर्थन करने का निर्देश दिया है। जारी निर्देश में श्री ठाकुर ने कहा कि देश अराजकता के दौर से गुजर रहा है। किसान एमएसपी की कानूनी गारंटी के लिए सड़कों पर हैं। देश का युवा रोजगार के लिए सड़कों पर उतरने को बाध्य है। अग्निवीर योजना से लाखों युवाओं का भविष्य दांव पर लग गया है। आम जनता के हितों के विपरीत नीतियां लागू की जा रही हैं। कानून लाकर कभी ट्रक ऑपरेटरों को तो कभी आम जनता को और छोटे व्यापारियों को परेशान किया जा रहा है। देश की बागडोर संभालने वालों को इसकी कोई चिंता नहीं है। कांग्रेस देश के उन तमाम तबकों के साथ खड़ी है,जो परेशानी के दौर से गुजर रहे हैं।

## किसान व जन विरोधी नीतियों के खिलाफ भारत बंद का सीपीआई करेगी पूर्ण समर्थन

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाकपा राज्य कार्यालय में संयुक्त किसान मोर्चा और ट्रेड यूनियन के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को प्रेस कांफ्रेस का आयोजन किया। इसमें किसान और जन विरोधी नीतियों के खिलाफ आगामी दिनों में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा के विषय में जानकारी दी गई। सीपीआई के वरिष्ठ नेता ने बताया कि 16 फरवरी को तमाम ट्रेड यूनियन और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के संयुक्त तत्वावधान में भारत बंद का आह्वान किया गया है। यह भारत बंद केंद्र सरकार की किसान और जन विरोधी नीतियों के खिलाफ होगा। झारखंड और रांची में भी इसे लेकर तैयारी की गई है। केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों के विरोध में किसानों ने दिल्ली कूच किया तो उन्हें सड़कों पर रोक दिया गया। मोदी सरकार ने किसानों से जो वादा किया है उसे निभाना चाहिए। लगातार जनविरोधी नीतियों को लेकर आ रही है और उसे लागू भी किया जा रहा है। विपक्ष के लोग सड़क पर उतर रहे और बोल रहे तो उन्हें जेल भेजा जा रहा है।

# भाजपा सांसद डॉ निशिकांत दुबे का बड़ा बयान- 2024 में तीन से चार टुकड़ों में बंट जायेगा झामुमो

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा के सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने झारखंड की राजनीति के परिप्रेक्ष्य में बुधवार को बड़ा बयान दिया है। श्री दूबे ने कहा कि मैंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा था कि कुछ विधायक हमारे संपर्क में हैं, झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और कांग्रेस का अस्तित्व मिट जायेगा। कुछ लोगों को ऐसा लग रहा था कि मैंने गलत लिखा है। बाबानगरी देवघर में न्यूज एजेंसी एएनआई से कहा कि मैंने पहले ही झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बारे में कहा था कि उनको जेल जाना होगा।



### 2024 में न झामुमो बचेगा, न कांग्रेस बचेगी

डॉ दुबे ने कहा कि मैंने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट किया था कि कुछ विधायक हमारे संपर्क में हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और कांग्रेस का अस्तित्व मिट जाएगा। कुछ लोगों को ऐसा लग रहा था कि मैंने गलत ट्वीट किया है। मैंने उन सभी लोगों से कहा था कि मेरे इस ट्वीट को आप संभाल कर रखिएगा, क्योंकि 2024 में झारखंड में न तो झामुमो बचेगा, न कांग्रेस बचेगी।

### झामुमो-कांगेस में बिखराव जल्द

भाजपा सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने कहा कि 2024 में झामुमो तीन से चार टुकड़ों में बंट जाएगा। उन्होंने कहा कि बाबा के आशीर्वाद से तीन-चार साल में मैंने कुछ बातें कहीं थीं। सबसे पहले मैंने कहा था कि हेमंत सोरेन परिवार को जेल जाना होगा। हेमंत सोरेन को जेल जाना पड़ा। डॉ दुबे ने कहा कि मैंने जब यह कहा कि झारखंड से कांग्रेस और झामुमो खत्म हो जाएगा, विधायक हमारे संपर्क में हैं। डॉ दुबे ने एक बार फिर कहा कि इंतजार कीजिए। झारखंड में न 2024 में कांग्रेस नजर आएगी, न झामुमो। झामुमो खंड-खंड हो जाएगा।

> खबर मन्त्र को झामुमो महासचिव ने बताया कि उनकी बातों में ध्यान नहीं देना है। समय आने पर पता चलेगा कि कौन खंड-खंड होगा और किसकी सरकार झारखंड में रहेगी।
>
> सुप्रियो भटटाचार्य
> झामुमो महासचिव सह प्रवक्ता

# राज्य के 11 जिलों के जेलों में होगी कक्षपालों की नियुक्ति

झारखंड की इन जेलों में होगी नियुक्ति

- केंद्रीय कारागार हजारीबाग : 52
- मंडल कारा चतरा : 01
- मंडल कारा लातेहार : 02
- उपकारा बरही : 09
- उपकारा रामगढ़ : 01
- मंडल कारा धनबाद : 21
- मंडल कारा चास, बोकारो : 05
- मंडल कारा जामताड़ा : 12
- उपकारा तेनुघाट : 04
- केंद्रीय कारागार जमशेदपुर : 40
- मंडल कारा सिमडेगा : 03

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड के 11 जिलों की जेलों में संविदा के आधार पर कक्षपालों की नियुक्ति होगी। जेल आईजी ने आदेश जारी कर दिया है। आदेश के मुताबिक, 150 भूतपूर्व सैनिकों को एक साल के अनुबंध के आधार पर नियुक्त किया जायेगा। जरूरत के अनुसार इस अनुबंध को बढ़ाया भी जा सकता है।

**20 हजार रुपए मिलेगा वेतन**

अनुबंध पर नियुक्त किये गये भूतपूर्व सैनिकों को हर महीने 20 हजार वेतन मिलेगा। हर साल सेवा अवधि के विस्तार होने पर मानदेय में आठ प्रतिशत की बढ़ोतरी की जायेगी। इन कर्मियों को एक साल में सिर्फ 20 दिन की ही क्षतिपूर्ति अवकाश मिलेगा। ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने पर राज्य के पुलिस कर्मियों को जो राशि मिलती है, वही राशि इन्हें भी दी जायेगी।

# झारखंड में डबल इंजन की ही सरकार बनेगी : आरती सिंह

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। भाजपा महिला मोर्चा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह का बुधवार को पार्टी मुख्यालय में पदभार ग्रहण समारोह किया गया। इस समारोह में मोर्चा की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर ने पदभार ग्रहण समारोह में तलवार और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह को बधाई देते हुए कहा कि महिला मोर्चा आरती सिंह के नेतृत्व में बढ़िया काम करेगी। आगामी होने वाले चुनाव में महिला मोर्चा की अहम भूमिका होगी। आरती सिंह के नेतृत्व में लोकसभा और विधानसभा चुनाव में महिलायें बेहतर काम कर डबल इंजन की सरकार बनायेंगी। मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह ने कहा कि महिला मोर्चा अपना बेहतर प्रदर्शन करेगी। केंद्र तथा राज्य में दोनों जगह भाजपा की सरकार बनेगी। सभी क्षेत्रों में महिलाएं बहुत अच्छा कार्य कर रही हैं। उन्होंने नरेंद्र मोदी को भी धन्यवाद देते हुए कहा कि मोदी के कार्यकाल में महिलाओं का सम्मान बढ़ा है। महिलाएं आज देश के विकास में अपना अहम भूमिका निभा रही है।

पूर्व विदेश मंत्री स्वर्गीय सुषमा स्वराज जी की जयंती भी पार्टी मुख्यालय में मनाई गई। इस समारोह में डॉक्टर सीमा सिंह, मनोज सिंह, आरती राणा, सीमा शर्मा, गंगोत्री कुजूर, डॉक्टर सीमा सिंह, मंजू लता दुबे, रेणुका मुर्मू, सरिता पांडे, रूपा सिंह, रेणु तिर्की रीता शर्मा, नीलम चौधरी, रंजीत सिंह, रमा सिन्हा, सुचित सिंह, बबीता वर्मा, रेखा महतो, अर्चना सिंह, रितु रानी सिंह, अमिता भाटिया, लक्ष्मी कुमारी, रागिनी सिंह, निशी जयसवाल, पूनम आनंद, काजल प्रधान, रीता छेत्री, कुमुद झा, सुरेंद्र महतो तथा सभी जिलों के जिला अध्यक्ष, महामंत्री, जिला परिषद के सदस्य हुये।

## टीएमसी सरकार में बहू-बेटियां मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न की शिकार : आरती सिंह



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। आरती सिंह ने कहा है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के शासन काल में बहू-बेटियों के साथ शारीरिक एवं मानसिक उत्पीड़न चरण सीमा पर पहुंच गई है। इसके विरोध में बुधवार को भाजपा महिला मोर्चा ने विरोध प्रदर्शन किया। इसका नेतृत्व आरती सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल के संदेशखाली क्षेत्र के टीएमसी के जनप्रतिनिधि शेख शाहजहां ने वहां की मासूम बहू-बेटियों को उन्हें लाभार्थी के रूप में लाभ देने के लोभ में बहला फुसलाकर उसे अपने ठिकानों पर ले जाते हैं और उसे कुछ दिन रखकर फिर उनका शारीरिक, मानसिक शोषण कर घर भेज देते हैं। ऐसा कितने दिनों से चल रहा है। बंगाल की ममता बनर्जी सरकार महिला विरोधी सरकार है। बंगाल में लोकतंत्र पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। विरोध प्रर्दशन में आरती राणा, सीमा शर्मा, गंगोत्री कुजूर, डॉक्टर सीमा सिंह, मंजू लता दुबे, रेणुका मुर्मू, सरिता पांडे, रूपा सिंह, रेणु तिर्की, रीता शर्मा, नीलम चौधरी, रंजीत सिंह, रमा सिन्हा, सुचित सिंह, बबीता वर्मा, रेखा महतो आदि उपस्थित थे।

## ग्रामीण विकास विभाग की जांच में सहयोग नहीं करनेवाले अधिकारी पर गिरी गाज, हुआ तबादला

रांची। जांच में अपेक्षित सहयोग नहीं करने के आरोप में चतरा के जिला परियोजना पदाधिकारी डीआरडीए अनुजा राणा का ट्रांसफर कर दिया गया है। उन्हें चतरा से रामगढ़ भेज दिया गया है। ग्रामीण विकास विभाग अलग से कार्रवाई की तैयारी कर रहा है। बताते चलें कि ग्रामीण विकास विभाग द्वारा अनुसमर्थन दल की टीम जब दिसंबर माह में चतरा गयी थी। उस वक्त उनके द्वारा जांच कार्य में अपेक्षित सहयोग नहीं करने का आरोप लगा था। टीम ने ग्रामीण विकास विभाग को अपनी रिपोर्ट भी सौंपी थी। यह भी रिपोर्ट की गयी थी कि जिला, प्रखंड स्तरीय संबंधित पदाधिकारियों विशेष कर जिला परियोजना पदाधिकारी चतरा द्वारा अनुसमर्थन दल को भ्रमण के दौरान अपेक्षित सहयोग नहीं किया गया। दल के द्वारा लंबित योजनाओं की सूची उपलब्ध कराये जाने के बाद उक्त योजना स्थल का भ्रमण नहीं कराया गया और न ही कोई कागजात दिया गया। विभाग ने इसे निदेशों का उल्लंघन माना है। इसके अलावा यह बात भी बात सामने आयी कि दल को उन्हीं जगह का भ्रमण कराया गया, जहां परियोजना पदाधिकारी ले जाना चाहती थी। पूरे मामले में विभाग ने चतरा डीसी को भी पत्र लिखा है और इसे विभागीय निदेशों का उल्लंघन, तानाशाही रवैया इत्यादि माना है। इस मामले में संबंधित अधिकारी से स्पष्टीकरण भी पूछा गया है।

## राज्य के 14 टीओ-एटीओ बदले, सारिका बनायी गयीं रांची की ट्रेजरी अफसर

रांची। निर्वाचन आयोग के आदेश के आोलक में वित्त विभाग ने राज्य के 14 ट्रेजरी अफसर (टीओ) और सहायक ट्रेजरी अफसर (एटीओ) को बदल दिया है। रांची की जिला पेंशन एवं लेखा पदाधिकारी सह एटीओ रहीं सारिका भगत को रांची का नया ट्रेजरी अफसर बनाया है। वहीं, सतीश कुमार सिंह को प्रोजेक्ट भवन से जमशेदपुर, अपर्णा सिंह को चक्रधरपुर से सरायकेला-खरसावां, सुनील कुमार सिंह को रांची से गोड्डा, पूनम कुमारी वर्मा को घाटशिला से चक्रधरपुर, सुशीला समद को पूर्वी सिंहभूम से सिमडेगा, पुष्प लता कुमारी को जमशेदपुर से डोरंडा, पुरुषोत्तम झा को देवघर से प्रोजेक्ट भवन, राकेश कुमार को गढ़वा से देवघर, कृष्णकांत महतो को गोड्डा से एटीओ रांची बनाया गया है। इन्हें जिला पेंशन एवं लेखा पदाधिकारी रांची का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसी तरह प्रशांत मिंज को सिमडेगा से गढ़वा, अनुपम तिग्गा को रांची से घाटशिला, संजय विनीत हीरो को डोरंडा से तेनुघाट और देवेंद्र नाथ पिंगुआ को सरायकेला खरसावां से एटीओ मधुपुर के पद पर पदस्थापित किया गया है। इससे संबंधित आदेश वित्त विभाग की उप सचिव ज्योति झा ने जारी कर दी है।

## गढ़वा में मनरेगा को लेकर हुई जनसुनवाई, मजदूरों ने खोलकर रख दी योजना की पोल

# मनरेगा को मारना चाहती है मोदी सरकार : जयराम रमेश

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि मोदी सरकार मनरेगा को मारना चाहती है। केंद्र सरकार पारदर्शिता के नाम पर मनरेगा में अनावश्यक तकनीकी जटिलता ला रही है। इससे लोगों के काम के अधिकार का हनन हो रहा है। असल में सरकार का मुख्य उद्देश्य मनरेगा को समाप्त करना है। राजस्थान के बाद झारखंड दूसरा राज्य हो सकता है, जहां शहरी रोजगार गारंटी लागू होना चाहिए। जन प्रतिनिधियों का कर्त्तव्य है कि ऐसी जन सुनवाई में भाग लें और जमीनी सच्चाई को नजर रखते हुए नीतियों को लोकतांत्रिक तरीके से पारित करें। जयराम रमेश बुधवार को नरेगा संघर्ष मोर्चा एवं झारखंड नरेगा वॉच द्वारा गढ़वा के रंका हाईस्कूल मैदान में राष्ट्रीय जन सुनवाई में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, रामेश्वर उरांव, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, सुबोध कुमार, स्थानीय नेता बैजेंद्र कुमार चौधरी, राजद जिला अध्यक्ष सूरज कुमार सिंह, विधायक अनूप सिंह, निखिल डे, अरुणा राय, अनंत प्रताप सिंह उर्फ छोटे राजा उपस्थित थे।

कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने कहा कि इस देश को मजदूरों ने बनाया है। गारंटी शब्द देश के श्रमिक आंदोलन से निकला हुआ है। अगर मौजूदा केंद्र सरकार पूंजीपतियों के 14 लाख करोड़ का कर्ज माफ कर सकती है, तो उसे मनरेगा मजदूरों का काम और मजदूरी की गारंटी सुनिश्चित करनी ही होगी। अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज ने नरेगा मजदूरों द्वारा बनाये गए तालाब से एक मछली दिखाते हुए जयराम रमेश से कहा कि मनरेगा ऐसा निवेश है, जो ग्रामीण, गरीबों के बीच समृद्धि लेकर आया। मनरेगा संघर्ष मोर्चा और झारखंड मनरेगा वॉच की तरफ से बलराम और जेम्स हेरेंज ने मांग पत्र सामने रखा। मांग पत्र में परिवार के हर सदस्य को 100 दिन के काम की गारंटी, मनरेगा की मजदूरी दर 800 रुपया किए जाने, केंद्र सरकार पर दबाव डालकर मनरेगा कानून के अनुसार 15 दिन के भीतर मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित किए जाने सहित अन्य बिंदु शामिल हैं।

### मजदूरों ने रखी अपनी बात

अलग-अलग राज्यों से आये हुए 20 से अधिक मजदूरों ने अपने इलाकों में नरेगा से संबंधित समस्याओं और चुनौतियों को जनता के समक्ष रखा। लातेहार से मजदूर महावीर परहैया ने बताया कि पिछले दो साल से उनके गांव में नियमित रूप से नरेगा में काम नहीं मिल रहा है और काम का भुगतान भी समय पर नहीं हुआ। बिहार के कटिहार की फूल कुमारी का कहना है कि उनके यहां अगर 76 लोग काम की मांग करते हैं तो मुश्किल से 7 लोगों को काम मिलता है। छत्तीसगढ़ से भोलू पंडो और सेवक लकड़ा का कहना है कि नरेगा आने से उनके जीवन में क्रांतिकारी बदलाव आये, लेकिन पिछले 10 सालों से लगातार बजट की कटौती और मोबाइल हाजिरी की वजह से नरेगा में काम करना बहुत मुश्किल होता जा रहा है।

# झामुमो का इतिहास झारखंड के साथ अन्याय का : रमाकांत महतो

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो ने झामुमो की न्याय यात्रा पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि झामुमो का इतिहास और वर्तमान दोनों झारखंड और झारखंड वासियों के साथ अन्याय से भरा पड़ा है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले झामुमो ने झारखंड की जन भावनाओं के साथ खिलवाड़ करते हुए अलग राज्य आंदोलन के साथ अन्याय किया। आंदोलन की बोली लगाई और कांग्रेस के हाथों बेच दिया। यदि इनके मन में झारखंड को न्याय दिलाने की बात होती तो आंदोलन के साथ खिड़वाड़ नहीं करते। उन्होंने कहा कि सत्ता में आते ही झामुमो ने राज्य के जल, जंगल, जमीन के साथ अन्याय किया। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जल, जंगल और जमीन को लूटने और लुटवाने में लग गई। हेमंत सोरेन और उनके परिवार के लोगों ने नाम बदल-बदलकर गरीबों की जमीन लुटी। हेमंत सोरेन ने अपने नाम पर माइंस की लीज ले ली। परिजनों के नाम पर आदिवासियों के लिए आरक्षित औद्योगिक भूमि को आबंटित करा दिया। अपने प्रतिनिधि और सहयोगियों को बालू, पत्थर लूटने की छूट दे दी।

हेमंत सोरेन ने सेना की जमीन को भी नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने राज्य के युवा, बेरोजगार, महिला, किसान, आदिवासी, दलित, पिछड़े सभी के साथ केवल अन्याय किया। प्रति वर्ष 5 लाख नौकरी नहीं तो बेरोजगारी भत्ता के लिए राज्य के सात लाख बेरोजगार युवा तरस रहे हैं।लाठी डंडा खाकर आंदोलन करने को विवश हैं। जेपीएससी और जेएसएससी की परीक्षाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। राज्य में हजारों बहन बेटियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं हो रहीं हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की ऋण माफी तो दूर धान खरीद के पैसे भी नहीं मिल रहे हैं। किसान पिछले चार वर्षों में कम कीमत में बिचौलियों को धान बेचने को विवश हुये।

सुप्रभात

रांची, गुरुवार

15.02.2024

* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net माघ, शुक्ल पक्ष, षष्ठी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 213




12 बाबा महाकाल का मां सरस्वती के रूप में शृंगार

## न्यूज डायरी

### आज पूर्व सीएम हेमंत को कोर्ट में पेश करेगी इडी

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की रिमांड अवधि समाप्त होने पर 15 फरवरी को ईडी के विशेष अदालत में पेश करेगी। उन्हें ईडी ने जमीन घोटाला मामले में 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। तीन बार रिमांड पर कुल 13 दिनों तक पूछताछ हो चुकी है।

### बोकारो में दूसरे दिन फिर पुलिस-नक्सली मुठभेड़

**बोकारो।** जिले में बुधवार को भी पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। एसपी प्रियदर्शी आलोक ने बताया कि यह मुठभेड़ जागेश्वर विहार थाना क्षेत्र में तिलैया पंचायत के हलवे जंगल हुई है।

### गढ़वा में ज्वेलरी दुकान से डेढ़ करोड़ की लूट

**गढ़वा।** जिले में हथियार के बल पर अपराधियों ने ज्वेलरी दुकान से करीब डेढ़ करोड़ रुपये लूट लिये। लूट के बाद अपराधियों ने हवाई फायरिंग कर सीसीटीवी कैमरे को भी नुकसान पहुंचाया है। पुलिस लुटेरों की तलाश में जुटी है। घटना के बाद एसआईटी गठित कर पुलिस छापेमारी शुरू कर दी है।

### गोला थाना के एसआइ रिश्वत लेते गिरफ्तार

**रामगढ़।** गोला थाना में कार्यरत एसआई मनीष कुमार को बुधवार को एसीबी की टीम ने 15000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद एसीबी उन्हें अपने साथ हजारीबाग ले गयी। कुम्हरदगा के सहदेव कुमार ने शिकायत की थी।

### राज्यसभा के लिए सोनिया गांधी ने किया नामांकन

**जयपुर।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बुधवार को राजस्थान से राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ राहुल और प्रियंका गांधी समेत प्रदेश के कई बड़े नेता मौजूद रहे। राजस्थान में तीन सीटों पर राज्यसभा चुनाव होने हैं।

### अजय माकन समेत छह को राज्यसभा का टिकट

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन और वरिष्ठ नेता रेणुका चौधरी सहित छह लोगों को राज्यसभा उम्मीदवार बनाया है।

### नड्डा गुजरात, चव्हाण महाराष्ट्र से उम्मीदवार

**नयी दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा गुजरात से राज्य सभा के सदस्य बनेंगे जबकि मंगलवार को कांग्रेस से भाजपा में शामिल होने वाले महाराष्ट्र के पूर्व सीएम अशोक चव्हाण महाराष्ट्र से उम्मीदवार हैं।

### शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला जारी

**मुंबई।** विश्व बाजार के सकारात्मक रुझान से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर तेल एवं गैस, ऊर्जा, यूटिलिटीज, धातु और पावर समेत सत्रह समूहों के 3.61 प्रतिशत तक चढ़ने से आज शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला जारी रहा।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## अबू धाबी में पहले हिंदू मंदिर का मोदी ने किया उद्घाटन, मंदिर की वास्तुकला और भव्यता की पूरी दुनिया कायल

# मंदिर मानवता की साझी विरासत का प्रतीक : पीएम

- ये भारत और अरब के लोगों के आपसी प्रेम का भी प्रतीक
- इसमें भारत और यूएइ के रिश्तों का एक आध्यात्मिक प्रतिबिंब

**एजेंसी**

**अबू धाबी (यूएई)।** पीएम मोदी अबू धाबी में बने पहले और भव्य पुरूषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) हिंदू मंदिर का उद्घाटन किया। इसी के साथ ही 10 फरवरी को मंदिर में शुरू हुए 'सद्भावना महोत्सव' का समापन हो हो गया। इससे पहले मंदिर में मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा हुई। यह मंदिर सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व का केंद्र बिंदु बन गया है, जो विभिन्न कोनों से भक्तों को आकर्षित करता है। पीएम मोदी ने कहा कि अबु धाबी का ये विशाल मंदिर केवल एक उपासना स्थली नहीं है। ये मानवता की साझी विरासत का प्रतीक है। ये भारत और अरब के लोगों के आपसी प्रेम का भी प्रतीक है। इसमें भारत और वअए के रिश्तों का एक आध्यात्मिक प्रतिबिंब है। मंदिर के उद्घाटन समारोह में भारतीय समुदाय के लोगों ने उत्साह से भाग लिया। वे परंपरागत परिधानों में शामिल हुए, परंपरागत महाराष्ट्रीय साड़ी पहने मोक्षा रांगणेकर ने मंदिर में नृत्य करते हुए प्रवेश किया। इस मंदिर की वास्तुकला और भव्यता देख दुनिया कायल है।

(शेष पेज 11 पर)



### सात शिखर में यूएइ के सात अमीरात का प्रतिनिधित्व

एजेंसी के अनुसार बीएपीएस के अंतरराष्ट्रीय संबंधों के प्रमुख स्वामी ब्रह्मविहरिदास ने बताया कि सात शिखरों पर भगवान राम, भगवान शिव, भगवान जगन्नाथ, भगवान कृष्ण, भगवान स्वामीनारायण, तिरुपति बालाजी और भगवान अयप्पा की मूर्तियां हैं। सात शिखर यूएइ के सात अमीरात का प्रतिनिधित्व करते हैं। सात शिखर सात अहम देवताओं को समर्पित हैं। ये शिखर संस्कृतियों और धर्मों के परस्पर संबंध को रेखांकित करते हैं। आम तौर पर हमारे मंदिरों में या तो एक शिखर होता है या तीन या पांच शिखर होते हैं, लेकिन यहां सात शिखर सात अमीरात की एकता के प्रति हमारा आभार व्यक्त करते हैं। इन शिखरों का उद्देश्य बहुसांस्कृतिक परिदृश्य में एकता और सद्भाव को बढ़ावा देना है। कुल 108 फुट ऊंचा यह मंदिर क्षेत्र में विविध समुदायों के सांस्कृतिक एकीकरण का मार्ग प्रशस्त करेगा।

### कई देशों की सभ्यता को भी मिली जगह



मंदिर में रामायण और महाभारत सहित भारत की 15 कहानियों के अलावा माया (मैक्सिको की महत्वपूर्ण सभ्यता), एज्टेक (मध्य अमेरिकी सभ्यता), मिस्र, अरबी, यूरोपीय, चीनी और अफ्रीकी सभ्यताओं की कहानियों को भी दर्शाया गया है। मंदिर की बाहरी दीवारों को भारत के बलुआ पत्थर का इस्तेमाल करके बनाया गया, जबकि आंतरिक दीवारें सफेद इतालवी संगमरमर से बनायी गयी है।

# किसान नेताओं से केंद्र की आज तीसरे दौर की वार्ता

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली/ चंडीगढ़।** अंबाला के शंभू बॉर्डर और जींद के दाता सिंह वाला बॉर्डर पर किसान दिल्ली आने के लिए डटे हुए हैं। पुलिस उन्हें रोकने की तमाम कोशिशें कर रही है। दूसरी तरफ सरकार बीच का रास्ता निकालने की कोशिशों में जुटी हुई है। दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के घर पर केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा के साथ बैठक हुई और किसानों से फिर बातचीत की पेशकश की। यह बातचीत गुरुवार को शाम 5 बजे चंडीगढ़ के सेक्टर 26 में बातचीत होगी।

**आज चंडीगढ़ में बैठक :** किसानों के मुद्दे को लेकर दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के घर पर बैठक किसानों की मांगों को लेकर सरकार कोई बीच का रास्ता निकालने पर चर्चा हुई। पहले सरकार की ओर से किसानों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की खबरें आ रही थी, लेकिन राजपुरा में किसान नेताओं की पंजाब के अधिकारियों के साथ बैठक हुई और किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने पत्रकारों पर हमले की निंदा की और माफी मांगी। साथ ही उन्होंने बताया कि बातचीत के लिए केंद्र सरकार से खत आ गया है और 15 फरवरी को शाम 5 बजे चंडीगढ़ के सेक्टर 26 में सरकार से बातचीत की जायेगी।

(शेष पेज 11 पर)

- संगठनों को जनहित का ख्याल रखना चाहिए : कृषि मंत्री
- दिल्ली कूच की तैयारी हालात तनावपूर्ण

### लोगों की परेशानी समझें संगठन : अर्जुन मुंडा



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने किसान संगठनों के लिए बातचीत के आमंत्रण दोहराते हुए कहा है कि आम आदमी की परेशानियों को समझा जाना चाहिए। श्री मुंडा ने बुधवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि किसान संगठनों को आम आदमी की परेशानियों को समझना चाहिए। आम आदमी की कठिनाई से किसी को लाभ मिलेगा।

## प्रश्न पत्र लीक मामले में एसआइटी को मिले कई अहम सबूत

# बिहार में रची गयी थी साजिश, चार और गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले में रांची पुलिस के द्वारा गठित एसआईटी की जांच जारी है। जांच में खुलासा हुआ है कि इस पेपर लीक मामले की साजिश पटना में रची गयी थी। इस मामले में बुधवार को रांची पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अन्य चार लोगों को भी गिरफ्तार कर लिया है। रांची की एक युवती की तलाश जारी जारी है। रांची पुलिस की एसआटी ने झारखंड विधानसभा के अवर सचिव मोहम्मद शमीम और उसके दो बेटों को गिरफ्तार किया था। वहीं एसआइटी को अपनी जांच में अबतक कई सबूत मिल चुके हैं।

पटना में बैठकर बना था प्लान

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रश्न पत्र लीक करने में बिहार का एक बड़ा गिरोह शामिल है। यह गिरोह अक्सर प्रश्न पत्र लीक कर कई प्रतियोगी परीक्षाओं को प्रभावित करता रहा है। जानकारी के अनुसार मामले की जांच कर रही एसआइटी प्रश्न पत्र लीक मामले में बिहार कनेक्शन के बिल्कुल करीब पहुंच चुकी है। प्रश्न पत्र लीक मामले में बिहार के कई सरकारी अधिकारी के शामिल होने की आशंका जतायी जा रही है। रांची पुलिस की दो टीमें अभी भी पटना में जमी हुई है।

### जेएसएससी सीजीएल परीक्षा रांची की एक युवती की तलाश जारी



#### अवर सचिव के वाट्सएप में मिले कई चैट

एसआईटी ने गिरफ्तार अवर सचिव मो शमीम और उनके दोनों पुत्रों के जब्त मोबाइल का कॉल डिटेल निकाल लिया है। मोबाइल की जांच में एसआईटी को यह जानकारी मिली कि अवर सचिव ने रांची की एक युवती समेत कई अभ्यर्थियों से संपर्क किया था। अवर सचिव की व्हाट्सएप चैट के माध्यम से युवती से बातचीत हुई थी, जिसमें यह कहा गया था कि प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए उसे पटना जाना पड़ेगा। लेकिन चार फरवरी को होने वाली परीक्षा रद्द होने की वजह से युवती पटना नहीं जा पाई। मोबाइल की जांच में कई नंबर भी एसआईटी को मिले हैं, जिसकी टीम जांच कर रही है।

**कई सबूत जुटाये :** इस मामले की जांच के दौरान एसआइटी को कई सबूत मिले हैं। जांच में पता चला है कि झारखंड विधानसभा के अवर सचिव मो शमीम ने एक अभ्यर्थी पवन कुमार को 25 जनवरी की रात पटना भेजा था। अवर सचिव ने उसे एक मोबाइल नंबर उपलब्ध कराया था। कहा गया था कि पटना स्टेशन पहुंचकर वह उस मोबाइल नंबर पर बात करे। 26 जनवरी की सुबह पवन पटना स्टेशन पहुंचा और उपलब्ध कराए गए मोबाइल नंबर से संपर्क किया। बात होने के बाद मोबाइल नंबर वाला व्यक्ति स्टेशन पहुंचा और पवन को अपने साथ एक गुप्त स्थान पर ले गया। जहां पर पहले से तीन-चार लोग मौजूद थे। उपस्थित लोगों ने पवन को प्रश्न पत्र दिया और उसकी तैयारी भी करायी। दिनभर और रातभर तैयारी कराने के बाद 27 की सुबह उसे पटना से रवाना कर दिया। वहां से पवन सीधे धनबाद स्थित सेंटर में पहुंचा और परीक्षा में शामिल हुआ। अभ्यर्थी पवन ने अवर सचिव को दो ब्लैंक चेक भी दिया था।

# कार्मिक के पूर्व सचिव की पेंशन से कटेगी राशि

- मथियस टोप्पो को बचाने के चक्कर में फंसे अधिकारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची के तत्कालीन एसएआर पदाधिकारी मथियस टोप्पो को बचाने के चक्कर में कार्मिक विभाग से सेवानिवृत संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारी सूर्य प्रकाश फंस गये हैं। विभाग ने उन पर कार्रवाई करते हुए उनकी पेंशन से पांच प्रतिशत राशि अगले दो सालों तक काटने का आदेश दिया है। बताते चलें कि सूर्य प्रकाश की कार्यावधि में मथियस टोप्पो तत्कालीन एसएआरए पदाधिकारी रांची के विरुद्ध सीएनटी एक्ट की धारा 71ए का दुरुपययोग करने संबंधी आरोप पर 2016 में कार्रवाई की गयी थी। इसके बाद मामले को झारखंड हाइकोर्ट ले जाया गया। कोर्ट ने एक माह के अंदर ही विभागीय कार्यवाही समाप्त करने का आदेश दिया था। इस दौरान अगर कार्रवाई नहीं होने पर निलंबन भी वापस होने की बात थी। पूरे मामले में यह बात सामने आयी कि सूर्य प्रकाश ने इससे संबंधित संचिका कार्मिक सचिव के समक्ष समय रहते नहीं रखी और मथियस टोप्पो को भी कई बार द्वित्तीय कारण पृच्छा पूछ कर अतिरिक्त समय दिया गया। ऐसे में एक माह में कार्रवाई पूरी नहीं हो सकी, इसका फायदा मतियस टोप्पो ने उठाया और सरकार के आदेश पर स्थगन आदेश पारित करवा दिया। पूरे मामले को कार्मिक विभाग ने गंभीरता से लिया और विभागीय कार्यवाही चलायी। इस दौरान सूर्यप्रकाश रिटायर हो गये। ऐसे में पेंशन नियमावली के तहत उन्हें दंडित किया गया है।

## सस्टेनेबल ट्रांजिशन कांफ्रेंस में देश-विदेश से पहुंचे प्रतिनिधि

# झारखंड के प्रयासों को मिली वैश्विक पहचान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** इंटरनेशनल कांफ्रेंस सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन फॉर फ्यूचर रेडी झारखंड के पहले दिन जस्ट ट्रांजिशन से संबंधित वैश्विक परिपेक्ष्य और बेस्ट प्रैक्टिसेज पर विमर्श के दौरान इसकी प्रासंगिकता को क्रियान्वित करने पर बल दिया गया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन टास्क फोर्स सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन (सीड) यूनाइटेड नेशंस डेवलपमेंट प्रोग्राम (यूएनडीपी) के सहयोग से हुआ।

कांफ्रेंस के दौरान टास्क फोर्स के आधिकारिक वेबसाइट का शुभारंभ भी हुआ। कांफ्रेंस में जापान, अमेरिका, जर्मनी, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, इंडोनेशिया समेत विश्व के तीस देशों की प्रसिद्ध संस्थाओं, इंडस्ट्री लीडर्स, एनर्जी एवं सस्टेनेबिलिटी एक्सपर्ट्स और सिविल सोसाइटी ने ट्रांजिशन से जुड़े नीतिगत पहलों एवं कदमों अपने अनुभव एवं विचार प्रस्तुत किये। यह पहल झारखंड के भावी कदमों को चिह्नित करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। इससे एनर्जी ट्रांजिशन, डीकार्बनाइजेशन, लाइवलीहुड, ग्रीन हाइड्रोजन, इन्वेस्टमेंट एवं फाइनेंस आदि प्राथमिकता क्षेत्रों से सम्बंधित रोडमैप को सुसंगत बनाने में मदद मिलेगी। कांफ्रेंस में एके रस्तोगी, अध्यक्षए टास्क फोर्स सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन, झारखंड सरकार, मनोज सिंह, संदीप नायक, एस सुरेश कुमार, डॉ संजय श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, डॉ डीके सक्सेना, आशीष तिवारी, एस राकेश कुमार, इसाबेल त्सचान ने सत्रों को संबोधित किया। एके रस्तोगी ने बताया कि यह भारत में अपनी तरह का पहला वैश्विक परिदृश्य का कार्यक्रम है, जो जस्ट ट्रांजिशन की सफल रणनीतियों एवं प्रभावी कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा पेश करता है।

(शेष पेज 11 पर)



दीप जला कर कार्यक्रम की शुरुआत करते मुख्य सचिव व अन्य।

### झारखंड सरकार प्रतिबद्ध : सीएस

इस कार्यक्रम में मुख्य सचिव एल खियांग्ते ने कहा कि राज्य सरकार प्रतिबद्ध है कि सस्टेनेबल ट्रांजिशन की इस प्रक्रिया में कोई भी पीछे नहीं छूटे। इसलिए इसे समावेशी एवं सहभागी बनाया गया है। इसी क्रम में राज्य में बेहतर नीति-निर्धारण को दिशा देने के लिहाज से दुनिया के बेस्ट प्रैक्टिसेज पर चर्चा के लिए आज का दिन विशेष है। कार्बन-न्यूट्रल और जलवायु अनुकूल अर्थव्यवस्था की दिशा में बेहतर परिणाम के लिए राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रयासों में कन्वर्जेंस एप्रोच एवं व्यापक विजन बेहद महत्वपूर्ण है।

### बुनियादी ढांचा मजबूत बनाने को लेकर सरकार प्रतिबद्ध : चंपई

**सरायकेला।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि राज्य के बुनियादी ढांचा को मजबूत करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अपने चार वर्षों के कार्यकाल में विकास और जनकल्याण के लिए जो नीतियां और योजनाएं बनायी, उसे और प्रभावी एवं बेहतर ढंग से धरातल पर उतारने का काम करेंगे। मुख्यमंत्री ने ये बातें बुधवार को सरायकेला-खरसावां के गम्हरिया प्रखंड स्थित अपने पैत्रिक गांव जिलिंगगोड़ा में मीडिया को संबोधित करते हुए कही। यहां उनका भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि झारखंड को अगर आगे ले जाना है तो यहां की सामाजिक-आर्थिक-शैक्षणिक और स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करना होगा। सीएम ने कहा कि राजधानी रांची को जाम से निजात दिलाने के फ्लाईओवर निर्माण का कार्य तीव्र गति से हो रहा है।

# बाबा पर तिलकहरूओं ने दहेज में चढ़ाया भांग-धतूरा

## बाबाधाम, बासुकीनाथ में बसंत पंचमी पर उमड़े मिथिला के भक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**देवघर, दुमका।** बसंत पंचमी के अवसर पर बाबा बैद्यनाथधाम और बाबा वासुकीनाथ में भोलेनाथ का तिलकोत्सव मनाया जा रहा है। बसंत पंचमी के मौके पर बुधवार को बाबा धाम में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर बधाई दी। बसंत पंचमी के दिन विश्व दोनों मंदिरों में बाबा का तिलकोत्सव मनाया जाता है, जो दो दिनों तक चलता है। परंपरा है कि शिवरात्रि के मौके पर भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह होता है, इससे पहले बसंत पंचमी के दिन मिथिलांचल से आये श्रद्धालु बाबा पर तिलक चढ़ाते हैं और फिर यहां से वापस लौट जाते हैं। वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार मिथिलांचल से बड़ी संख्या में आये तिलकहरू बाबाधाम और बासुकीनाथ धाम पहुंच कर बाबा का तिलक किया। भक्त भोलेनाथ के साथ-साथ मां सरस्वती की भी पूजा करते हैं।

(शेष पेज 11 पर)



### दोनों जगह सावन सा नजारा

भोलेनाथ को दहेज में ये भांग, धतूरा, भस्म, सिंदूर आदि चढ़ाते हैं। इस दौरान इनकी वेश-भूषा सावन महीने की तरह भगवा रंग की होती है। वसंत माह में इनके देवघर आने से सावन सा नजारा देखने को मिलता है और एक उत्साहपूर्ण वातावरण दिखाई देता है। ये जब आते हैं बिहार से तो देवघर के लोग सतर्क हो जाते हैं, क्योंकि, वे अपने घर से दहेज सामान के अलावा कुछ नहीं लाते। खाने-पीने, रहने, बर्तन, जलावन की लकड़ी आदि सब ये यहीं से जुगाड़ करते हैं। ये किसी से मांगते नहीं, उठा लेते हैं। क्योंकि, ये सोचते हैं कि वे अपने बहनोई (जीजा) के घर आये हैं। बहनोई का ही सारा सामान, पेड़-पौधे, सड़क, पानी आदि हैं। इसलिए उन्हें उन सामानों के उपयोग के लिए किसी व्यक्ति से इजाजत लेने की क्या जरूरत, जिसका जो सामान हाथ लगा, उठा लिये।

# देश के विकास में आदिवासी महिलाओं की बड़ी भूमिका : मुर्मू

**एजेंसी**

**डूंगरपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भारत तभी आत्मनिर्भर बनेगा जब देश की हर महिला विकास में भागीदारी निभायेगी। विकसित भारत के निर्माण में आदिवासी समाज की महिलाओं की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। संविधान में आदिवासी समाज को विशेष अधिकार मिले हैं। आदिवासी समाज पर्यावरण को बिना नुकसान पहुंचाये बिना कम से कम साधनों से कैसे जीवन स्तर को आगे ले जाना है, ये बेहतर जानता है। उन्होंने कहा कि आदिवासी महिलाएं भी आधुनिकता की दौड़ में बदलाव के जरिये आगे बढ़ रहीं हैं, ये बहुत ही अच्छा प्रयास है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को राजस्थान दौरे पर डूंगरपुर के बेणेश्वर धाम पहुंचीं। यहां उन्होंने लखपति दीदी सम्मेलन में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि वन धन योजना से आदिवासी समाज का आर्थिक विकास भी हो रहा है। सरकार आदिवासी क्षेत्रों के विकास को लेकर तेजी से काम कर रही है। इस दौरान उन्होंने राजीविका मिशन के तहत महिलाओं को 250 करोड़ रुपए के ऋण का वितरण किया। उन्होंने श्रीराधा कृष्ण मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की।

## स्पीड न्यूज

### हर्षोल्लास के साथ मनी सरस्वती पूजा

**मेदिनीनगर।** जिले में हर्षोल्लास के साथ सरस्वती पूजा मनाई गई। बारिश के बावजूद भी आस्था, पूजा व उत्साह में कमी नहीं आया। ज्ञान की देवी मां शारदे की वंदना में जिलेवासी लीन देखे गये। शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में पूजा को लेकर लोगों में उत्साह देखा गया। शिक्षण संस्थानों, विभिन्न चौराहों, गलियों व मुहल्लों में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गयी। सजावट व धार्मिक गीतों वर दे वीणावादिनी, मां शारदे भवानी तू कहां बीणा बजा रही है जैसे गीत से वातावरण भक्तिमय हो गया। सरस्वती पूजा को लेकर छोटे बच्चों से लेकर युवाओं व बुर्जुगों में त्साह दिख रहा है।

### न्यू मॉडल स्कूल में पूजी गयीं मां शारदा



**मेदिनीनगर।** शहर के 2 नंबर टाउन स्थित न्यू मॉडल पब्लिक स्कूल में सरस्वती पूजा का भव्य आयोजन किया गया। मां सरस्वती की पूजा के साथ बसंत पंचमी की शुरुआत हो गयी। बताते चलें कि पूजा लगातार 32 वर्षों से विद्यालय में होती आ रही है। मौके पर विद्यालय में मां शारदे की धुन एवं गानों पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। विद्यालय के निर्देशक रवि कुमार निराला ने बच्चों को बताया कि मां सरस्वती ज्ञान और विद्या की देवी हैं और वर्ष में एक बार विद्यार्थियों के लिए यह शुभ अवसर आता है। मां मूल प्रकृति से उत्पन्न सतोगुण महाशक्ति, ज्ञान और चेतना का प्रतिनिधित्व करती हैं एवं प्रमुख त्रिदेवियो में से एक हैं, इस कारण यह प्रकृति पूजन का भी पर्व है। रवि निराला ने शहर के गरीब बच्चों को भी बुलाकर प्रसाद दिया। मौके पर प्राचार्या स्वाति कुमारी, एडमिन –मिली कुमारी, नीलम कुमारी, सुशील कुमार, अविनाश कुमार, पूजा कुमारी, लवली कुमारी, रीमा कुमारी, अमित कुमार, ओम प्रकाश कुमार यादव, निमिता कुमारी, कल्पना कुमारी, गायत्री कुमारी आदि सभी शिक्षकगण मौजूद थे।

### रजवाडीह मवि में मना सरस्वती पूजा महोत्सव



**मेदिनीनगर।** प्रखंड के रजवाडीह मध्य विद्यालय में सरस्वती पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। विद्यालय के बच्चों व शिक्षक–शिक्षिकाओं ने विद्या की अधिष्ठात्री मां सरस्वती की पूजा–अर्चना की। पूजा के उपरांत प्रसाद बांटा गया। इसके लिए शिक्षिका निशा, प्रियंका कुमारी, पूनम रानी व विजय कुमार ठाकुर व बाल संसद के सदस्यों ने प्रधानाध्यापक के साथ मिलकर आयोजन को सफलीभूत किया। मौके पर प्राचार्य परशुराम तिवारी ने कहा कि सरस्वती पूजा के माध्यम से विद्यार्थी स्वच्छता, एकाग्रता, पवित्रता, अनुशासन, प्रबंधन के गुणों को सानंद आत्मसात करते हैं। इसमें बच्चों की रूचि व लगन देखते ही बनती है। उन्होंने अनुरोध किया कि पूजा के नाम पर किसी को कतई परेशान न किया जाय तथा अभद्र गीत न बजाया जायें।

### विश्रामपुर नगर व आंचलिक क्षेत्र में धूमधाम से मनायी गयी सरस्वती पूजा



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर नगर परिषद और आंचलिक क्षेत्र में सरस्वती पूजा महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। क्षेत्र के लगभग सभी शैक्षणिक संस्थानों में विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर विशेष पूजा अर्चना किया गया। ज्ञान दीप पब्लिक स्कूल रेहला पूजा पंडाल में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर विधि विधान के साथ पूजा की गयी। इधर, विश्रामपुर रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय, विश्रामपुर मॉडर्न संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल, संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल, रेड रोज पब्लिक स्कूल व आरापुर विवेकानंद पब्लिक स्कूल में भी सरस्वती पूजा की धूम रही। यहां भी पूजा पंडाल में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर वैदिक मंत्रों चरणों के बीच पूजा अर्चना हुई। मौके पर कई शैक्षणिक संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया गया।

### भारी बारिश के बाद भी सभी शैक्षणिक संस्थानों में हुई मां शारदे की पूजा




**हुसैनाबाद पलामू।** 24 घंटा से हो रही बारिश और ओलावृष्टि के बाद भी अनुमंडल के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के सभी शैक्षणिक संस्थानों और सार्वजनिक पूजा पंडालों में लोगों विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना की। शहर में कई क्लब में भव्य पूजा पंडाल बनाया गया गांधी चौक के समीप अखंड ज्योति नवयुवक संघ के द्वार केदारनाथ मंदिर का प्रारूप दिया गया हैं वहीं महावीर मंदिर, हरिहर चौक, स्टेशन पर, मधुशाला रोड, कुर्मी टोला पटेल भवन,चार धाम नहर मोड़ समेत कई स्थानों पर भव्य व आकर्षक पंडाल बनाया गया है। हालांकि लगातार मूसलाधार बारिश और बेमौसम ओलावृष्टि से थोड़ी व्यवस्था में कठिनाई उत्पन्न हुई। लेकिन अंत में बच्चों धूमधाम से मां शारदे की पूजा अर्चना की। वहीं दूसरी तरफ शहर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, समता स्कूल, अमन चैन मुहल्ला व सेस स्कूल नदी पर श्री मां बाल विकास विद्यालय ऊपरी समेत सभी शैक्षणिक संस्थानों में लोगो ने पूरी भक्ति भाव से पूजा अर्चना की, स्कूली बच्चों मां शारदे कहा तू बिना बजा रही हैं...। आदि प्रार्थना से पूरा शहर भक्तिमय हो गया। मौके पर समता स्कूल केअध्यक्ष विनोद चौधरी, सचिव संतोष मिश्रा, किरण देवी, अंजली सिंह, सुधांशु सिंह, विनोद सिंह, अनुज सिंह, ओम प्रकाश सिंह, राहुल चौहान, बेबी शेख, विकास कुमार, दशरथ कुमार, कार्तिक कुमार, सलोनी कुमारी, शिल्पा कुमारी, रेशमा आदि थे।

---

पलामू पुलिस ने की शांति-सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में सरस्वती पूजा मनाने की अपील

# किसी भी परिस्थिति में भड़काऊ फोटो वीडियो व मैसेज शेयर नहीं करें : एसपी रीष्मा रमेसन

- कहीं से भ्रामक खबर, भड़काऊ फोटो या वीडियो आये तो तत्काल पुलिस के कंट्रोल रूम में उसे दे दें

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू के पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने पलामू वासियों से सरस्वती पूजा को आपसी भाईचारे के साथ मनाने के साथ ही सामाजिक, सांप्रदायिक सौहार्द्र के साथ शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की है। एसपी ने किसी भी तरह के आपत्तिजनक पोस्ट, फोटो, वीडियो या भ्रामक खबर जिससे समाज में वैमनस्यता बढ़ जाये वैसा मैसेज सोशल मीडिया में शेयर नहीं करने को कहा है। उन्होंने कहा है कि यदि किसी के पास कहीं से भ्रामक खबर, भड़काऊ फोटो या वीडियो आये तो तत्काल पुलिस के कंट्रोल रूम में दें। किसी भी परिस्थिति में उसे शेयर नहीं करें। यदि किसी के द्वारा भड़काऊ मैसेज, वीडियो या फोटो शेयर करने की जानकारी पुलिस को साक्ष्यों के साथ मिल जायेगी तो शेयर करने वाले एवं ग्रुप के एडमिन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। इस मामले में किसी को बख्शा नहीं जायेगा। एसपी रीष्मा रमेसन ने लोगों से अपील की है कि आपके पास जो भी सूचना, फोटो या वीडियो आये तो उसकी जांच सही तरीके से करें या स्थानीय पुलिस को बतायें। एसपी ने कहा कि उपद्रवियों का कोई जात धर्म नहीं होता है उपद्रवी का सिर्फ एक ही मकसद समाज में विद्वेष फैलाना होता है इसलिए वैसे लोगों से सभी लोगों को सतर्क रहना चाहिए। जरूरत पड़ने पर वैसे लोगों को चिह्नित कर सामाजिक बहिष्कार भी करना चाहिए।

---

# रेलवे ट्रैक पार कर रहा बोलेरो मालगाड़ी से टकराया, चार घंटे तक मेन लाइन बाधित

**लालगढ़ स्टेशन के समीप हादसा**

- जेसीबी मशीन से निकाला गया क्षतिग्रस्त बोलेरो, कोई हताहत नहीं
- मलवा हटाकर परिचालन सुचारू करने हेतु अप और डाउन दोनो लाइन को करना पड़ा ब्लॉक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** सीआईसी सेक्शन अंतर्गत लालगढ़ रेलवे स्टेशन के समीप बुधवार के अहले सुबह करीब पौने चार बजे अनाधिकृत रूप से रेलवे ट्रैक पार कर रहा एक बेलोरो मालगाड़ी से टकरा गया। जिससे करीब चार घंटे तक रेल परिचालन बाधित हो गया। भारी मशक्कत के बाद ट्रैक से मलवा हटाया गया, तब 07:45 बजे आवागमन सामान्य हुआ।




रेलवे लाइन से बोलेरो को निकालती जेसीबी मशीन।

**खास बातें :** जानकारी के अनुसार डंडा से तिलक चढ़ाकर बारात लालगढ़ वापस आ रहा था। रेलवे क्रॉसिंग पार करने के क्रम में बोलेरो रेल ट्रैक में फंस गया। काफी जद्दोजहद के बाद भी बोलेरो नही निकल पाया। इसी बीच डाल्टनगंज की ओर से एक मालगाड़ी उसी ट्रैक पर आ गयी, जिसे देखकर चालक सहित सभी लोग भाग खड़े हुए। हालांकि मालगाड़ी के चालक ने फंसे बोलेरो को देख इमरजेंसी ब्रेक लगाया लेकिन मालगाड़ी रुकते रुकते भी बोलेरो से टकरा ही गयी। इस घटना में बोलेरो गाड़ी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। क्षतिग्रस्त बोलेरो गढ़वा जिले के अनिल गुप्ता का बताया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार बोलेरो का चालक नशे की हालात में था, इसीलिए बोलेरो रेल ट्रैक में फंस गया। ग्रामीणों ने बताया कि वहां से होकर कई गाड़ियां प्रतिदिन गुजरती रहती है हालांकि वहां पर स्वीकृत क्रोसिंग नहीं है। मनाही के बाद भी गाड़ियां गुजरती रहती है। वर्ष 2008 में भी वहां एक ट्रैक्टर रेल लाइन पार करने के दौरान पलामू एक्सप्रेस से टकरा गयी थी तब भी बड़ा हादसा होते होते बचा था। आरपीएफ इंस्पेक्टर बनारसी यादव ने बताया कि घटना सुबह तीन बजकर 45 मिनट की है। जबकि 7.45 बजे लाइन क्लियर हो गया था।

---

लायंस क्लब आफ मेदिनीनगर का वाकथोन 18 को, तैयारी जोरों पर

# उपायुक्त कार्यालय से शुरू हो कर सर्किट हाउस में होगा खत्म

- नवीं कक्षा से उपर के विद्यार्थी व आमजन लेंगे भाग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लायंस क्लब आफ मेदिनीनगर ने अलग अंदाज में 18 फरवरी को सुबह 7 बजे वाकथोन (दौड़) का आयोजन किया गया है। इसकी शुरुआत पलामू उपायुक्त के कार्यालय समाहरणालय परिसर से शुरू होगा जो छह मुहान, हास्पिटल चौक होते हुए पुलिस लाइन रोड स्थित सर्किट हाउस में समाप्त होगा। यह जानकारी क्लब के अध्यक्ष डॉ प्रवीण सिद्धार्थ ने प्रेस कांफ्रेंस में दी। अध्यक्ष ने बताया कि इस वाकथोन में पलामू के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, शहर के गणमान्य अतिथियों के अलावा विभिन्न स्कूलों के बच्चे भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि इस तरह का आयोजन मेदिनीनगर में पहली बार आयोजित की जा रही है। क्लब के सदस्यों द्वारा विभिन्न स्कूलों में जाकर स्कूल प्रबंधन से कार्यक्रम में बच्चों को भाग लेने की अपील की है। इसमें नौवीं से ऊपर के विद्यार्थी ही भाग ले सकते हैं। अध्यक्ष डॉ प्रवीण सिद्धार्थ ने इस दौड़ के उद्देश्य के बारे में बताया कि आमजनों को स्वस्थ, साफ सफाई के साथ साथ प्रत्येक व्यक्ति का सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के प्रति जागरूक करना है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमुक प्रियदर्शी, डॉ निशांत, डॉ उदय सिंह, डॉ रवीश कुमार, डॉ अमित कुमार, राघवेंद्र सिंह, नवीन पांडेय, रंजन अग्रवाल, निलेश चंद्रा, गुरवीर सिंह, रोहित कुमार जैन, सुमित पाठक, रंजीत कुमार मिश्रा मौजूद थे।




प्रेस कॉन्फ्रेंस में अध्यक्ष व अन्य।

---

# व्यवसायियों की लूट-हत्या बर्दाश्त नहीं करेगा ओबीसी एकता-अधिकार मंच : ब्रह्मदेव प्रसाद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बेखौफ अपराधियों द्वारा मेंन रोड गढ़वा के रूप अलंकार ज्वेलर्स में हथियार के बल पर लूट की घटना को अंजाम दिया गया और गोली चलाकर व्यवसायी के हत्या का प्रयास किया गया। यह कतई बर्दाश्त नहीं होगा। उक्त बातें ओबीसी एकता व अधिकार मंच के संयोजक ब्रह्मदेव प्रसाद ने कही। उन्होंने कहा कि मंच जिला प्रशासन व राज्य सरकार से मांग करती है कि अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करें व लूटी गई सामान को बरामद कर व्यवसायी को उपलब्ध करें। इस तरह की विधि व्यवस्था से पूरा ओबीसी समाज में आक्रोश है। साथ ही व्यवसायी समाज जिला प्रशासन से यह मांग करता है कि इस तरह की घटना पर लगाम लगाया जाये क्योंकि व्यवसायी समाज सरकार को जीएसटी व इनकम टैक्स देता है जिससे देश और राज्य की अर्थव्यवस्था चलता है। व्यवसायी समाज के दिये गये कर से ही जिला प्रशासन का वेतन व भत्ता मिलता है और वही व्यवसायी समाज का सुरक्षा का कोई गारंटी नहीं है।



पलामू प्रमंडल में लगातार व्यवसायियों का हत्या, हमला, लूट व चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है जिसका उदाहरण छतरपुर में हरिहरगंज की व्यवसायी शुभम कुमार की हत्या, छतरपुर में एक डॉक्टर के ऊपर अपराधियों के द्वारा गोली मारकर घायल करना, पंडवा प्रखंड क्षेत्र में दर्जनों दुकानों में चोरी की घटना को अंजाम देना व गढ़वा में रूप अलंकार ज्वेलर्स में गोली चलाना प्रशासन और राज्य सरकार की विधि व्यवस्था के विफलता को दर्शाता है। यह ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच कतई बर्दाश्त नहीं करेगा यदि अपराधियों को पकड़कर और लूटी गई सामान को बरामद नहीं किया जाता है तो ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच डीजीपी व मुख्यमंत्री से मिलकर राज्य में शासन व्यवस्था सवाल पर प्रश्न खड़ा करेगा व गृह मंत्री से मिलकर राज्य में शासन व्यवस्था के बारे में अवगत करायेगा।

---

# धार्मिक आयोजन से मिलता है धन-वैभव : अनुज दुबे

- दुर्गा मंदिर की पांचवीं वर्षगांठ मनायी गयी, भक्ति में डूबा रहा पूरा गांव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** प्रखंड के ग्राम दुगिला में बुधवार को माता रानी सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में माता रानी सिद्धिदात्री दुर्गा मंदिर का 5वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से एवं श्रद्धापूर्वक मनाया गया। गांव सहित प्रखंड के आसपास लोगों द्वारा पूजा पाठ कर अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। साथ ही संध्या आरती का भव्य अयोजन किया गया। जिससे सैकड़ों श्रद्धालु आरती में भाग लिये। पूजा अर्चना से आसपास क्षेत्र का भी माहौल भक्तिमय बन गया। धार्मिक आयोजन से पूरा गांव भक्ति में डूबा रहा। मौके पर समिती के अध्यक्ष कुंज बिहारी दुबे ने कहा कि मंदिर के वार्षिकोत्सव भव्य तरीके से मनाया जा रहा है। आगे भी इस मंदिर का प्रत्येक वर्ष वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। मंदिर में पूजा अर्चना कीर्तन से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया है। मंदिर में दुगिला ग्राम समेत आसपास क्षेत्र के लोग आकर पूजा अर्चना करते हैं। मौके पर अगस्त दुबे, अनुज कुमार दुबे, अजय दुबे सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।





दुर्गा मंदिर के वार्षिकोत्सव में काफी संख्या में लोग शामिल हुए हैं। धार्मिक आयोजन से क्षेत्र में सुख, शांति व समृद्धि मिलती है। मां दुर्गे की आराधना से धन व वैभव मिलता है। इस आयोजन में शामिल होने के लिए सभी लोगों को बधाई। - **अनुज कुमार दुबे, आयोजक**

---

### विभिन्न गांवों में चला कुपोषण विरोधी अभियान



**रामगढ़ पलामू।** ग्रामीण विकास विभाग जेएसएलपीएस अंतर्गत संचालित उड़ान परियोजना के माध्यम से रामगढ़ प्रखंड के विशिष्ट जनजाति समुदाय बहुल छह गांव गोरे, हिसरा, नवाडीह, सरहुवा, कर्मा और चोरहट में 5 दिवसीय कुपोषण विरोधी अभियान चलाया गया। जिसमें विशिष्ट जनजाति समुदाय की महिलाओं को विभिन्न विषयों जैसे स्वास्थ्य एवं पोषण, संस्थागत प्रसव, स्वच्छता और शौचालय विषय में जागरूकता, आयरन एवं फोलिक दवा का उपयोग, आंगनबाड़ी से मिल रहे लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी प्रशिक्षित सीआरपी दल ने दी। अंतिम दिन महिलाओं और किशोरी बच्चियों को स्वाथ्य किट जिसमे साबुन और सैनिटरी पैड का भी वितरण परियोजना के माध्यम से किया गया। इस अभियान में आंगनबाड़ी सेविका, स्वाथ्य सहिया, सखी मंडल के दीदियां, विशिष्ट जनजाति समुदाय इत्यादि ने बढ़ चढ़कर भाग लेकर सफल बनाया।

---

# पत्नी की हत्या कर पति फरार, बेटियों को रात में ही बहन के घर पहुंचा दिया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हरिहरगंज पलामू।** थाना क्षेत्र के ढाब कला ग्राम निवासी श्याम किशुन चौधरी ने मंगलवार की रात अपनी 28 वर्षीय पत्नी पुनम देवी की गला दबाकर हत्या कर दी है। साथ ही शव को घर में बंद कर फरार हो गया है। पत्नी की हत्या करने के बाद आरोपी अपने दो बेटियों को रात में ही हुसेनाबाद के चनकार स्थित बहन के यहां पहुंचा गया। घटना की सूचना मिलने पर हरिहरगंज थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक चंदन कुमार, एस आई निर्भय कुमार, निरंजन कुमार, नितिश कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर आकर पूछताछ की। वहीं शव को कब्जा में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। परिजनों के अनुसार घटना की जानकारी तब हुई जब आरोपी की बहन ने बुधवार की सुबह करीब 10 बजे आरोपी का बड़ा भाई बालकिशुन चौधरी के घर फोन कर श्यामकिशुन द्वारा रात में बच्चों को पहुंचाकर भाग जाने की बात बताई। किसी अनहोनी की आशंका से उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी।

---

# गरीबों की थाली से सब्जी छीन ले रही है सरकार : कृष्णा बैठा

- लहसुन 400 रुपये प्रति किलो पार सब्जी की महंगाई चरम सीमा पर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** केंद्र व राज्य सरकार के गलत नीतियों के कारण गरीब मजदूर वर्ग लोगों के थाली से अब सब्जी भी छीन रही हैं सरकार। देश आजादी के बाद पहली बार लहसुन 400 रुपये के पार हैं जिसे आम आदमी की सब्जी की स्वाद बिगड़ गयी हैं। उक्त बातें राष्ट्रीय सामाजिक जनकल्याण संगठन के अध्यक्ष कृष्णा बैठा एवं विजय प्रसाद यादव ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर कहीं।नेताओं ने कहा कि देश में सब्जियों और अन्य खाद्य सामग्री की मंहगाई बारी बारी योजनाबद्ध तरीके से बढ़ती हैं फिर देश भर विरोध होने के बाद सरकार की नींद खुलती हैं तबतक कालाबजारी लोगों सरकार व गरीबों को खून चूस लेते हैं वर्तमान में लहसुन400 रुपए, सब्जियों के फूफा साबित हो रहे हैं। जिससे माध्यम वर्ग गरीब मजदूर के थाली से सब्जी की स्वाद चली गयी है।इधर बाजार के बड़े जमाखोरों ने किसान से खरीद कर कभी टमाटर तो कभी,प्याज से आम जनता को रुलाती हैं। अगर सरकार की यही स्थिति रही तो आने वाले समय में जनता भी सबक सिखाने के लिए तैयारी कर ली हैं।

---

### मंदिर निर्माण के लिए चंदा नहीं लेती है परशुराम युवा वाहिनी, बना रही अर्धनिर्मित मंदिरों के शिखर



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी मंदिर निर्माण के लिए चंदा कभी न तो मांगी है, न ही भविष्य में मांगेगी। अर्धनिर्मित मंदिरों को पूरा करने के लिए मंदिर का शिखर निर्माण करती रहेगी। ये घोषणा की है राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने। बसंत पंचमी पर पलामू मुख्यालय मेदिनीनगर में सनातन धर्म ध्वजा बुलंद करने के लिए संकल्पित राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी दो मंदिरों के शिखर निर्माण का शिलान्यास किया। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने पूजन–अर्चन के उपरांत शिखर निर्माण हेतु नारियल फोड़ आधारशिला रखी। बारालोटा के जीएलए कॉलेज के समीप महावीर नगर में मनु प्रसाद तिवारी के नेतृत्व में माधव मंदिर के शिखर की आधारशिला रखी।

---

# खामडीह में लक्ष्मी महानारायण यज्ञ को लेकर निकाली गयी कलश यात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के खामडीह गांव में लक्ष्मी महा नारायण यज्ञ के कलश यात्रा में बुधवार को हजारों श्रद्धालु भक्त शामिल हुए। मुख्य यजमान रामदास साहू सपत्नी कलश के साथ हजारों की संख्या में शामिल कलशधारियों के साथ पोलपोल के धमधमवा टोला स्थित औरंगा नदी के तट से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भरा। कलश यात्रा पोलपोल, लहलहे होते हुए खामडीह गांव के यज्ञ मंडप पहुंची और यज्ञ मंडप का परिक्रमा करके यज्ञ का शुभांरभ हो गया। इस दौरान हजारों की संख्या में झंडा पताका लिए श्रद्धालु भक्त भगवान लक्ष्मी नारायण का गुणगान करते बाजे-गाजे के धुन पर नाचते गाते कलश यात्रा में शामिल थे। वहीं यज्ञकर्ता जगतगुरु रामानुजाचार्य एवं सर्वेश्वराचार्य स्वामी जी महाराज रथ पर सवार होकर सभी का हौसला अफजाई कर रहे थे। इस दौरान जय घोष से क्षेत्र भक्ति मय हो गया। लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोकाचार्य जी महाराज के सानिध्य में यज्ञ समिति अध्यक्ष भोला सिंह, सतबरवा की जिप सदस्य सुधा कुमारी, बारी मुखिया निरोतमा कुमारी, अवधेश सिंह चेरो, लक्ष्मण यादव, उप प्रमुख कामाख्या यादव, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, आशीष सिन्हा, युगल किशोर राम, अजय उरांव, संयोजक लालबाबू चौधरी, महेश्वर सिंह, विनोद चौधरी, यज्ञ समिति के बबलू साव, ललन साहू, अजय सिंह, रवि विश्वकर्मा, निर्दोष कुमार, कृष्णकांत प्रसाद, नागेंद्र साहू के अलावे कई जनप्रतिनिधि भी शामिल थे।




लक्ष्मीनारायण महायज्ञ को लेकर आयोजित कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु और अतिथि।

---

# समाजसेवी श्याम बिहारी सिंह के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सतबरवा थाना अंतर्गत सरजा निवासी समाजसेवी श्याम बिहारी सिंह के आकस्मिक निधन पर कई लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त किया है। विदित हो कि श्याम बिहारी सिंह का निधन 10 फरवरी को रात्रि 11 बजे वाराणसी में इलाज के दौरान हो गया था। वे 70 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार वाराणसी स्थित हरिश्चंद्र घाट पर किया गया। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र ब्रजकिशोर सिंह ने दी। स्व सिंह के शुभचिंतको ने उनके आकस्मिक निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त किया है। कहा है कि श्याम बिहारी सिंह हर पल गरीबों के लिए तैयार रहते थे।



वे हर दिल अजीज इंसान थे। उनकी कमी हमेशा समाज को खलेगी। शोक व्यक्त करने वालों में प्रदीप सिंह, ललित सिंह, अजय कुमार सिंह, संतोष कुमार पांडेय, प्रेम प्रकाश ठाकुर, उपाध्याय सिंह, टाइगर कुमार, मेहनाज आलम, आनंद सिंह, उपेंद्र सिंह, देवराज यादव सचिद कुमार, जलील अंसारी, धर्मेंद्र सिंह समेत दर्जनो लोग शामिल हैं।

### सड़क दुर्घटना में अमवा के राजनाथ मिश्रा की मौत



**पाटन पलामू।** सड़क दुर्घटना में पाटन थाना अंतर्गत अमवा ग्राम निवासी राजनाथ मिश्रा उर्फ बेलु मिश्रा की मौत हो गयी। प्राप्त सूचना के अनुसार राजनाथ मिश्रा उर्फ बेलु मिश्रा आज सुबह अपने घर अमवा ग्राम से पूजा पाठ कराने के लिए मनातु अपने लुना से जा रहे थे। उसी क्रम में तरहसी सेवती डाक बंगला के पास लुना अनियंत्रित होकर लगभग बीस फीट गहरी खाई में गिर गया जिससे उनकी मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। राहगीरों ने इसकी सूचना उनके परिजनों को दी। सूचना पाते ही परिजनों ने राजनाथ को किशुनपुर लाकर चिकित्सकों को दिखाया। जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक राजनाथ मिश्रा मृदुभाषी और हंसमुख व्यक्ति थे। इस आकस्मिक घटना से अमवा ग्राम में शोक की लहर दौड़ गयी।

स्पीड न्यूज

## सरस्वती पूजा में शामिल हुए विधायक सरयू राय समेत छात्र-छात्राएं



**जमशेदपुर।** प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी वसन्त पंचमी के शुभ अवसर पर श्रीमन क्लासेस के ओर से श्री श्री सरस्वती पूजा का आयोजन बुद्ध मन्दिर मैदान में संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्रीमन क्लासेस के विद्यार्थियों, विभिन्न बैंको के कर्मचारीगण, अधिकारीगण, प्रशासनिक पदाधिकारीगण के अलावा जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय, जिला परिषद के उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, पूर्व उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, एलआइएी यूनियन के गिरीश ओझा, धनन्जय शुक्ला, मनोज बन्सरियार, पूर्व आयुक्त विजय कुमार सिंह, साहित्यकार एवं कवि शैलेंद्र पांडेय, रागिनी भूषण, सोनी सुगन्धा, पत्रकार जयप्रकाश राय, सत्येन्द्र कुमार, संजय प्रसाद के अलावा सुनील मुखर्जी, प्रदीप घोषाल एवं अन्य सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियो के अलावा श्रद्धालुओं ने इस महोत्सव में भाग लिया।

## श्रीनाथ पब्लिक स्कूल में सरस्वती पूजा मनाया गया

**जमशेदपुर।** आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ पब्लिक स्कूल में मा शारदे की पूजा अर्चना हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन सुखदेव महतो प्रधानाचार्य संजय कुमार सिंह विद्यालय प्रबंधन समिति की सदस्या अनिता महतो, मोमिता महतो शिक्षक-शिक्षिकाए एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए। विधिपूर्वक मां शारदे की पूजा अर्चना की गई। सबने मा से बुद्धि विवेक एवं ज्ञान का वरदान मागी। वसन्त पंचमी का दिन सबसे शुभ माना जाता है इसदिन कला के प्रेमी एवं साधकों को विधिपूर्वक पूजा अर्चना करनी चाहिए।

## पातकुम से लावा तक 16.76 किमी सड़क बनेगी, विधायक ने किया भूमिपूजन

**चांडिल।** ईंचागढ़ पातकुम सें पाटपुर नहर होते हुए दुलमीडीह सें लावा तक 16.76 किमी सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन मंगलवार को विधायक सविता महतो ने विधिवत शिलापट्ट अनावरण कर किया। विधायक सविता महतो ने कहा ईंचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के चौहमुखी विकास के लिए मेरे पति स्वर्गीय सुधीर महतो दिन रात लोगों को सेवा करते थे। उनके अधूरे छोड़ें विकास कार्यों को जनता के बीच पहुंचाने का काम कर रही हूं। विधायक ने कहा ईंचागढ़ विधानसभा के लोग जो आशा और विश्वास के साथ आशीर्वाद देने का काम किया है उसे बखूबी निभा रही हूं। विधायक ने कहा करीब 17 किमी सड़क का निर्माण 32 करोड़ 21 लाख रुपये के लागत सें किया जाएगा। विधायक सविता महतो ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईंचागढ़ के महत्वपूर्ण सड़क की स्वीकृति देने के लिए धन्यवाद दिए। इस मौके पर ईंचागढ़ के राजा प्रशांत कुमार आदित्यदेव, एसडीएम गिरिजा शंकर महतो, एसडीपीओ सुनील कुमार रजवाड़, बीडीओ कीकू महतो, सीओ दीपक प्रसाद, गुरुचरण किस्कु, पप्पू वर्मा, झामुमो नेता ओम प्रकाश लायेक, काबलु महतो, राहुल वर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने पुलवामा के शहीदों को किया नमन

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जमशेदपुर ने संगठन के प्रतिनिधि गण के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर 5 साल पहले आज ही के दिन 14 फरवरी 2019को पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु तीनों सेना से सेवानिवृत सैनिक साथी शहीद स्थल गोलमुरी में एकत्रित हुए। मौके पर 'वीर शहीद अमर रहे' भारत माता की जय' के उद्घोष से राहगीरों ने भी रुक कर वीरों को नमन किया। कारगिल युध्दवीर जसवीर सिंह ने अपनी संवेदनाएं उन, जम्मू कश्मीर में दो साल पहले हुए आतंकवादी हमला में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 40 शहीद जवानों के परिवार को दी। पुलवामा हमले की तीसरी बरसी पर पूरा देश शहीद जवानों को याद कर रहा है।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा लगायेगी जीत का हैट्रिक : बाबूलाल

## लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी भाजपा, जमशेदपुर में लोस चुनाव कार्यालय खुला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव की आहट के साथ ही राजनीतिक दलों ने तैयारियां शुरू कर दी है। इसी क्रम में, भाजपा ने जमशेदपुर लोकसभा संसदीय कार्यालय खोलकर चुनावी शंखनाद कर दिया है। बुधवार को साकची जुबिली पार्क गेट के समीप स्थित क्रिस्टल कावेरी अपार्टमेंट में बने जमशेदपुर लोकसभा के संसदीय चुनावी कार्यालय का विधिवत उद्घाटन झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के द्वारा किया गया। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने फीता काटकर, नारियल फोड़कर एवं पार्टी के पितृपुरुष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छविचित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, पूर्व विधायक मेनका सरदार, जमशेदपुर लोकसभा के संयोजक नंदजी प्रसाद, सह संयोजक लक्ष्मण टुडू, जमशेदपुर महानगर प्रभारी डॉ जीतू चरण राम, ग्रामीण प्रभारी बरकुंवर गागराई, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, ग्रामीण जिलाध्यक्ष चंडी चरण साव, जमशेदपुर महानगर के पूर्व अध्यक्ष गुंजन यादव व अन्य नेतागण मौजूद रहे। बाबूलाल मरांडी ने कार्यालय का निरीक्षण कर इसे चुनावी दृष्टिकोण से बेहतर बताते हुए सराहना की। इससे पहले, वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ-हवन एवं पूजन कर कार्यालय का शुभारंभ किया गया। कार्यालय उद्घाटन के पश्चात कार्यकताओं में प्रसाद और लड्डु का वितरण किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकास को प्राथमिकता देकर एवं विरासत को संरक्षित करते हुए देश को आगे बढ़ाया है। पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई क्रांतिकारी और निर्णायक कदम उठाए। पीएम नरेंद्र मोदी के इन्हीं प्रयासों का असर है कि आज देश आर्थिक सामरिक और राजनीतिक तौर पर मजबूत हो रहा है और इसका लोहा दुनिया भी मान रही है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के समक्ष अपना विजन स्पष्ट कर दिया है, आज अर्थव्यवस्था में तेजी से



चुनावी कार्यालय का उद्घाटन करते भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी।

विकास हो रहे हैं। पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। पिछले 10 साल में केन्द्र सरकार ने सभी वर्गों के लिए काम किया है।

श्री मरांडी ने कहा कि बुधवार को झारखंड के 14 संसदीय क्षेत्रों में पार्टी का कार्यालय प्रारंभ हो जाएगा। पिछली बार 14 में से 12 सीटें हमारे पास थी। इस बार प्रदेश की सभी 14 सीटों पर भाजपा विजयी प्राप्त करेगी। बाबूलाल मरांडी ने झारखंड सरकार पर भी निशाना साधते हुए जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि झामुमो-कांग्रेस और राजद की गठबंधन सरकार ने जमीन, खनिज, शराब बेचने के बाद प्रश्न पत्र लीक कर युवाओं के रोजगार भी बेचने लगी। सीएम चंपई सोरेन कहते हैं कि वे हेमंत सोरेन पार्ट 2 हैं, अगर ऐसा रहा तो उनका हाल भी पूर्व सीएम की भांति होगी। श्री मरांडी ने कार्यकताओं से आह्वान करते हुए कहा कि 2024 में धूमधाम से नरेंद्र मोदी को पीएम बनाना है और विधानसभा चुनाव में झारखंड से भ्रष्टाचारी और लुटेरी गठबंधन सरकार को उखाड़ फेंकना है।

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा कि देश की जनता का भरोसा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति और मजबूत हुआ है। 2024 के चुनाव में नरेन्द्र मोदी स्पष्ट बहुमत के साथ देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। वहीं, सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के मार्ग पर तेजी से अग्रसर है। दबे-कुचले, पिछड़े व शोषित वंचितों को ध्यान में रखते हुए नरेंद्र मोदी जनकल्याणकारी योजना चला रहे हैं। उन्होंने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और प्रमुख उपलब्धियों को गिनाया। सांसद श्री महतो ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में तीसरी बार एनडीए की सरकार बनने जा रही है। देश में मोदी लहर ऐसी है कि जन-जन की आवाज अबकी बार 400 के पार सुनाई दे रही है।

वहीं, जमशेदपुर लोकसभा के संयोजक सह प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद ने कहा कि पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर जमशेदपुर लोकसभा संसदीय चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया गया।जमशेदपुर की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विजय का आशीर्वाद देने का मन बना चुकी है। जनता के विश्वास और आशीर्वाद से अबकी बार 400 पार कर फिरसे भाजपा की मजबूत सरकार बनाएंगे। कहा कि लोकसभा चुनाव में पिछली बार से अधिक मतों से विजयी प्राप्त करेंगे। वहीं, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि कार्यालय के उद्घाटन के बाद पार्टी की चुनावी गतिविधियां अब चुनावी कार्यालय से चलेंगी। कहा कि लोकसभा चुनाव में कुछ ही दिन शेष है और इसके लिए पार्टी पूरी तरह तैयार है। हम सभी कार्यकताओं को जमशेदपुर लोकसभा सीट पर भाजपा की बड़ी जीत के लिए कार्य करना है।

इस दौरान पूर्व प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता राजेश शुक्ल, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, जिप उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रह्मदेव नारायण शर्मा, रामबाबू तिवारी, बिनोद सिंह, चंद्रशेखर मिश्रा, राजकुमार श्रीवास्तव, दिनेश कुमार, व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह, विकास सिंह, डॉ राजीव, मिथिलेश सिंह यादव, कल्याणी शरण, राजन सिंह, मनोज सिंह, जटाशंकर पांडेय, कुसुम पूर्ति, संजीव कुमार, विनय शांडिल्य, सोनू कुमार मोदी समेत तमाम वरिष्ठ नेतागण उपस्थित थे।

## आकाष इंस्टीट्यूट में सरस्वती पूजा का आयोजन



**जमशेदपुर।** आकाश इंस्टीट्यूट, जमशेदपुर में सरस्वती पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। बुधवार। छात्रों ने संस्थान परिसर एवं पूजा स्थल को सजाया कलाकृति. संस्थान के निदेशक राजेश प्रसाद, शिक्षक, गैर-शिक्षण कर्मचारी और सभी पूजा में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे. मां सरस्वती का पूजन, हवन और पूजन हुआ। पूजा पूरे रीति-रिवाज के साथ किया गया। इसके बाद संस्थान के विद्यार्थियों द्वारा प्रसाद तैयार किया गया। मां सरस्वती को अर्पित कर सभी में वितरित किया गया। केन्द्र निदेशक राजेश प्रसाद ने सभी को बधाई देते हुए विद्यार्थियों को निर्देशित किया कि मां सरस्वती के आर्शीवाद से उनके ज्ञान को यथासंभव विकसित करें। कहा कि बौद्धिक ज्ञान के साथ-साथ, बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए सामाजिक ज्ञान का विस्तार भी आवश्यक है।

## नये डीसी अनन्य मित्तल ने किया पदभार ग्रहण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिला के 24 वें जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त (डीसी) के रूप में 2015 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अनन्य मित्तल ने पदभार ग्रहण किया। नवर्तमान जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री, भा.प्र.से. (झाः2011) का नव पदस्थापन प्रशासक, सुवर्णरेखा परियोजना, जमशेदपुर के रूप में किया गया है। इस अवसर पर नवपदस्थापित डीसी श्री मित्तल ने कहा कि जिले में विधि व्यवस्था का संधारण एवं विकास कार्यो का सफल क्रियान्वयन उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं



नये डीसी अनन्य मित्तल।

को समयबद्ध रूप से धरातल पर उतारने का प्रयास रहेगा ताकि सभी सुयोग्य व्यक्ति तथा समाज के अंतिम छोर तक विकास योजनाओं को पहुंचाया जा सके। श्री मित्तल ने कहा कि वर्ष 2017-18 में इस जिले में प्रोबेशन के दौरान कार्य करने का अनुभव रहा है, वर्तमान परिस्थितियों में उन अनुभवों से विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का प्रयास रहेगा। इसके पूर्व उन्होंने धनबाद में अनुमंडल पदाधिकारी, सिमडेगा एवं रांची में उप विकास आयुक्त तथा पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त के रूप में योगदान दिया है। इस मौके पर डीडीसी मनीष कुमार, एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा, सिविल सर्जन डॉ. जुझार माझी, निदेशक एनईपी ज्योत्स्ना सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी, जिला योजना पदाधिकारी अरूण द्विवेदी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार, जिला भू अर्जन पदाधिकारी गुंजन सिन्हा तथा अन्य विभागों के पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

## जमशेदपुर वीमेंस कॉलेज में धूमधाम से छात्राओं ने की सरस्वती पूजा



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर महिला विवि के बिष्टुपुर कैंपस में सरस्वती पूजा की धूम रही। छात्राओं ने पूजा की पूरी व्यवस्था संभाली हुई थीं। छात्राओं ने मां सरस्वती की अराधना करने के पश्चात एक-दूसरे को गुलाल लगाया और पूजा की शुभकामनाएं दीं।

## आरके मिशन हाई स्कूल में मां शारदे की पूजा



**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर श्रीरामकृष्ण उच्च विद्यालय से सरस्वती पूजा का आयोजन तीन स्कूल विवेकानंद मिडिल स्कूल, श्रीराम बहा कृष्ण उच्च विद्यालय एवं श्रीराम कृष्ण इंग्लिश स्कूल एक साथ 2500 विद्यार्थियों को भोग का आयोजन करता आ रहा है। इसमें आयोजन में स्कूल के प्रधानाध्यापक पंकज साहा, पन्नालाल दास, मुकुंद माइती-नेमलन घोष, गणेश चाउनी, विद्युत खरा पुष्पा उपाध्याय रेखा सिन्हा, पुष्पांजली पारिया, चैताली सरकार, चैताली प्रसाद, अर्चना सिंह मौजुद रहे।

## जेपी स्कूल में धूमधाम से हुई सरस्वती पूजा

**जमशेदपुर।** वसंत पंचमी के शुभ अवसर पर जय प्रकाश स्कूल, जय प्रकाश नगर सन्कोसाई में सरस्वती पूजा धूम-धाम से मनाया गया। इस पुनित अवसर पर विद्यालय मे मातृ पितृ पूजन दिवस मनाया गया। जिसमे भारी संख्या में अभिभावक उपस्तिथ थे जिनको विद्यार्थियों ने अपने माता पिता को रोडी चन्दन का टिका लगाकर भव्य स्वागत किया। जिससे उपस्तिथ अभिभावक बच्चों के संस्कार से काफी खुश नजर आए। अंत मे उपस्तिथ सभी के बीच भोग का वितरण किया गया।

## पारंपरिक फगुआ गीतों पर झूमे श्रद्धालु...सुमिरहुं श्रीभगवान आहे लाला सुमिरहूं श्रीभगवान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** हर वर्ष वसंत पंचमी के पावन दिन को ही श्रीराम मंदिर, टेल्को का प्राण प्रतिष्ठा दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह इस वर्ष भी बड़े विधि पूर्वक उत्साह एवम् धुमधाम से मनाया गया। इस वर्ष प्राण प्रतिष्ठा दिवस के पहले दिन मंगलवार से चौबीस घंटे का अष्टयाम हरिकीर्तन जमशेदपुर की विभिन्न भजन मंडलियों द्वारा किया गया। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर हरे राम,हरे कृष्ण हरिकीर्तन से गुंजायमान रहा। साथ ही रामचरित मानस रामायण का पाठ भी होता रहा। दूसरे दिन (14/02/2024) यानि बसंत पंचमी के दिन अष्टयाम के समापन के बाद आरती और हवन के साथ अनुष्ठान की पूणार्हुति हुई। बसंत पंचमी, विद्या की देवी मां सरस्वती के चरणों मे अबीर-गुलाल चढ़ाने के बाद दोपहर में फगुआ गायन का आगाज हुआ। बावनगोड़ा, बारीगोड़ा रामायण मंडली द्वारा फगुआ गायन की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान एक से बढ़कर एक पारम्परिक फगुआ गीतों की प्रस्तुति मंडली द्वारा की गई। अनुष्ठान के अवसर पर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का



टेल्को श्रीराम मंदिर में फगुआ के गीतों पर झूमते श्रीराम भक्त।

वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री राममंदिर के माननीय अध्यक्ष मानस मिश्रा सपत्नीक उपस्थित हुए।

श्री राममंदिर के प्राण प्रतिष्ठा दिवस समारोह को सफल बनाने में मंदिर समिति के महामंत्री चन्द्रभान प्रसाद सिंह, कृष्ण कुमार मिश्रा, पं जीवानंद मिश्र, नरेन्द्र सिंह (हैप्पी), बबन पाण्डेय, शैलेन्द्र सिंह, कामेश्वर सिंह, नन्दलाल सिंह, वेंकट राव, राजेश भोजपुरिया, सुनील कुमार सिंह, राजेश पाण्डेय, राकेश कुमार सिंह, भरत पाठक, सरोज कुमार सिंह,अरुण कुमार सिंह,रमेश दूबे, मनंजय पाण्डेय, जितेंद्र उपाध्याय, अभय पाण्डेय, सुमन मिश्रा, प्रह्लाद सिंह,अरविंद प्रसाद के आलावा सभी सदस्य सक्रिय रूप से लगे हुए थे।

## जिला एथलेटिक्स की टीम अहमदाबाद रवाना

**जमशेदपुर।** बुधवार को पूर्वी सिंहभूम जिला एथलेटिक्स टीम अहमदाबाद, गुजरात में आयोजित 19 वीं राष्ट्रीय अंतर जिला एथलेटिक्स मीट में भाग लेने के लिए आधी रात को शालीमार-ओखा एक्सप्रेस से टाटानगर जंक्शन से राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता एथलीट के नेतृत्व में रवाना हुए। इस प्रतियोगिता में पूर्वी सिंहभूम टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। अनुकरण गोस्वामी-60 मी. दौड़, प्रधान करवा 600 मी. दौड़, कृष्णा बोदरा लंबी कूद, मयंक धीबर -पैंटाथलॉन, हिमांशु कुमार सिंह- ऊंची कूद, उर्मिला मुर्मू- लंबी कूद, ममता मैरी मुर्मू -60 मी दौड़, मनु हो- ट्राइथलॉन 'ए', जीत कुमार- ट्राइथलॉन रबीर, फाल्गुन सोरेन- ट्राइथलॉन 'सी' कोमल कुमारी- ट्राइथलॉन सी, गीता सिंह-मैनेजर तथा सिद्धु किस्कू-कोच। टीम को स्टेशन तक छोड़ने के लिए सचिव रबिन्द्र नाथ मुर्मू, कोषाध्यक्ष राजकुमार बानरा, उपाध्यक्ष सुचिंदर कुमार सिंह, कोच चैतन मांझी तथा खिलाडियों के अविभावक उपस्थित थे।

## झारखंड वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति की कार्यकारिणी बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति की कार्यकारिणी की एक सभा मानगौ में समिति के उपाध्यक्ष श्री आनंदमय पात्रों के कार्यालय में सुबह 11:00 हुई। सभा की अध्यक्षता झारखंड प्रदेश वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति के अध्यक्ष रामाश्रय प्रसाद ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में समिति के संरक्षक एवं जुझारू समाजसेवी एवं कवि व साहित्यकार अरविंद विद्रोही थे। उन्होंने इस तरह की समिति का सराहना किया, जो वरिष्ठ लोगों के लिए कार्य करती हैं। समिति के सलाहकार पूर्व प्राचार्य डा. एपी ने सभी तरह से इस समिति को सहयोग करने का आश्वासन दिया।

## विनय आईएएस एकेडमी जमशेदपुर शाखा में सरस्वती पूजा का समारोह



**जमशेदपुर।** प्रत्येक वर्ष की भांति विनय आईएएस एकेडमी में सरस्वती पूजा समारोह आयोजन हुआ। इस संबंध में अकादमी की मीनाक्षी झा ने बताया की आमबागान मैदान में एक भव्य पंडाल बनाकर कार्यक्रम किया गया जिसमें जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय, पूर्व जिप उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, ब्रह्मर्षि समाज के राज किशोर सिंह, उदय सिंह, कुणाल सिंह, विकास सिंह, छात्र नेता परविंदर सिंह, राधेश्याम तिवारी शामिल हुए। इस दौरान 1500 लोगों के लिए भोग की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम के संबंध में कोचिंग के निदेशक विनय सिंह ने बताया की कोरोना के समय में कार्यक्रम नहीं हो पाता था लेकिन इस वर्ष सभी पुराने स्टूडेंट के सहयोग से भव्य पंडाल का आयोजन हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में किरण पांडे, हनी चौहान बिना कुमारी, हर्ष मिश्र, अमरेश चौहा, अनिल सांडेल, अंजली दुबे, इन सबका योगदान रहा।

## कम्यूनिटी पुलिसिंग : ग्रामीण एसपी ने डुमरिया में बांटी खेल और पठन सामग्री

**जमशेदपुर।** वरीय पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में सामुदायिक पुलिस के तहत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर के द्वारा डुमरिया थाना अंतर्गत सुदूरवर्ती क्षेत्र के फुटबॉल खिलाड़ियों को खेल सामग्री से पुरस्त किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पठन-पाठन की सामग्री भी वितरित किया गया। साथ ही ग्रामवासियों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए मतदाता प्रतिज्ञा दिलाई गई।

## पुलवामा के शहीदों की याद में डीडीसी व एसडीओ ने किया रक्तदान

- सदर अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा
- व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का दिया निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सदर अस्पताल, जमशेदपुर में पुलवामा हमले की पांचवीं बरसी पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त (डीडीसी) मनीष कुमार और अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम (एसडीओ) पीयूष सिन्हा ने सदर अस्पताल में रक्तदान कर वीर



रक्तदान करते डीडीसी मनीष कुमार।



रक्तदान करते एसडीओ पियूष सिन्हा।

शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया। डीडीसी ने 16वीं तथा अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम में 8वीं बार किया रक्तदान। रक्तदान शिविर का उद्घाटन करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से आयोजित रक्तदान शिविर में शामिल होकर नेक कार्य के भागी बनने का अवसर मिला। सबसे नेक तरीका है कि हम रक्तदान करें और दूसरों की जान बचाने में मदद करें। उन्होंने कहा कि रक्तदान समाज के प्रति एक महत्वपूर्ण कार्य है जो दूसरों को जीवन का उपहार देता है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे नियमित रूप से रक्तदान करें और इस नेक कार्य में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि थैलीसीमिया के मरीजों को रक्त की जरूरत होती है, उनके लिए भी हमें रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने 16वीं बार रक्तदान किया। अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम ने कहा कि रक्तदान जैसे कार्य के माध्यम से हम अपने शहीदों के समर्पण का अभिवादन करते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से रक्तदान करने की अपील की और साथ ही सभी को स्वस्थ जीवन जीने के लिए जागरूक रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि वर्ल्ड ब्लड डोनर दे पर वे हमेशा से रक्तदान करते आये हैं, आज का रक्तदान का अवसर पुलवामा के शहीदों की याद में था इसलिए देश के जवानों के नाम रक्तदान कर काफी खुशी महसूस हुई। हम सभी को जन कल्याण के दिशा में रक्तदान करना चाहिए। इस मौके पर डीडीसी एवं एसडीओ द्वारा सदर अस्पताल का निरीक्षण किया गया। मौके पर उन्होंने विभिन्न वार्ड में जाकर मरीजों के स्वास्थ्य में प्रगति की जानकारी ली तथा उनसे बातचीत कर सदर अस्पताल में उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं से संबंधित फीडबैक लिया। इस मौके पर पदाधिकारियों ने दवाओं के स्टॉक की जानकारी ली। आवश्यक चिकित्सीय उपकरणों की खरीद के लिये प्रस्ताव बढाने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया गया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ जुझार मांझी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## खोया-पाया

यह सभी आम आवाम को ध्यानार्थ सूचित कर रहा हूं की मौजा-चियांकी, थाना मेदनीनगर, थाना नंबर 206, एसआरओ-मेदनीनगर, जिला-पलामू में स्थित खाता नंबर 5 प्लॉट नंबर 629 के तहत 26 डिसमिल भूमि का टुकड़ा है श्री राजमोहन मेहता के नाम पर। एक्सिस बैंक लिमिटेड के पास गिरवी रखा जा रहा है। हालांकि, मूल श्रृंखला शीर्षक विलेख संख्या, विक्रय विलेख, विलेख सं. 1801 दिनांक 27.02.2006 श्रीमती प्रेम लता देवी के नाम से है जो गुम हो गया है। यदि किसी को कोई आपत्ति है, तो कृपया इस नोटिस के 15 दिनों के भीतर कानूनी फर्म विधि एसोसिएट्स के वकील श्री दयानंद सिंह से इस पते पर संपर्क करें। कार्यालय संख्या 105 'बी', प्रथम तल महाबीर टावर, जे.डी. हाई स्ट्रीट मॉल मेन रोड के पीछे, रांची, झारखंड-834001। संपर्क नंबरः 6513595012, 260892020.

## बढ़ती निराशा

पिछले तीन सालों में बेरोजगारी व कर्ज के चलते 26 हजार लोगों ने मौत को गले लगा लिया। निस्संदेह, यह महज सरकारी आंकड़ा है। यूं तो बेरोजगारी में कोरोना महामारी ने संकट में ईंधन का काम किया है। आरोप है कि देश में बेरोजगारी का आंकड़ा पिछले पांच दशक में सर्वाधिक है। पिछले दिनों बजट सत्र में चर्चा के दौरान राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो यानी एनसीआरबी के आंकड़ों का हवाला देते हुए गृह राज्य मंत्री ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित जवाब में जानकारी दी थी कि बेरोजगारी व कर्ज के चलते तीन साल में 26 हजार लोगों ने आत्महत्या कर ली। यहां तक कि महामारी के पहले वर्ष 2020 में बेरोजगारों की आत्महत्या का आंकड़ा तीन हजार पार चला गया। इस दौरान बेरोजगारी के चलते 3,548 लोगों ने आत्महत्या की। जबकि वर्ष 2019 में 2,851 और 2018 में 2,741 लोगों ने बेरोजगारी के कारण आत्महत्या कर ली। वहीं दूसरी ओर, सरकार ने बताया कि वर्ष 2018 से 2020 के बीच 16,000 से अधिक लोगों ने दिवालियेपन या कर्ज में डूबने के कारण आत्महत्या की। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के अनुसार, वर्ष 2020 में 5,213 लोगों, 2019 में 5,908 और 2018 में 4,970 लोगों ने आत्महत्या कर ली। निस्संदेह, बेरोजगारी और आर्थिक संकट के चलते आत्महत्या करने के आंकड़े का बढ़ना समाज विज्ञानियों के लिये चिंता का विषय होना चाहिए। वहीं दूसरी ओर, राजग सरकार के कार्यकाल 2014-2020 के बीच बेरोजगारों के खुदकुशी के 18,772 मामले दर्ज किये गये, जो हर साल औसतन ढाई हजार से अधिक बैठते हैं।वर्ष 2007 से 2013 के बीच बेरोजगारी के कारण आत्महत्या करने के 15,322 मामले प्रकाश में आये थे। यह चिंता और चिंतन का विषय है।

## भारत-यूएई में समझौता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संयुक्त अरब अमीरात के शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने अबू धाबी में आमने-सामने बातचीत की और 6 समझौतों पर हस्ताक्षर किए, जिनमें से एक भारत-मध्य पूर्व-यूरोप गलियारे पर और दूसरा द्विपक्षीय निवेश की सुरक्षा पर है। यूएई में शेख के साथ बातचीत के बाद पीएम मोदी ने एक विशाल रैली को संबोधित किया। उन्होंने अपने भाषण की शुरूआत अरबी भाषा में संबोधन से की। 'अहलान मोदी (हैलो मोदी) के नाम से आयोजित इस रैली में बड़ी संख्या में प्रवासी भारतीय शामिल हुए। पीएम मोदी यूएई की आधिकारिक यात्रा पर अबू धाबी पहुंचे। हवाई अड्डे पर शेख मोहम्मद बिन जायद ने उनका स्वागत किया। दोनों नेताओं ने हाथ मिलाया और एक दूसरे को गले लगाया। मोदी बुधवार को बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) मंदिर का भी उद्घाटन करेंगे। यह अबू धाबी का पहला हिंदू मंदिर है। अपनी बातचीत में, दोनों नेताओं ने व्यापार और निवेश, डिजिटल बुनियादी ढांचे, फिनटेक, ऊर्जा, संस्कृति और आपसी संबंधों सहित सभी क्षेत्रों में व्यापक रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने का स्वागत किया। क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को आगे बढ़ाने के लिए भारत और यूएई के सहयोग को बढ़ावा देगा। दोनों नेता तत्काल भुगतान प्लेटफार्मों यूपीआई (भारत) और एएएनआई (यूएई) के इंटरलिंकिंग पर एक समझौते पर हस्ताक्षर करने के भी गवाह बने। उन्होंने जयवान (यूएई) के साथ घरेलू डेबिट/क्रेडिट कार्ड झ्र रुपे (भारत) को आपस में जोड़ने पर एक समझौता भी देखा। दोनों नेताओं ने ऊर्जा साझेदारी को मजबूत करने पर भी चर्चा की। दोनों देश के बीच संबंध धनिष्ट हो रहें है। पीएम मोदी लगातार खाड़ी देशों से व्यापारिक रिश्ते बढ़ा रहें हैं।

# विकेंद्रीकृत नवीकरणीय ऊर्जा में बढ़ता देश



**पावर** फॉर ऑल 2022 एनर्जी एक्सेस ट्रेंड एक इंडिकेटर है जो आने वाली चीजों का संकेत दे रहा है, जब भारत ने 2022 का केंद्रीय बजट पेश किया। बजट का आवंटन कई ट्रेंड्स के साथ जुड़ता है और यह इक्विटी-आधारित अक्षय ऊर्जा रणनीति और वित्तपोषण पर आधारित होता है।

भारत ने इस साल जब अपना केंद्रीय बजट पेश किया, तो इसने स्वच्छ ऊर्जा उपक्रमों और उनके दायरे के लिए आशा जगायी है। सीओपी 26 (कॉप 26) में भारत ने कोयले और अन्य जीवाश्म के संदर्भ में फेजिंग आउट के बजाय फेजिंग डाउन की घोषणा की। यानी कोयले या जीवाश्म का इस्तेमाल कम करने की तरफ इशारा किया। अक्षय ऊर्जा जैसे समाधान सरकार की योजनाओं, नीतियों और रणनीतियों में मुख्य रूप से होने की भी उम्मीद है। केंद्रीय वित्त मंत्री ने यह स्पष्ट कर दिया है कि कम से कम अगले दो दशकों के लिए स्वच्छ ऊर्जा मुख्य एजेंडा होगा। इधर एनर्जी एक्सेस ट्रेंड्स 2022 की रिपोर्ट भी भारत के लिए उसी की ओर इशारा करती है।

इलेक्ट्रिक वाहनों और सोलर सेल से लेकर हाइड्रोजन प्लांट में बड़े निवेश तक में राजनीतिक मंशा यह है कि जीवाश्म ईंधन पर अत्यधिक निर्भरता से स्थायी समाधान की ओर बढ़ा जाए। यह बहुत जरूरी है कि हरित ऊर्जा उत्पादन को तत्काल बढ़ावा दिया जाए, केवल स्थांतरण के लिए रणनीति बने और यह सुनिश्चत किया जाए कि हरित क्षेत्र में ऐसे समुदायों के लिए भी नौकरियां हो, जिनतक आम तौर पर सुविधाएं नहीं पहुंच पाती हैं और जो वंचित हैं।



**- देबंजना चौधरी**

> 2022 में डीआरई के क्षेत्र में लैंगिक समानता के मामले में कुछ बेहतर होने की उम्मीद है, लेकिन यह उतना नहीं है, जितना होना चाहिए। डीआरई के अनुकूल नीतियों ने ऐसे फंडिंग तक का रास्ता दिखा दिया है, जो महिलाओं की उद्यमशीलता कौशल को शामिल करता है। भले ही उडश्कऊ-19 का यह प्रकोप जारी रहे और 2022 में लॉकडाउन डीआरई क्षेत्र को धीमा कर दे।

2022 के एनर्जी एक्सेस ट्रेंड उसी इसी दिशा को दर्शा रहे हैं, जिस तरफ दुनिया जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को दूर करने के लिए बढ़ रही है। महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता की कमी की वजह से अक्षय क्षेत्र में महिलाओं के सामने आ रही सामाजिक-आर्थिक चुनौतियां कैसे बढ़ जाती हैं, यह भी देखा जा रहा है। महिलाओं की इन चुनौतियों को ध्यान में रख कर सरकारी नीति और योजनाओं को बनाने की आवश्यकता है।

जलवायु परिवर्तन के कारण महिलाएं और लड़कियां असमान रूप से प्रभावित हैं और उन्हें अभी भी समान अवसर नहीं मिल सका है। पुरुषों की तुलना में महिलाएं जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के प्रति अधिक संवेदनशील हैं। ऐसा इसलिए है कि दुनिया के अधिकांश गरीबों में महिलाएं ज्यादा है और अपनी आजीविका के लिए उन प्राकृतिक संसाधनों पर ज्यादा निर्भर हैं, जो जलवायु परिवर्तन के कारण खतरे में हैं। विकासशील देशों में ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं और पुरुष विशेष रूप से उस समय कमजोर होते हैं, जब वे अपनी आजीविका के लिए स्थानीय प्राकृतिक संसाधनों पर अत्यधिक निर्भर होते हैं। उनके उपर चूल्हे पर खाना पकाने के लिए पानी, भोजन और संसाधनों को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी होती है। इस दौरान ने सबसे अधिक चुनौतियों का सामना करते हैं।

2022 में डीआरई के क्षेत्र में लैंगिक समानता के मामले में कुछ बेहतर होने की उम्मीद है, लेकिन यह उतना नहीं है, जितना होना चाहिए। डीआरई के अनुकूल नीतियों ने ऐसे फंडिंग तक का रास्ता दिखा दिया है, जो महिलाओं की उद्यमशीलता कौशल को शामिल करता है। भले ही उडश्कऊ-19 का यह प्रकोप जारी रहे और 2022 में लॉकडाउन डीआरई क्षेत्र को धीमा कर दे, लेकिन डीआरई ने इतिहास में काफी लचीलापन दिखाया है। भारत के निर्माण में बेहतर सफर और आत्मानिर्भर भारत की राह में ऊर्जा उद्यमियों और एमएसएमई की प्रमुख भूमिका होगी।

यह रिपोर्ट कई देशों के साथ अपने डीआरई रोडमैप को व्यवस्थित करने के एक सिल्वर लाइनिंग को भी प्रकाश में लाती है। एशिया-पेसिफिक देश विशेष रूप से डीआरई कथा को आगे बढ़ाते हैं और अब वे ऊर्जा स्थांतरण निवेश स्तर पर विश्व के शीर्ष 10 देशों में से चार चार स्थानों पर कायम हैं। इस सूची में भारत और दक्षिण कोरिया चीन और जापान के साथ शामिल हो गए हैं।

ब्लूमबर्ग एनईएफ की एक रिपोर्ट से पता चला है कि 2021 में ऊर्जा स्थांतरण में वैश्विक निवेश 755 बिलियन डॉलर था। यह बढ़ते जलवायु लक्ष्यों और योजनाओं पर काम कर रहे देशों के लिए और खास कर एशिया-पेसिफिक देशों के लिए नया रिकॉर्ड था। रिपोर्ट के अनुसार विश्व स्तर पर पूर्वी अफ्रीका और एशिया बाहर हैं। यह दिलचस्प है कि ट्रेंड्स सर्वे के जवाब देने वालों का अनुमान है कि भारत की अगली क्रांति बाइक और ई-रिख्शा जैसे दो और तीन पहिया वाहनों के उपयोग के क्षेत्र में होगी।

ई-मोबिलिटी ट्रेंड डीआरई क्षेत्र की क्षमता को प्रदर्शित करता है और बताता है कि यह कैसे कमजोर समुदायों को जोड़कर उनकी आजीविका और मुख्य धारा से उनके जुड़ाव को बेहतर कर रहा है।

आज जहां वैश्विक अर्थव्यवस्था अभी भी संघर्ष कर रही है, भारत में स्वच्छ ऊर्जा मोड उद्यमियों और समुदायों दोनों के लिए समान रूप से जीवन का एक नया आयाम प्रदान कर रहा है। (अनुसंधान से पता चलता है कि अभी एक लंबा रास्ता तय करना बाकी है, लेकिन यह भी बताता है कि तेज गति से विकास निश्चित है)।

सरकार समर्थित योजनाओं के कारण भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों का चलन बढ़ रहा है। इस वर्ष और भी अधिक राज्यों में सार्वजनिक परिवहन व्यव्सथाओं और असंगठित परिवहन क्षेत्रों में भी इलेक्ट्रिक वाहनों के होने की संभावना है। प्रोडक्टिव यूज ऑफ रेनेवेबल एनर्जी 2022 में भी चलन में होगा। यह खाद्य सुरक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों के निर्माण और स्वास्थ्य सेवाओं को सुगम बनाने में गेम-चेंजर साबित होगा। कृषि और स्वास्थ्य दोनों क्षेत्रों में कोल्ड चेन प्रभावी रहेगा। अभी भी जब महामारी लगातार तीसरे वर्ष फैल रही है, ऐसे में एसडीजी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के साथ समान रूप से टीकाकरण देश की प्राथमिकता होगी। जब देश के कई राज्यों में चुनाव हो रहे हैं, तब यह देखना दिलचस्प होगा कि कैसे डीआरई को घोषणापत्रों में शामिल किया जाता है और यह सुशासन के लिए एक बेंचमार्क बन जाता है।

### खास बात
## मिर्जा गालिब

**इमाम हाशमी**

**हर** दिल अजीज मिर्जा गालिब का असली नाम था मिर्जा असदउल्ला खां बेग असद। गालिब जब पांच साल के थे, तभी उनके सिर से पिता का साया उठ गया। मिर्जा गालिब और जिन्दगी के बीच शह-मात का खेल चलता रहा, पर गालिब कभी मायूस नहीं हुए। गालिब ने एक बच्चे जैनुलआबेद्दीन को गोद लिया, पर वह भी मिर्जा के पास ज्यादा दिन तक जी नहीं पाया। गम में डूबे गालिब ने कलम को अपना हमराज बनाया और लिखना शुरू कर दिया। गालिब के शायरी पढ़ने का अंदाज-ए-बयां भी कुछ नायाब था।

मिर्जा गालिब की बातों में बड़ी रंगीनी थी। छोटे-बड़ो यहां तक की बीवी से भी अक्सर मिले तो मजाक करने से नहीं चुकते थे। खुद हंसते और दूसरों को भी हंसाते थे। यही खूबी उनके पत्र व्यवहार में भी दिखाई देती है। फड़कते हुए वाक्य लिखते, दिल्लगी की बातें करते। जो भी उनसे मिलता खुश होता। लोग उनके पत्रों को सम्भाल कर रखते। न जाने उनके कितने दिलचस्प बातें लिखने में नहीं आई, यह साहित्यकारों की भूल थी या उनके आस-पास रहने वाले मित्रों और बंधुओं की चूक, इसका अंदाजा आज लगाना बहुत कठिन है। जो मनोरंजक बातें गालिब साहब के विषय में मिलती है, उनमें से कुछ अंश यहां प्रस्तुत हैं।

**मकान की खोज**

मिर्जा उम्र भर किराए की मकान में रहे। एक बार नए मकान की तलाश में गये। मर्दाने को देख आये, लेकिन जानानाखाने को देख न सके। उसे देखने के लिए अपनी पत्नी उमराव बेगम को भेजा। जब वह लौट कर आई तो उनसे मकान का हाल पूछा। उन्होंने कहा, लोग इस मकान में बला होने की बात बताते हैं। मिर्जा गालिब कहने लगे, क्या दुनिया में तुमसे बढ़कर भी कोई बला हो सकती है।

**पांव की बेड़ी**

अपनी शादी का जिक्र करते हुए, गालिब एक दोस्त को खत में लिखते हुए कहते हैं- 1225 हिज्री को मेरे वास्ते उम्र कैद का हुक्म हुआ। एक बेड़ी (पत्नी) पांव में डाल दी गई। और दिल्ली शहर को जेल खाना नियत कर मुझे उसमें डाल दिया गया।

## सोवत साधु जगाइये

### विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**कुम्भकर्ण** अगर छह माह न सोता और जगता रहता तो उसके सात्विक विचार निश्चित तौर पर ऊंचा उठ सकता था। वह न अच्छा किया न बुरा किया बीच में ही रह गया। इसलिये जो भी स्वभाव होता है उस स्वभाव के उपर विचार का ही अंकुश होता है। इतना ये सात्विक विचार उसको ऊंजा उठा सकते हैं। इसीलिय निरन्तर गुरुसेवा में मन और बुद्धि को रखा जाता है। कुम्भकर्ण तो अच्छा था लेकिन उसके अच्छा होने का लाभ कहां मिला। वह सोया ही रह गया। इसलिए कहा गया है सोवत साुध जगाईये करे नाम का जाप। साधु को ज्यादा सोने नहीं देना चाहिए। ये तीनों सोए भले शाकत सिंह और सांप। जो तांत्रिक है उसे सोने दिजीए वह खराब ही भाषेगा। फलाना मरेगा। फलना जाएगा, ऐस ाहोगा, वैसा होगा, इत्यादि। बाघ और सिंह सोया है तो सोने दीजिए वह जगेगा तो मनुष्य और पशुओं को खाएगा।ये सब सोये और अच्छा आदमी कम सोये। वह जितना जगेगा बढ़िया काम और कल्पना करेगा। कुम्भकर्ण था तो बढ़िया लेकिन समय सोने में गंवा दिया। इसलिये इसमें शिक्षा मिलती है कि आप इस मन और बुद्धि को हमेशा क्रियाशील रखिए। जो लाभ कुम्भकर्ण को मिलना चाहिए न मिला।

**अहिरावण का वध**

कुम्भकर्ण के मारे जाने के बाद रावण कुछ चिंतित हुआ और उचित अवसर देखकर मंदोदरी ने रावण को समझाने का प्रयास किया। वह बोली पतिदेव आप संभल जाइये गलती मत करिये। मैंने आपको कितनी बार समझाया लेकिन आप बात माने नहीं। प्रभु श्री राम साक्षात परमेश्वर हैं।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

**अन्नदाता को प्राथमिकता**

मोदी सरकार के बीते 10 वर्ष विभिन्न पहलों द्वारा किसानों के सशक्तिकरण हेतु समर्पित रहे हैं।
**– अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

### आपके ट्वीट

रोटी, कपड़ा और मकान के साथ- साथ सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में बेहतर शिक्षा, मुफ्त बिजली, छात्रवृत्ति, पेंशन, सिंचाई एवं स्वरोजगार जैसी अनेक योजनाओं द्वारा राज्य के आदिवासियों, मूलवासियों जरूरतमंद को जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। **– चंपई सोरेन, सीएम**





कांग्रेस ने हर किसान को फसल पर स्वामीनाथन कमीशन के अनुसार एमएसपी की कानूनी गारंटी देने का फैसला लिया है। समृद्धि सुनिश्चित कर उनका जीवन बदल देगा। न्याय के पथ पर यह कांग्रेस की पहली गारंटी है। **– राहुल गांधी**

# योगेश्वर कृष्ण और बसंत की महिमा

**गिरीश्वर मिश्र**

**श्रीकृष्ण** भाव पुरुष हैं। परब्रह्म के पूर्ण प्रतीक जो लीला रूप में अनुभवगम्य होते हैं। अक्षय स्नेह के स्रोत रस से परिपूर्ण श्रीकृष्ण इंद्रियों के विश्व में आनंद के निर्झर सरीखे हैं। उनका सान्निध्य चैतन्य की सरसता के साथ सारे जगत को आप्लावित और प्रफुल्लित करता है। श्रीमद्भगवद्गीता में विभूति योग की व्याख्या करते हुए श्रीकृष्ण खुद को ऋतुओं में वसंत घोषित करते हैं : ऋतूनाम् कुसुमाकरः। श्रीमद्भागवत के दशम स्कन्ध में रास प्रवेश करते हुए उनकी निराली छवि कामदेव को भी लजाने वाली है। गोपियों के सामने भगवान श्रीकृष्ण अपने मुस्कराते हुए मुखकमल के साथ पीताम्बर धारण किए तथा वनमाला पहने हुए प्रकट हुए। उस समय वे साक्षात मन्मथ यानी कामदेव का भी मन मथने वाले लग रहे थे। श्रीकृष्ण अप्रतिम सौंदर्य और लावण्य के आगार हैं तो काम को सौंदर्य के मानदंड की तरह रखा गया है। भारतीय संस्कृति में कामदेव की संकल्पना अत्यंत प्राचीन है। इच्छा और कामना की प्रतिमूर्ति के रूप में काम शब्द का प्रथम उल्लेख ऋग्वेद के नासदीय सूक्त में मिलता है जिसके ऋषि परमेष्ठी प्रजापति हैं, और देवता हैं परमात्मा। व्यक्त और अव्यक्त रूपों वाले कामदेव मन्मथ, अतनु, अनंग, कंदर्प, मदन, पुष्पधन्वा आदि कई नामों से जाने जाते हैं। उनको लेकर अनेक कथाएं और मिथक भी प्रचलित हैं। एक कथा यह है कि कामदेव ब्रह्मा के मन से जन्मे थे। कहते हैं वसंत पंचमी की तिथि पर कामदेव का धरती पर आगमन हुआ।

### समाज

वे धनुष बाण से सज्जित रहते हैं। गन्ने (यानी मधु!) से बने धनुष, भ्रमरों की पंक्ति वाली डोरी (प्रत्यंचा) और फूलों के बाण के साथ वह किसी को भी बेध सकते हैं। जहां सौंदर्य है वहीं काम की उपस्थिति है जैसे-यौवन, स्त्री, सुंदर पुष्प, गीत, पराग कण, सुंदर उद्यान, वसंत ऋतु, चंदन, मंद समीर आदि। आनंद, उल्लास, हर्ष, कामना, इच्छा, अभीष्ट, स्नेह, अनुराग आदि के भाव काम की ही अभिव्यक्तियां हैं। जीवन में काम केंद्रीय है और धर्म, अर्थ और मोक्ष के साथ उसे भी पुरुषार्थ का दर्जा मिला हुआ है।

एक कथा के अनुसार देवताओं को तारक असुर के विरुद्ध युद्ध के लिए सेनापति की आवश्यकता हुई। कामदेव की सहायता से शिव का ध्यान पार्वती की ओर आकृष्ट किया गया जिससे शिव की तपस्या भंग हुई। उन्होंने ने क्रुद्ध होकर तीसरे नेत्र से कामदेव को भस्म कर दिया। कामदेव की पत्नी रति की प्रार्थना पर शिव ने कामदेव को प्रद्यम्न के रूप में जन्म पाने की अनुमति दी। फिर श्रीकृष्ण और रुक्मिणी के पुत्र प्रद्युम्न के रूप में कामदेव ने जन्म लिया था। वर्षपर्यंत की भारतीय काल-यात्रा का आरंभ चैत्र मास से होता है और तभी वसंत भी शुरू होता है। वसंत ऋतु समग्रता और पूर्णता का प्रतीक होती है जिसमें विकासमान प्रकृति कुसुमित, प्रफुल्लित, प्रमुदित रूप में सजती-संवरती है। महाकवि कालिदास के शब्दों में इस ऋतु में सब कुछ प्रिय हो उठता है : सर्वम् प्रिये चारुतर वसंते (ऋतु संहार, 6,2)। श्रीकृष्ण के रूप में सभी गुण नया सौंदर्य पा जाते हैं और उनका प्रकटन वसन्त में होता। इस दृष्टि से महाकवि जयदेव के श्रुतिमधुर काव्य गीत गोविंद की चर्चा के बिना कोई भी चर्चा अधूरी ही रहेगी। इस काव्य के सामोददामोदर नामक पहले सर्ग में वसंत ऋतु में श्रीकृष्ण का वर्णन किया गया है। इस वासंती रस वृष्टि की इस रचना ने भारत के मन को मोह लिया है। संगीत और नृत्य में अनेक कलाकारों ने इसकी अभिव्यक्ति की है। यह वसंत राग में गाया जाता है। जयदेव के शब्दों में वसन्त मलय समीर (वायु) के झोंकों के साथ आता है। वह लवंग की लताओं को झुकाता और उनमें फूल खिलाता है। भौरों की गुंजार और कोयल की कूक भी साथ आती है। जो परदेस चले गये हैं उनकी पत्नियां बिलखती हैं।

### कार्टून वर्ल्ड




### लेटर टू एडिटर

**राहुल की बात**

राहुल गांधी बेरोजगारी का मुद्दा लगातार उठाते रहते हैं। उनकी दलील है कि वर्तमान में बेरोजगारी की दर पिछले पचास सालों में सर्वाधिक है। लोकसभा में कहा था कि देश में मौजूदा बेरोजगारी की दर बांग्लादेश की तुलना में तेजी से बढ़ी है। बहरहाल, देश में बढ़ता बेरोजगारी संकट एक बड़े संकट की आहट की तरह भी है जो कालांतर में सामाजिक असंतोष का वाहक बन सकता है। **– रवि, रांची**

**गंभीर समस्या**

**यदि** समय रहते इस संकट को गंभीरता से संबोधित नहीं किया जाता है तो बेरोजगारी व दिवालिया होने पर आत्महत्या करने वालों का आंकड़ा और बढ़ सकता है, जो देश के लिये अच्छी स्थिति कदापि नहीं कही जा सकती। देश में बेरोजगारी दूर करने के लिये युद्धस्तर पर अभियान चलाने की जरूरत है। अब पानी सर से उपर जा रहा है।
**– विनय शर्मा, हजारीबाग**

# राजनीति में बढ़ते अपराधीकरण के दुष्परिणाम

**मृत्युंजय प्रसाद**

**राजनीति** के अपराधीकरण को लेकर लंबे समय से चिंता जताई जा रही है आपराधिक तत्त्वों का राजनीति में और खासतौर पर विधायिका में प्रवेश न हो? इसके उलट पिछले कई दशक इस बात के गवाह रहे हैं कि राजनीति में अपराधियों के बढ़ते दबदबे को एक गंभीर समस्या बताए जाने के बावजूद लगातार वैसे लोग जनप्रतिनिधि के तौर पर संसद और विधानसभाओं में अपनी जगह बनाते रहे हैं, जिनका अतीत आपराधिक घटनाओं में संलिप्त होने का रहा है।

सांसदों और विधायकों के खिलाफ मामलों के शीघ्र निपटारे और विशेष अदालतों के गठन के मामले में अदालत की सहायता के लिए नियुक्त न्याय मित्र ने बीते हफ्ते उच्चतम न्यायालय को बताया कि सांसदों और विधायकों के खिलाफ लंबित मामलों की संख्या दो साल में 4,122 से बढ़ कर 4,984 हो गई है। इनमें 1,899 मामले पांच वर्ष से ज्यादा पुराने हैं। रिपोर्ट के मुताबिक दिसंबर 2018 तक कुल लंबित मामले 4,110 थे और अक्तूबर 2020 में ये 4,859 थे।

इससे साफ पता चलता है कि इस प्रवृत्ति की रोकथाम के दावों के बरक्स आपराधिक पृष्ठभूमि वाले काफी लोग अब भी संसद और विधानसभाओं की सीटों पर कब्जा कर रहे हैं। आखिर क्या वजह है कि एक ओर सभी पार्टियां अपने प्रतिपक्षियों को इस बात के लिए कठघरे में खड़ा करती हैं कि

### सामयिक

उन्होंने आपराधिक अतीत या छवि वाले लोगों को टिकट देकर समस्या को जटिल बनाया है, जबकि अक्सर मौका मिलने पर ऐसा करने में वे खुद भी पीछे नहीं रहती हैं।

हर अपराध के खिलाफ बढ़-चढ़ कर बोलने और अपराधियों पर लगाम लगाने का दावा करने वाली पार्टियां आखिर किन वजहों से ऐसा कर पाती हैं? क्या इसके पीछे एक बड़ा कारण यह नहीं है कि उन्हें न केवल आपराधिक छवि वाले लोगों से पार्टी का कोष मजबूत करने में मदद मिलती है, बल्कि उनके इलाके में भय पर आधारित समर्थन भी हासिल होता है? इसका एक मतलब यह भी हो सकता है कि राजनीतिक दल अपराधियों के प्रभाव वाले इलाकों में जनता के बीच अपने सिद्धांतों, विचारों के जरिए लोगों के बीच अपने लिए समर्थन हासिल करने में नाकाम होते हैं और इसलिए उन्हें वोट हासिल करने का यह आसान रास्ता दिखाई देता है।

सवाल है कि देश की नियति तय करने वाली राजनीतिक पार्टियों के ऐसे रुख की वजह से राजनीति के अपराधीकरण का जो खमियाजा आम जनता को उठाना पड़ता है, समूचे शासन का स्वरूप प्रभावित होता है, उसकी जिम्मेदारी किस पर आती है! मसले की जटिलता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि सार्वजनिक रूप से चिंता जताए जाने के साथ-साथ सांसदों-विधायकों के खिलाफ मामलों के निपटारे के लिए कुछ राज्यों में विशेष अदालतों के गठन किए जाने और कुछ अन्य राज्यों में संबद्ध क्षेत्राधिकार की अदालतों में सुनवाई के बावजूद दागी नुमाइंदों की तादाद संसद और विधानसभाओं में बढ़ी ही है। एक मुश्किल यह भी है कि ऐसे मामलों की सुनवाई करने वाली अदालतों के पास कई स्तरों पर कुछ बुनियादी सुविधाओं का अभाव है और इस बारे में अब तक केंद्र सरकार की ओर कोई ठोस पहल नहीं हुई है। जाहिर है, इस समस्या से निपटने के लिए अदालतों में तेजी से सुनवाई के साथ-साथ सिर्फ दिखावे के वादों और दावों के बरक्स सभी पार्टियों को अपने स्तर पर आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों को चुनावों में उम्मीदवार बनाने से बचना होगा।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### सरस्वती पूजा धूमधाम से मनायी गयी

**चरही।** चुरचू प्रखंड के चरही, सडवाहा, बहेरा, कजरी, फुसरी, तापीन, पिंडरा, इंद्रा, जरबा, हेंदेंगढ़ा सहित कोयलांचल क्षेत्रों के कई सरकारी, गैर सरकारी स्कूलों, महाविद्यालयों तथा सार्वजनिक स्थलों पर विद्या की देवी भगवती सरस्वती की प्रतिमा को स्थापित कर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना किये। इस पूजा-अर्चना में सबसे जायदे नन्हे-मुन्हे स्कूली बच्चे-बच्चियों का उमंग रहा।जो स्नान कर भगवती सरस्वती की पूजा श्रद्धा भाव के साथ किया।साथ ही प्रतिमा स्थल पर बच्चे-बच्चियों ने कॉपी,किताब और कलम रखे। महाआरती के सभी ने माता से विद्या और सुख समृद्धि की कामना की।उसके बाद उपस्थित लोगों के बीच पंचामृत और प्रसाद का वितरण किया गया।

### अनियमितता बरतने वाले पर होगी कार्रवाई: टाटीझरिया प्रमुख

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रमुख संतोष मंडल उप प्रमुख रवि वर्णवाल ने प्रखंड वासियों को सरस्वती पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि माता सरस्वती सभी श्रद्धालुओ को बल बुद्धि विद्या देकर हरेक मनोकामनाओं को पूर्ण करे। वही उन्होंने 14 फरवरी बुधवार को कहा की झारखंड सरकार द्वारा चलाई जा रही गरीब बेसहारा आवास विहीन मिट्टी (कच्चा मकान) के योग्य लाभुको को आबुआ आवास योजना से लाभान्वित किया जाना है। लेकिन सूत्रों की मिली जानकारी के मुताबित्त बताया जा रहा है कि आठों पंचायत में बिचौलीया प्रवृति लोग के मिलीभगत से योग्य लाभुको का अबुआ आवास योजना के आयोग्य लाभुक की श्रेणी में लाभान्वित किया जा रहा है। प्रमुख संतोष मंडल, उप प्रमुख रवि वर्णवाल ने साफ साफ लाभुको से आग्रह करते हुए कहा है कि यदि कोई भी बिचौलिया प्रवृति के लोग आबूआ आवास योजना में रुपए पैसे की मांग करे तो उन्हे चिन्हित कर सूचना दे उन पर त्वरित अविलंब प्रशासनिक कार्यवाई कि जायेगी। कोई भी कर्मी इस प्रकार कृत्य करते पाए गए तो वे बख्शें नही जाएंगे। वहीं सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल ने कहा कि सरकार किस आधार पर चयन किया है वह सोचने वाली बात है। जिन लोगों को पहले मिलना चाहिए उनका नाम ही नही है। झारखंड सरकार योग्य लाभुक को लाभ दे।

### आंगनबाड़ी केंद्रों में खाना बनाने का बर्तन वितरित किया गया


मौके पर उपस्थित अधिकारी व अन्य।

**बड़कागांव।** हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशन में एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के द्वारा राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर बड़कागांव प्रखंड के 157 आंगनबाड़ी केंद्रों में खाना बनाने का बर्तन वितरण किया गया। वितरण समारोह ढेंगा पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना कॉलोनी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित की गई थी, जहां मुख्य अतिथि एलए/आरएनआर विभाग के महाप्रबंधक पंकज ध्यानी के हाथों आंगनवाड़ी विभाग के पर्यवेक्षिका अनुराधा पासवान, पूजा राय, रुखसाना परवीन को सुपुर्द किया गया। मौके पर महाप्रबंधक श्री ध्यानी ने कहा कि हजारीबाग उपायुक्त के निर्देशन में बड़कागांव प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में खाना बनाने का बर्तन आपूर्ति की जा रही है ताकि केंद्र के बच्चों के लिए खाना बनाने में कोई परेशानी न हो। मौके पर विशिष्ट अतिथि सीएसआर विभाग के उप महाप्रबंधक संजीत कुमार सेनापति, वरिष्ठ प्रबंधक कमला राम रजक, सीएसआर कार्यपालक रजनीश कुमार, सतीश कुमार सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी की सेविका तथा एनटीपीसी के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल थे। एनटीपीसी के इस कार्यक्रम को आंगनबाड़ी के पर्यवेक्षिकाएं एवं सेविकाओं में धन्यवाद देते हुए कहा कि जो परेशानी आंगनबाड़ी केंद्रों में हो रही थी वह अब नहीं होगी।

### रेन्बो स्कूल में श्रद्धाभाव एवं धूमधाम से मनाई गई सरस्वती पूजा


पूजा करते लोग।

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत शिवपुर गडलाही में संचालित रेन्बो स्कूल में बसंत पंचमी पर विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की गई। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा एवं उनकी धर्मपत्नी पुष्पलता कुमारी सहित शिक्षिकाओं एवं बच्चों ने माता सरस्वती की पूजा अर्चना पूरे विधि विधान से किया। विद्यालय में मंत्रोच्चारण के बीच मां सरस्वती पूजा किया गया। विद्यार्थियों ने पूजा कर मां सरस्वती से सुबुद्धि और समृद्धि की कामना की। पूजा के दौरान छात्रों में खासा उमंग और उत्साह दिखा। पूजा के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर प्राचार्य पंचम पांडेय, शिक्षकों में गौरी शंकर, प्रवीण कुमार, उषा कुमारी, सुधा कुमारी, कुमारी स्वेता, प्रीति कुमारी, खुशबू कुमारी, अंशु कुमारी, पंकज कुमार, खुशी कुमारी, शिवानी कुमारी, रिंकी कुमारी आदि उपस्थित रहें।

## हजारीबाग सांसद-विधायक ने कटकमदाग प्रखंड में 85 लाख के विकास योजनाओं का किया शिलान्यास

# हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र विकास के क्षेत्र में अव्वल : जयंत सिन्हा

## आजादी के बाद पहली बार कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र में बही है विकास की गंगा : मनीष जायसवाल

खबर मन्त्र संवाददाता


आधारशिला रखते सांसद व विधायक।

**कटकमदाग।** बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र में हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा और हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने संयुक्त रूप से 85 लख रुपए की विकास योजनाओं की आधारशिला रखी। सांसद- विधायक ने संयुक्त रूप से कटकम डाक प्रखंड क्षेत्र के ढेंगुरा पंचायत का दौरा किया और स्थानीय लोगों के बीच पहुंचकर पिछले करीब 10 सालों में हुए मोदी सरकार के विकास योजनाओं को रखा और लोगों की समस्याओं से भी रूबरू हुए। नेताद्वय ने कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र के ग्राम सिरसी में पीएम-एबीएचआईएम मद अंतर्गत करीब करीब 55 लाख की लागत से यहां बनने वाले स्वास्थ्य उपकेंद्र के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उसके बाद दोनों नेता ग्राम ढेंगूरा पहुंचे और यहां स्थित बिरहोर टांडा में ग्रामीण विकास विभाग ग्रामीण कार्य मामले के पीएम-एबीएचआईएम मद अंतर्गत करीब करीब 30 लाख की लागत से प्राथमिक विद्यालय से आंगनबाड़ी तक फेंसिंग का निर्माण कार्य का आधारशिला रखा। मौके पर हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार पिछले 10 वर्षों में हजारीबाग विधानसभा विकास के क्षेत्र में अव्वल रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ विकास के कई कार्य के द्वारा कीर्तिमान स्थापित किए गए हैं। उन्होंने इसके लिए विधायक मनीष जायसवाल को विशेष धन्यवाद दिया। सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र की जनता ने मुझे जो जिम्मेवारी दी उसके ईमानदारी पूर्वक निर्वहन का हमेशा प्रयत्न करता हूं। कहा कि कटकमदाग प्रखंड विकास के मामले में सबसे पिछड़ा था। लेकिन पिछले 10 वर्षों में यहां विकास की गंगा बही है। अब यह प्रखंड विकास के क्षेत्र में काफी आगे पहुंच गया है। मौके पर विशेषरूप से स्थानीय मुखिया कंचन देवी, भाजपा कार्यकर्ता शंभू गोप, पूर्व वार्ड पार्षद बादशाह पासवान, अजय पाण्डेय, कुणाल कुमार उर्फ. हैप्पी, राजू यादव, ज्ञान प्रकाश, उत्तम कुमार, अनिल पांडेय, मनोज पांडेय, राहुल पांडेय, सूरज गोप, विधायक प्रतिनिधि शिवपाल यादव सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

## भव्य कलश यात्रा के साथ माता वैष्णों देवी मंदिर का 33वां वार्षिकोत्सव प्रारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता


कलश यात्रा में शामिल।

**रामगढ़।** शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर का 33वां वार्षिकोत्सव बुधवार को गाजे-बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा से शुरू हुआ। इस दौरान पूरा शहर जय माता दी के उद्घोष से गूंजता रहा। कलश यात्रा में काफी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं लाल चुनरी ओढ़े सिर पर कलश लेकर चल रही थी। कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकाली गई, जो शहर के झंडा चौक, गांधी चौक, मेन रोड, सुभाष चौक, शिवाजी रोड, लोहार टोला होते हुए चट्टी बाजार स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर में कलश में जल भरकर वापस माता वैष्णों देवी मंदिर पहुंची। कलश यात्रा में सुसज्जित वाहन पर माता का विशाल चित्र रखा गया था। इसके पीछे स्थानीय भजन गायक कमल बगड़िया व ध्रुव सिंह अपनी पूरी टीम के साथ भजन गाते हुए चल रहे थे। इस दौरान कलश यात्रा में शामिल महिलाएं और श्रद्धालु भी माता का जयकारा लगाते हुए चल रहे थे। नगर भ्रमण के दौरान शिवाजी रोड स्थित गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के सदस्यों ने कलश यात्रा का स्वागत किया। कलश यात्रा के आगे शतचंडी यज्ञ के मुख्य यजमान मनीष मारवाह व उनकी पत्नी नमिता मारवाह साथ-साथ चल रहे थे। इस अवसर पर मंदिर की संचालक संस्था पंजाबी हिन्दू बिरादरी व माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरत चन्द्र वासुदेव, महासचिव महेश मारवाह, उपाध्यक्ष मनजीत साहनी, सहसचिव हेमेंद्र सौंधी, कोषाध्यक्ष सुशील खोसला, रमण मेहरा, विश्वनाथ अरोड़ा, सुभाष चन्द्र मारवाह, नरेश चन्द्र मारवाह, जेके शर्मा, सुरेन्द्र सोबती, राजीव चड्ढा, ओमकार मल्होत्रा, बलवंत राय मारवाह, अजीत अग्रवाल, वेद आनंद, विशाल वासुदेव, पवन मारवाह संजीव धमीजा, सहित बिरादरी के सभी सदस्यों के अलावे श्रद्धालु शामिल थे।

ज्ञात हो कि आज से 33 वर्ष पूर्व स्थानीय झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर में माता की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई थी। लोगों का कहना है कि आज से 33 वर्ष पूर्व काफी आश्चर्यजनक तरीके से माता की प्रतिमा स्थापित हुई थी। लोग बताते हैं कि प्रतिमा स्थापना के वक्त काफी संख्या में लोग प्रतिमा को उठाकर नियत स्थान पर बैठा रहे थे, लेकिन प्रतिमा को लोग उठा नहीं पाए। इसके बाद काशी व अन्य स्थान से आए पंडितों ने काफी अनुष्ठान व धार्मिक क्रियाएं की, इसके बाद एक तेज आवाज हुई और धरती में कंपन हुआ। इसी के साथ प्रतिमा नियत स्थान पर स्थापित हो सकी। आवाज इतनी तेज थी कि इसकी आवाज पूरे रामगढ़ वासियों ने सुनी। रामगढ़ के लोग इसकी पुष्टि भी करते हैं, इसके बाद प्रत्येक वर्ष प्रतिमा स्थापना की वर्षगांठ मनाई जाती है। वर्ष में तीन बार भंडारे का आयोजन ट्रस्ट द्वारा किया जाता है। मंदिर के गुंबद को 30 फीट तक सोने से मढ़ा गया है। मंदिर के ऊपर सोने का छत्र बनाया गया है। तीनों भंडारे में लोगों की अपार भीड़ होती है।

## प्रेस क्लब, बरही के पत्रकार ने एसडीओ व एसडीपीओ से किया शिष्टाचार मुलाकात


मौके पर एसडीओ, एसडीपीओ व पत्रकारगण।

**बरही।** प्रेस क्लब, हजारीबाग प्रखंड इकाई बरही के सदस्यो ने मंगलवार को बरही के नए अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुड्डू और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नौशाद आलम से शिष्टाचार मुलाकात किया। इस दौरान प्रेस क्लब के सदस्यो ने दोनो नव पदस्थापित पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही प्रेस और प्रशासन के रिश्तों को बेहतर करने और आम जनों के हितों की रक्षा करने के लिए सामूहिक प्रयास करने की बात कही। इस दौरान प्रेस क्लब बरही के अध्यक्ष अनुज यादव, सचिव अनुज सिंह, कोषाध्यक्ष राकेश रोशन, उपाध्यक्ष पंकज कुमार, केंद्रीय सदस्य आनंद प्रसाद प्रधान, अब्दुल मनान वारसी, पत्रकार रितेश कुमार, सुजीत प्रधान आदि उपस्थित रहे।

## सरस्वती पूजन से विद्या, ज्ञान की प्राप्ति होती है : शैलेश कुमार



बढ़ चढ़कर भाग लेते विद्यार्थी।

**बरही।** पंचमाधव स्थित आइलेक्स पब्लिक स्कूल में विद्या एवं कला की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की पूजा भक्ति भाव से किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लेते हुए या देवी सर्वभूतेषु विद्या रूपेण संस्थिता के सामूहिक पाठ से वातावरण भक्तिमय हो उठा। नदेशक शैलेश कुमार ने कहा कि बसंत पंचमी को सर्वसिद्ध मुहुर्त के रूप में माना जाता है। कहा जाता है कि इस दिन कोई भी शुभ कार्य करने के लिए पंचांग देखने की जरूरत नहीं होती। ऐसे खास मौके पर जरूरी है कि अड्डयर्थी ईमानदारी पूर्वक समय का सदुपयोग करते हुए उचित मार्गदर्शन में लगातार परिश्रम करने का प्रण लें, सफलता जरूर मिलेगी। पूजा अर्चना अशोक पंडित ने कराया। सरस्वती पूजा को लेकर विद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर शिक्षको व अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के मैनेजर सुषमा भारती, भूषण कुमार, मनोज कुमार, जितेंद्र पांडेय, नेहा सिन्हा, राजेन्द्र कुमार, साकेत कुमार, निधि पाठक, पप्पू यादव, कृष्णा चोपड़ा, संदीप कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

# घूस लेते एसआई को एसीबी की टीम ने पकड़ा

खबर मन्त्र संवाददाता


गिरफ्तार कर ले जाते।

**गोला।** गोला थाना में पदस्थापित एस आई मनीष कुमार को हजारीबाग के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने 15000 घूस लेते हुए पकड़ा है। इस संबंध में बताया जाता है कि गोला थाना क्षेत्र के ग्राम कुम्हारदगा निवासी सहदेव कुमार ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो प्रमंडलीय कार्यालय हजारीबाग को सूचित किया था कि गोला थाना में एक केस के सिलसिले में एस आई मनीष कुमार ने 20000 की मांग की थी। मामला गोला थाना कांड संख्या 71/2023 से संबंधित है, जिसमें आवेदक की चचेरी बहू पिंकी कुमारी पति स्वर्गीय खेमनाथ कुमार ने दीपक कुमार साकिन सुंदरी भवन निकट अंजलि होटल कांटाटोली, रांची के विरुद्ध केस दर्ज कराया है। केस से संबंधित मामले का अनुसंधान कर्ता एसआई मनीष कुमार है, जिसने पैसे की मांग की। जांचों परांत एसीबी के टीम में शामिल पुलिस ने बुधवार को गोला थाना परिसर में एसआई मनीष कुमार को 15000 रुपया घूस लेते पकड़ लिया। साथ ही अपने साथ हजारीबाग ले गयी। बताया जाता है कि एस आई मनीष कुमार पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं और गोला थाना में पदस्थापित है। उनका हाल ही में उनका स्थानांतरण खूंटी जिला में किया गया है, जहां योगदान देने से पूर्व ही भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है।

## एक नजर में

### उत्साह के साथ माता सरस्वती की हुई पूजा


पूजा अर्चना करते।

**मांडू।** बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर 14 फरवरी को मांडू और आसपास क्षेत्र में छात्र-छात्राओं और नवयुवकों ने माता सरस्वती की विधि पूर्वक पूजा अर्चना की। इस दौरान पूजा पंडालों को विद्युत लाइट की साज सजा कर ध्वनि साउंड डीजे और लोड़ीस्पीकर लगाकर सरस्वती मां के भक्तों एवं छात्राओं ने पुजारी के द्वारा मंत्र उच्चारण करके विधि पूर्वक पूजा अर्चना और आरती किये और मां सरस्वती से विद्या प्राप्ति और आशीर्वाद प्राप्त के लिए वंदना की। साथ ही साथ 3 वर्ष से 4 वर्ष के छोटे बच्चों को अभिभावक लोग अपने बच्चों को सरस्वती मां के प्रतिमा के सामने सिलेट बोर्ड और चौक खली के द्वारा ब्राह्मण और स्थानीय टीचर से पढ़ाई का शुरूआत कराए। श्रद्धालु महिला नवयुवक और युवतियां सभी पूजा पंडालो में सरस्वती मां का प्रतिमा और पूजा पंडाल देखने और प्रसाद ग्रहण करने के लिए दिन भर श्रद्धालुओं का भीड मेला जैसा लग रहा था मांडू पूरे क्षेत्र में सरस्वती मां भक्ति गीतों के गुंज से पूरा मांडू भक्ति मय हो गया है। मांडू के प्राचीन शिव मंदिर, मणिपाल स्कूल, राधानगर, मोती कृष्णा पब्लिक स्कूल, दिलीप अकैडमी, मांडू चट्टी, गरगाली, गोविंदपुर पुंडी, पुंडी बस्ती, बसोदी बस्ती, हेसागढा इन क्षेत्रों में सरस्वती पूजा मनाया गया।

### सेट्रिंग प्लेट और सीमेंट बोरी की हुई चोरी, थाना मे दिया आवेदन

**दारु।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत कबलासी पंचायत के उत्क्रमित उच्च विद्यालय तीउज पुनाई मे भवन निर्माण स्थल पर रखे लोहे की 187 पीस सैटरिंग प्लेट और आठ बोरी सीमेंट की चोरी हो गयी।इस बारे मे ठीकेदार फिरोज खान पिता दिलावर खान कतरास निवासी के द्वारा दारु थाना मे आवेदन दिया गया है। आवेदन मे उन्होंने बताया की विद्यालय का भवन निर्माण कार्य पुरा हो चुका था एक दो दिनों मे सभी समान को समेट कर ले जाने की तैयारी चल रही थी इसी बीच मंगलवार की रात्रि को चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। यह घटना बगल के एक दुकान मे लगे सिसिटीवी कैमरा मे कैद हो गयी है जिसमे रात्रि बारह बजे के करीब चोर पिक अप भैन से आकर समान ले जाते नजर आ रहे है। इस चोरी की घटना मे करीब 2 लाख 90 हजार की कीमत की समान की चोरी हो गयी है। पुलिस को जानकारी मिलने के बाद थाना से एएसआई गणेश हांसदा मौके पर पहुंचकर इस घटना की जांच कर उचित करवाई का भरोषा दिलाया।

### एजेकेएसएस ने 11 सूत्री मांग को लेकर महाप्रबंधक के साथ किया वार्ता



वार्ता करते।

**कुजू।** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ प्रतिनिधि मंडल ने 11 सूत्री मांग को लेकर बुधवार को सीसीएल कुजू महाप्रबंधक कार्यालय में महाप्रबंधक के साथ वार्ता किया। वार्ता में महाप्रबंधक नीरज कुमार सिन्हा शामिल थे। इस दौरान प्रतिनिधिन मंडल ने अपनी मांगों को उनके समक्ष रखा। जिसमें कुजू क्षेत्र के तोपा, पिंडरा, कुजू, पुंडी, करमा, आरा, सारूबेड़ा परियोजनाओं के रैयत विस्थापितों को जमीन के बदले लंबित नौकरी मुआवजा शीघ्र देने, तोपा थ्री सेंटर में लगे आग को जल्द बुझाने, सभी बंद परियोजनाओं को जल्द चालू करने, पूर्व की तरह तोयरा, दुध मटिया में स्कूल बस बहाल करने, जर्जर आवास की मरम्मति करने, तोपा से तोयरा तक सड़क बनाने, तोपा परियोजना के पुनर्वास स्थल पर बिजली, पानी की सुविधा देने, ग्राम देवता स्थल पर चहारदीवारी करने, श्रमिक विद्यालय तोपा का जल्द मरम्मति करने के साथ परियोजना अंतर्गत बिजली, पानी, सड़क, शौचालय की सुविधा देने का मांग किया। जिस पर महाप्रबंधक नीरज कुमार सिन्हा ने तत्काल जर्जर आवास, सड़क, श्रमिक विद्यालय मरम्मति कराने, मिट्टी मोरम गिराकर सड़क को समतल करने को लेकर एक सप्ताह के भीरत पूरा करने की बात कही। वहीं अन्य समस्याओं को लेकर जल्द ही प्रोपोजल बनाकर आगे भेजने का भरोसा दिलाया। इसके बाद संघ के लोगों ने महाप्रबंधक का आभार व्क्त किया। वार्ता में पीओ मनीष कुमार, सिविल विजय प्रकाश, तबरेज के अलावे संघ की ओर से आजसू मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, क्षेत्रीय सचिव रामभजनलाल महतो, अध्यक्ष सहदेव मांझी, तेजनाथ महतो, ज्ञानी महतो, जलेश करमाली, दुबराज महतो, शहाबुद्दीन रिजवी, सुखदेव महतो, दिनेश कुमार, विमल कुमार महतो, विनोद कुमार महतो, साजन बबलू, पुरण, रथों, अनिल कुमार, लखन कुमार, इदरीश अंसारी, एतवारी मांझी, शशि कुमार, नागेश्वर महतो आदि शामिल थे।

# धनवार मुखिया के साथ हुए मारपीट को लेकर मुखिया संघ हुआ गोलबंद

## आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर मुखिया संघ ने आंदोलन करने की दी चेतावनी

खबर मन्त्र संवाददाता


मुखिया राजेन्द्र प्रसाद के साथ मुखिया संघ।

**बरही।** प्रखंड के धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद के साथ मंगलवार को हुए मारपीट मामले में मुखिया संघ गोलबंद होकर आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग पर अड़ गए। मुखिया संघ के अध्यक्ष विजय यादव के नेतृत्व में प्रखण्ड के सट्ठी मुखिया ने बरही थाना में नवपदस्थापित एससीपीओ नौशाद आलम व इंस्पेक्टर सह थाना प्रड्डारी चंद्रशेखर कुमार से मुलाकात करते हुए दर्ज प्राथमिकी में नामजद अभियुक्त की तत्काल गिरफ्तारी करने की मांग की। मुखिया संघ के लोगों ने बताया कि जब जनता का प्रतिनिधित्व करने वाले जनप्रतिनिधियों के सम्मान के साथ खिलवाड़ किया जाएगा तो वह कहीं भी सुरक्षित नही है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से सुरक्षा की भी मांग करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन उन्हें सुरक्षा देने का काम करें। मुखिया संघ के अध्यक्ष विजय यादव ने कहा कि आज मुखिया के साथ मारपीट करने का काम निंदनीय है। अगर पुलिस तत्काल अभियुक्तों की गिरफ्तारी नही करती है तो जिला मुखिया संघ के नेतृत्व में चरणबद्ध तरीके से आन्दोलन किया जाएगा। मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, बेन्दगी मुखिया सिकंदर राणा, रसोइया धमना मुखिया गोविंद साव, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, कोनरा मुखिया प्रतिनिधि मो ताजुद्दीन, पंचमाधव मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, बरही पूर्वी मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, करसो मुखिया प्रतिनिधि मुकेश राम, खोड़ाहर मुखिया प्रतिनिधि खिरोधर यादव मौजूद रहे।

### मारपीट को लेकर तीन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत सामंतों पेट्रोल पंप के समीप बाईपास ओवरब्रिज के समीप धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद और उनके परिजनों पर हुए हमला व मारपीट को लेकर बरही थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। घटना को लेकर बरही थाना में धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद की पत्नी ममता देवी ने लिखित आवेदन दिया है। जिसके आधार पर बरही थाना कांड संख्या 70/2024 दर्ज करते हुए नागेंद्र प्रसाद पिता रामजय प्रसाद, धीरज कुमार पिता रविन्द्र प्रसाद दोनों ग्राम हरला थाना बरही व तापस चक्रवर्ती पिता न मालूम पता न मालूम पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए धारा 341, 323, 324, 307, 379, 506 व 34 भादवि में नामजद अभियुक्त बनायी है। इधर बरही पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### हड़ताल में शामिल नहीं होगा भारतीय मजदूर संघ : शंभू प्रसाद सिंह


शंभू सिंह।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ से संबद्ध भारतीय मजदूर संघ संयुक्त मोर्चा के लोग आगामी 16 फरवरी को देश व्यापी एक दिवसीय हड़ताल में शामिल नही होगा। उक्त जानकारी प्रेस बयान जारी कर बरका सयाल क्षेत्रीय सचिव शंभु प्रसाद सिंह ने दी। उन्होंने कहा की उक्त हड़ताल राजनीति से प्रेरित है। हड़ताल में भारतीय मजदूर संघ का कार्यकर्ता शामिल नही होगा।

## स्पीड न्यूज

### पेपर लीक मामले पर आजसू ने निकाला मशाल जुलूस, सीबीआइ जांच की मांग


टावर चौक में परीक्षा लीक मामले पर प्रदर्शन करते आजसू कार्यकर्ता।

गुमला। जेएसएससी पेपर लीक मामले की उच्च स्तरीय सीबीआई जांच की मांग को लेकर मंगलवार की शाम आजसू पार्टी गुमला जिला के कार्यकर्ताओं ने मशाल जुलुस निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया। जिसका नेतृत्व आजसू जिलाध्यक्ष दिलीप नाथ साहू ने की। पार्टी की सहयोगी संगठन अखिल झारखण्ड छात्र संघ ने उचित मांग के समर्थन में पार्टी के जिला कार्यालय पालकोट रोड से टावर चौक गुमला तक पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मशाल लेकर विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। वहीं परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर 15 फरवरी को उपायुक्त गुमला के माध्यम से राज्यपाल को अपनी मांग पत्र सौंपेगी और एक दिवसीय राजभवन के समक्ष धरना प्रदर्शन करेगी। जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू ने कहा की झारखण्ड की ठगबंधन की सरकार भ्रष्टाचार के सागर में डूबी हुई है। यहां की नौकरी को बिहार के लोगों से 25-25 लाख में बेचा जा रहा है। महासचिव आनंद गुप्ता ने कहा की जबतक जेएसएससी पेपर लीक मामले की सीबीआई से उच्च स्तरीय जांच नहीं होती है। तबतक आजसू का चरणबद्ध आंदोलन होता रहेगा। मौके पर केंद्रीय सचिव गोपीनाथ सिंह, केंद्रीय सदस्य दुर्गा साहू, जिला महासचिव आनंद गुप्ता, केंद्रीय सचिव बोनीफास कुजूर, देवेंद्र खेरवार, मेघनाथ साहू, अजय भगत मोती, गोलु श्रीवास्तव, किरण सिंह, फगुआ साहू, बजरंग गोसाई, रवि राम, राहत अफजा, अनूप साहू, अगस्ती देवी, जनातून खातून, मुन्नी देवी, रीना देवी, संगीता देवी, शानू कुमार, पंकज साहू, उत्तम साहू, अनीस पुरी, विनीत नाग, शशि कुमार एवं अनेकों कार्यकर्ता शामिल थे।

### शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में मां सरस्वती की पूजा आयोजित



लोहरदगा। शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में भक्ति भाव से सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया। विद्यालय के सेनापति अंश पाण्डेय को मुख्य यजमान बनाया गया। विद्यालय के पूर्व आचार्य जनार्दन पांडेय ने मुख्य पुरोहित का कार्य किया। इस मौके पर मुख्य आकर्षण के रूप में रामचरित मानस के अखंड पाठ का आयोजन किया गया। सरस्वती पूजन के इस आयोजन में पूरे लोहरदगा नगर से लगभग पांच हजार लोग दर्शन करने पहुंचे। सभी ने प्रसाद ग्रहण किया और व्यवस्था की सराहना की। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कहा कि अपने विद्यालय में सरस्वती पूजन समाज के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र होता है। इस अवसर पर समाज के अनेक लोग विद्यालय में आते हैं। यह एक सामाजिक चेतना का केंद्र होता है। अखंड पाठ का कार्य क्रम कल तक चलेगा।

### मनोहर लाल अग्रवाल इंटर महाविद्यालय में सरस्वती पूजा धूमधाम से आयोजित



लोहरदगा। मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में सरस्वती पूजा धूमधाम से आयोजित किया गया। कक्षा 11वीं के छात्र अभय कुमार साहू मुख्य यजमान की भूमिका में रहे। मुख्य आकर्षण के रूप में रामलला व राम मंदिर की प्रदर्शनी और महाविद्यालय की गतिविधियों की प्रदर्शनी लगायी गयी थी। छात्राओं के द्वारा भजन संध्या का भी आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह और सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### कैरो : पूर्व मुखिया के पिता का निधन

कैरो। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत हनहट मुख्यालय निवासी पूर्व मुखिया सह समाजसेवी एवं भाजपा नेता श्यामसुन्दर उरांव के 70 वर्षीय पिता सुकरा उरांव का बुधवार सुबह आकस्मिक निधन हो गया। जिसका अंतिम संस्कार बुधवार को ही किया गया। सुकरा उरांव बहुत ही मृदुभाषी एवं मिलनसार स्वभाव के होने के कारण और श्यामसुंदर उरांव के सामाजिक रहने को लेकर मृत्यु की सूचना मिलने पर हनहट के अलावे टाटी, खरता, गीतिलगढ़ सहित प्रखंड क्षेत्र से सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण शामिल होकर शोक व्यक्त किया। सुकरा के उरांव के बड़े पुत्र पूर्व मुखिया व छोटे पुत्र झारखंड पुलिस में सेवा दे रहे हैं। इस मौके पर पंचायत मुखिया श्रवण मुंडा, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष लखन उरांव, मोहन साहू, विकास भगत, बसंत महतो, गोविंद महतो, शम्भू तिवारी, सुसेन महतो, राजेन्द्र महतो, कृष्णा महतो, शशि सिंह, प्रदुमन सिंह, लाला उरांव, बजरंग उरांव, विष्णु उरांव, लक्ष्मण उरांव सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता, समाजिक संगठन व क्षेत्रवासियों ने शामिल होकर शोक व्यक्त किया।

### कूड़ा-भाड़ा कार्यक्रम का आयोजन



कैरो। प्रखंड के खरता में बुधवार को कूड़ा-भाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कूड़ा-भाड़ा के बारे में ग्रामीण बताते हैं कि गांव घरों में अदृश्य रूप से रोग बीमारी या आपदा न हो और जो अगर होने वाला होगा उसे भी अपने गांव के सीमान से बाहर ही रोक दिया जाए इस उद्देश्य के साथ प्रत्येक परिवार अपने घरों में पकवान बनाकर गांव के बाहर सिमाना में विधिवत पूजा अर्चना कर छोड़ आते हैं। इसमें हर घर की महिलायें अपने साथ पकवान और पूजा का समान लेकर जाते हैं और सिमाना स्थल में पूजा अर्चना कर वापिस आते हैं। यह कार्यक्रम सैकड़ो वर्षो से होता आया है जो हर गांव में अलग अलग दिन मनाया जाता है।

### भंडरा में धूमधाम से हुई सरस्वती पूजा



भंडरा। नैसर्गिक सुषमा से अप्लावित वसंत के वातावरण में कला, विद्या, ज्ञान और सात्विकता की अधिष्ठात्री मां सरस्वती की आराधना हर्षोल्लास के साथ बुधवार को लोगों ने किया। माघ शुक्ल पंचमी जिसे बसंत पंचमी के नाम से भी जाना जाता है ये दिन युगों से ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा का विधान है। मां सरस्वती सनातन धर्म में विद्या की देवी मानी जाती हैं और शास्त्रों का उदघोष है कि विद्या के बिना मनुष्य पशु के समान है। जिले में सुबह विधिवत पूजा विधान के साथ शुभ मुहूर्तों में मां सरस्वती का पट खोला गया। पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। मां शारदा की आराधना में बच्चों से लेकर बड़ों तक को लीन देखा गया। शैक्षणिक संस्थानों में मां सरस्वती की पूजा विशेष रूप से की गई। वही भंडरा ,भौरो,चट्टी,भीठा से लेकर गांव तक जगह-जगह लोगों ने मां शारदा की प्रतिमा स्थापित कर उनकी पूजा-अर्चना की। जिससे हर तरफ माहौल भक्तिमय हो गया।

### पुलिस की सजगता से टली बड़ी घटना प्रसाद वितरण के समय हुई झड़प

कैरो। प्रखंड के हनहट ग्राम पंचायत मुख्यालय स्थित प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय में सरस्वती पूजा कार्यक्रम के दौरान हल्की झड़प बड़ा रूप पकड़ती उससे पहले ही पुलिस प्रशासन की सजगता से मामला टल गया। मिली जानकारी के अनुसार प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मां शारदे की पूजा अर्चना सम्पन्न हुई। उसके बाद प्रसाद वितरण और बच्चे खुशियां मना रहे थे, जिसके बाद दोपहर के करीब दूसरे समुदाय के कुछ युवक पूजा स्थल पर पहुंचे और बार बार पूजा स्थल तरफ आने जाने लगे। जिसे पूजा आयोजन में शामिल छात्रों ने उन्हें बार बार आने जाने से रोके जाने की बात पर तू तू मैं मैं हुई। उसके बाद इस घटना को दूसरा रूप देते हुए दूसरे समुदाय के दर्जनों लोगों जमा हो कर पूजा स्थल में व्यवधान की कोशिश में थे, किन्तु थाना के एसआई सुजीत कुमार जो हनहट में ही ड्यूटी में थे वे अपनी सूझ बूझ और साहस का परिचय देते हुए अनहोनी को संभाल लिया। प्रखंड सह अंचल अधिकारी पवन कुमार महतो व थाना प्रभारी शंखनाद उरांव भी घटना स्थल पहुँचकर दोनो पक्षों को समझा बुझाकर मामले को शांत बनाए रखने में जुट गए। समाचार लिखे जाने तक माहौल पूरी तरह शान्त था। प्रशासन के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचकर स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

## झामुमो का आज से हर पंचायत मे न्याय मार्च : मोजाम्मिल

खबर मंत्र संवाददाता


न्याय मार्च को लेकर रणनीति बनाते जेएमएम नेता।

लोहरदगा। जेएमएम जिलाध्यक्ष मोजाम्मिल अहमद ने बताया कि आज गुरुवार से लोहरदगा जिला के हर पंचायत मे स न्याय मार्च की शुरूआत होगी। सेन्हा प्रखंड के अरु पंचायत से कार्यक्रम का आगाज होगा। जिसको लेकर झामुमो के सभी जिला से लेकर बूथ तक के कार्यकर्ता तैयारी कर ली गई हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा की आज से होने जा रही हैं यात्रा पश्चात केंद्रीय नेतृत्व द्वारा केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा साजिश के तहत राज्य के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लोकतंत्र की हत्या करने के विरुद्ध मे जिले के सभी प्रखंडों के हर पंचायत में 15 फरवरी से न्याय मार्च निकालने का निर्णय लिया गया। जिसमे जिले के 66 पंचायत मे कार्यक्रम होगा। जिलाध्यक्ष ने कहा की केंद्र की भाजपा सरकार को पता हैं की वो चुनाव जीत कर सत्ता मे नहीं आ सकती हैं इसलिए केंद्र की मोदी सरकार ने जबरदस्ती सत्ता हसील करना चाह रही थी जो की कामयाब नहीं हुआ ना कभी होगा। जिलाध्यक्ष ने कहा हेमंत सोरेन के दुवारा गरीब गुरबो को के लिए अनेको ईमानदारी से काम किये गरीब जनता के लिए योजना शुरू किये परंतु केंद्र मे बैठी भाजपा सरकार के इशारे पर इडी ने हेमंत सोरेन को झूठे केश मे फसाने का काम किया है। इतना ही नहीं राज्य के पूर्व आदिवासी सीएम के साथ गलत व्यवहार कर रही है उन्हें बदनाम करने का काम कर रही है। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से बिनोद यादव, समिद अंसारी, जिला सचिव अनिल उराव, युवा जिलाध्यक्ष अजय उराव, महिला जिलाध्यक्ष सरिता भगत, सेन्हा जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, छात्र जिलाध्यक्ष सोमी कुमारी, बुद्धिजीवी मोर्चा जिलाध्यक्ष श्याम नंदन लोहार, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष स्तिम टोप्पो, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष बिनोद कुमार, मोर्चा जिला अध्यक्ष सुनील राम, प्रखंड अध्यक्ष बिसूत्री अफरोज आलम, प्रखंड अध्यक्ष राजकिशोर राम, सचिव अख्तर अंसारी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

## गुमला : मां शारदे की आराधना में डूबे लोग

खबर मंत्र संवाददाता


आक्सफोर्ड स्कूल में पूजा करते लोग


सबरी आश्रम में पूजा करते बच्चियां

गुमला। विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा बुधवार को गुमला जिला में पूरे भक्ति भाव से आरंभ हुआ। चहुंओर मां की भक्ति व आराधना में लोग डूबे दिखलाई पड़े। हर गली, चौक-चौराहों पर पंडाल बनाकर मां की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। पूजा के दौरान लोग मां सरस्वती से ज्ञान प्राप्ति का वरदान मांगा। पूजा को लेकर सबसे अधिक उत्साहित छोटे बच्चे दिखलाई पड़े। बुधवार की सुबह उपवास रखकर पुरोहितों के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सभी पूजा पंडालों, शैक्षणिक संस्थानों व घरों में मां सरस्वती की पूजा की गई। पूजा अर्चना के बाद मां की आरती हुई। जिसके बाद उपस्थित भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। शहर के तेली छात्रावास, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, आक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, स्टार डीपीएस स्कूल, एस.एस बालक उच्च विद्यालय, पॉलिटेक्नीक कॉलेज गुमला, सबरी आश्रम गुमला सहित विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों एवं घाटो बगीचा, मुरली बगीचा, शास्त्री नगर, लोहरदगा रोड मिशन चौक, दुन्दुरिया, ज्वाहर नगर, पालकोट रोड, सिसई रोड, शांति नगर, सरना टोली, ढोढ़री टोली, तर्री आदि मुहल्लों व गांवों में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। सभी पूजा पंडालों में मां के भक्ति व आराधना के गीत साउंड बॉक्स में बजते रहें। युवा व बच्चे मां की आराधना में झूमते भी नजर आये। वहीं जिले के जारी,डुमरी, चैनपुर, रायडीह, विशुनपुर, घाघरा, सिसई, भरनो, कामडारा, बसिया, पालकोट प्रखंड सहित टोटो, मुरकुंडा आदि स्थानों में भी मां की प्रतिमा स्थापित कर भक्ति भाव से लोगों ने पूजा अर्चना की।

## डुमरी : डीलिस्टिंग के विरोध में आदिवासी समाज का प्रदर्शन

खबर मंत्र संवाददाता


कार्यक्रम में सैकडों की संख्या में जुटे आदिवासी समाज के लोग।

डुमरी। आदिवासी एकता मंच जागृति युवा क्लब नवाडीह के बैनर तले ईसाई आदिवासी समाज ने डुमरी में डिलिस्टिंग के विरोध में जुलूस निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया। जिसमें प्रखंड के कई गांवों से हजारों की संख्या में जुटे ईसाई आदिवासियों ने हाथों में तख्ती लेकर आदिवासी एकता जिंदाबाद, आदिवासियो को जाति धर्म के नाम पर लड़वाना बंद करो, देश के 32 जनजाति आदिवासी हम एक हैं धर्म जाति के नाम पर राजनीति बंद करो, आदिवासी को बनवासी कहना बंद करो कि जमकर नारे बाजी की। जुलूस डेरा मैदान से शुरू होकर क्रूस चौक, जीतियाटोली से होते हुए ब्लॉक रोड से होकर प्रखंड स्टेडियम पहुंच कर सभा में तब्दील हो गई। जहां सभा को जिप सदस्य मरियानुस तिग्गा, सचिव प्रफुल लिंडा, शंकर उरांव, सुरेंद्र उरांव, फदियुस मिंज आदि प्रवक्ताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि डिलिस्टिंग के माध्यम से हम आदिवासियों के हक व अधिकार को खत्म करने की कोशिश की जा रही है। इसके लिए सरना और ईसाई के बीच में फुट डालो करो राज की राजनीति किया जा रहा है जो आरएसएस द्वारा डिलिस्टिंग करने का काम संचालित है वह आदिवासी पॉलिटिकल और नौकरी के आरक्षण को खत्म करना चाहते हैं। हमलोग आज यहां हजारों की संख्या में एकजुट होकर सरकार को यही संदेश देने के लिए हैं कि देश के हम सभी 32 जनजाति आदिवासी एक हैं। जिसे सरकार हमें आपस में लड़ाकर तोड़ना चाहती है। हमारे अधिकार को लूटना चाहती है। मौके पर प्रमुख जीवंती एक्का, मुखिया प्रदीप मिंज, चेतनलाल मिंज, नजारियुस टोप्पो, अलोक बखला, सचिन एक्का, मनोहर कुजूर, सैमसंग बेक, मीना लकड़ा, प्रिंसी कुजूर,ललिता कुजूर, प्रदीप खलखो, रंजीता, सोनिया, ममता, बिबियानी, सहित हजारों की संख्या महिला पुरुष उपस्थित थे।

## सीबीआई जांच नहीं होने पर आंदोलन तेज होगा : आजसू

**छात्र संगठन के बैनर तले मशाल जुलूस निकालकर किया गया विरोध प्रदर्शन**

खबर मंत्र संवाददाता




लोहरदगा। जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में हुई धांधली एवं पेपर लीक होने के खिलाफ अखिल छात्र संघ जिला इकाई( आजसू पार्टी) लोहरदगा के द्वारा मशाल जुलूस का आयोजन किया गया। इस मशाल का नेतृत्व छात्र संघ जिला अध्यक्ष आयुष कुमार महतो के द्वारा किया गया। यह मशाल जुलूस आजसू पार्टी जिला कार्यालय से लेकर पावरगंज तक गया। मशाल जुलूस के माध्यम से जेएसएससी, सीजीएल एग्जाम एवं पेपर लीक मामले पर सीबीआई जांच की मांग एवं अविलंब नीरज सिन्हा सहित अन्य दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की गई। मशाल जुलूस के अंत में जुलूस को संबोधन करते हुए छात्र संघ के जिला अध्यक्ष के द्वारा वर्तमान सरकार को अल्टीमेट दिया गया है कि यदि सीबीआई जांच नहीं होती है तो लोहरदगा जिला इकाई उग्र आंदोलन करने को विवश होगी. झारखंड सरकार को अविलंब नीरज सिन्हा को गिरफ्तारी करना चाहिए। मशाल जुलूस में अखिल झारखंड छात्र संघ के जिला सचिव आकाश मेहता,बलदेव साहू कॉलेज के प्रभारी आशीष कुमार साहू, राजा राजकुमार साहू, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोनू राज, नगर कार्यकारी अध्यक्ष गुड्डुस प्रसाद गुप्ता, नगर प्रवक्ता समीर सौरव, नगर महासचिव कुमार अभिषेक, झारखंड आंदोलनकारी सह लोहरदगा के पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी व केंद्रीय महासचिव लोहरदगा विधानसभा की प्रभारी नीरू शांति भगत, केंद्रीय सचिव एवं कैरो प्रखंड के प्रभारी अरविंद यादव, केंद्रीय सदस्य राजू गुप्ता, दिलीप साहू, बुद्धिजीवी मंच के राजेश शर्मा, संजीव शर्मा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अनीता साहू, महिला जिला सचिव सरस्वती देवी, जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती, उपाध्यक्ष साजिद कलाल, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष शाहिद अंसारी, उपाध्यक्ष शमीम अंसारी, रामचंद्र गिरी, छात्र संघ से अनिकेत उपाध्य, प्रशांत साहू सहित अन्य सदस्य गण उपस्थित थे। वहींआजसू पार्टी के पूर्व केंद्रीय सचिव सह लोहरदगा प्रखंड प्रभारी कवलजीत सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार की असंवेदनशीलता के कारण झारखंड के छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो जा रहा है। झारखंड सरकार को चयन आयोग के तमाम पदाधिकारियों को बर्खास्त करना चाहिए। झारखंड सरकार छात्रों और युवाओं की मांग नहीं मानती है तो आजसू पार्टी आंदोलन को और तेज करेगी।

## गुमला चेम्बर ने नव पदस्थापित एसडीपीओ का किया स्वागत



गुमला। चेम्बर ऑफ कॉमर्स गुमला के अध्यक्ष दामोदर कसेरा के नेतृत्व में गुमला चेम्बर के पदाधिकारियों ने गुमला के नये अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेश प्रसाद यादव का गुमला थाना परिसर में फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। चेम्बर अध्यक्ष ने स्वागत करते हुए कहा कि गुमला कि जनता को आपसे काफी उम्मीदें है। आपके अनुभव का लाभ गुमला को मिलेगा। आपके आने से गुमला में अपराध पर नियंत्रण हो ऐसी उम्मीद हम सभी करते है। कानून व्यवस्था को मजबूत करने में गुमला चेम्बर और व्यापारियों का भरपूर सहयोग आपको मिलेगा। एसडीपी ओ सुरेश प्रसाद यादव ने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता होगी कि गुमला को अपराध मुक्त बनाना। गुमला पुलिस आपकी सुरक्षा की लिए सदैव तत्पर है। अमन चैन और शांति व्यवस्था बहाल रहे। सभी धर्मों के त्योहारों में पुलिस अपना बेहतर तरीके से विधि व्यवस्था पर नजर रख कर लोगों को कोई असुविधा ना हो इस पर जोर दिया जायेगा। पुलिस और पब्लिक के बीच अच्छे रिश्ते हो इसकी कोशिश होगी। गुमला पुलिस हर समय गुमला कि जनता कि सेवा में तत्पर रहेगी। इस वर्ष थाना परिसर में होली मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया, जिसका सभी ने समर्थन करते हुए स्वागत किया। मौके पर पूर्व अध्यक्ष रमेश कुमार चीनी, शशि प्रिया बंटी, सरजू साहू निवर्तमान अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, नीरज गुप्ता, सुषमा गुप्ता, मुरली मनोहर प्रसाद, अकील रहमान, मिन्हाज खान एवं अन्य उपस्थित थे।

## आफताब बने अंजुमन इस्लामिया भंडरा प्रखंड के सदर

खबर मंत्र संवाददाता



भंडरा। अंजुमन इस्लामिया भंडरा प्रखंड के सदर, नायब सदर, सेक्रेट्री, पद का चुनाव बुधवार को हुआ। तीन वर्ष के लिए हुए इस चुनाव में क्षेत्र के उदरंगी, अम्बेरा, सोरंदा, बलसोता, पलमी, अकाशी, बंडा तेतरपोका आदि 23 अंजुमन के 149 पदधारियों में 148 पदाधिकारी ने अपने मत का प्रयोग किया। मतदान और मतगणना के लिए भंडरा कुंबाटोली केन्द्र बनाया गया था। मतगणना के रिजल्ट की घोषणा अजीमे आला हैदर अंसारी की जिसमे आफताब आलम सदर निर्वाचित हुए। नायब सदर मुमताज अंसारी, सेक्रेट्री में अब्दुल रऊफ चुने गए। इस दौरान नवनिर्वाचित सदर आफताब आलम ने समाज के लोगों को भरोसा दिलाया कि प्रखंड क्षेत्र के मुस्लिम बच्चों को बेहतर शिक्षा मुहैया कराने के साथ ही समाज उत्थान के लिए बेहतर कदम उठाए जाएंगे। नवनिर्वाचित कमेटी के पदधारियों को 16 फरवरी जुम्मा नमाज के बाद दोपहर 3 बजे मदरसा परिसर में शपथ ग्रहण होगा।

**किसको कितना मिला मत**

भंडरा अंजुमन इस्लामिया चुनाव में सदर पद में दो प्रत्याशी थे। जिसमे परवेज अंसारी को 72 जबकि आफताब आलम को 74 मत मिला दो मत रद्द हुआ, वही सेक्रेटरी पद में तीन प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। जिसमे मंसूर अंसारी को 44, साजिद अंसारी को 47 एव अब्दुल रऊफ को 57 मत मिला। जबकि नायब सेक्रेटरी पद में दो प्रत्याशी चुनाव में थे। जिसमे महमूद अंसारी को 45 व मुमताज अंसारी को 100 मत मिला तीन मत रद्द हुआ।

## चैनपुर सहित आस पास के क्षेत्रों में धुमधाम के साथ मनाया गया सरस्वती पूजा



चैनपुर। चैनपुर मुख्यालय सहित आस पास के क्षेत्रों में सरस्वती पूजा का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया गया। मुख्यालय के पीपल चौक, दुर्गा मंदिर, प्रेमनगर सहित मुख्यालय के विभिन्न शिक्षा संस्थानों में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। वहीं सभी पूजा पंडालों को आकर्षक तरीके से सजाया गया था और लाईटिंग की भी व्यवस्था की गई थी। वहीं हर पंडालों में भक्ति गाने बजाय जा रहे थे। इधर पूजा समिति के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 फरवरी गुरुवार होने के कारण प्रतिमा का विसर्जन अगले दिन 16 फरवरी को किया जाएगा।

### बजरंग दल के दो सदस्यों ने किया रक्तदान

गुमला। सदर अस्पताल गुमला परिसर स्थित ब्लड बैंक में बजरंग दल गुमला के द्वारा दो यूनिट रक्तदान किया गया। रक्तदान करने वालों में सूरज कुमार व डॉली गुप्ता के नाम शामिल है। दोनों ने आपातकालीन स्थिति में रक्तदान किया। मौके पर अनूप लाल, श्याम मंत्री, लैब टेक्नीशियन अंजू किंडो सहित कई लोग उपस्थित थे।

### संध्या रानी ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया

गुमला। पालकोट रोड स्थित संध्या रानी ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पुरोहित शेखर मिश्रा ने माता सरस्वती की पूजा अर्चना मंत्रोउच्चारण के साथ किया। पूजा में सम्मिलित आने वाले सदस्य प्रबंधक संजय कुमार गुप्ता, गायत्री गुप्ता, मैत्री अधिकारी, रीता कुमारी, पूनम प्रसाद, सोनम सिंह, सुनैना साहू संजना दास, विनीता गुप्ता, मनीषा गुप्ता, कविता कुमारी, अनु कुमारी अमृता श्रीवास्तव, उषा रानी, पायल साहू, सुमन शाह, विनीता भगत, सरिता गुप्ता, मालती, कुल्लू किरण गुप्ता, जय किशोर प्रजापति, विपुल केसरी, कृष्णा नंदन कुमार, विकास सिंह रहे। इस अवसर पर काफी संख्या में विद्यार्थी गण एवं अभिभावक गण मौजूद थे।

### इवीएम हटाओ प्रजातंत्र बचाओ को लेकर महाधरना 19 फरवरी को राजभवन के समक्ष

गुमला। नवगठित झारखंड तीसरा मोर्चा द्वारा रांची के राजभवन के समक्ष 19 फरवरी 2024 को ईवीएम हटाओ प्रजातंत्र बचाओ नारे के साथ आयोजित महाधरना कार्यक्रम में झारखंड नवनिर्माण दल के कार्यकर्ता राज्य के कई जिलों से रांची पहुंचेंगे। इसके तहत गुमला जिला से भी सैकड़ो की संख्या में भाग लेने रांची जाएंगे। विदित हो कि ईवीएम से छेड़छाड़ कर भाजपा लोगों का वोट का लोकतांत्रिक अधिकार छीन रही है। जिसके चलते मतदाता अपने इच्छानुसार जनप्रतिनिधि तथा सरकार नहीं बना पा रहे हैं। जिसे देखते हुए झारखंड तीसरा मोर्चा ईवीएम हटाने और लोगों का वोट का अधिकार बचाने के लिए पहले कार्यक्रम में ही ईवीएम में हो रही गड़बड़ी का मुद्दा को प्रमुखता से ली है। महाधरना कार्यक्रम में राज्य के सभी जिला से हजारों की संख्या में मोर्चा में शामिल पार्टी व संगठन के कार्यकर्ता रांची आएंगे। गुमला जिला के सभी 12 प्रखंड से कार्यकर्ताओं की भागीदारी के लिए दल के नेताओं से सूची बनाने की अपील की गई है । झारखंड तीसरा मोर्चा का महाधरना कार्यक्रम में झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह के अलावा केंद्रीय समिति के सभी सदस्य तथा विभिन्न जिलों के दल के पदाधिकारी मुख्य रूप से भाग लेंगे। यह जानकारी झारखंड नवनिर्माण दल मजदूर यूनियन के जिला प्रभारी शंकर उरांव ने दी है।

## जेईई मेंस में डीएवी के छात्रों का शानदार प्रदर्शन




खबर मंत्र संवाददाता




गुमला। जनवरी में आयोजित जेईई मेन्स प्रथम चरण की परीक्षा में डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के हर्षित हर्ष ने 95.45, मनोहर महतो ने 94.45, रौनक कुमार ने 91.79, शिल्पी कुमारी ने 89.88, अनंत कुमार ने 80.37, आयुष गुप्ता ने 79.62, कोमल कुमारी ने 78.16, गौरव कुमार ने 77.32, रिया कुमारी सिंह ने 76.44, समर्थ सिन्हा ने 75.02 परसेंटाइल के साथ विद्यालय के टाप टेन कैटेगरी में जगह बनायी है। वहीं शौर्य राज, आदर्श राज, चंदन कुमार, ऋषभ कुमार गुप्ता, निशांत पाठक, नेहा खेस, संस्कार वर्मा, याशिका अग्रवाल, अनमोल केसरी, अनुष्ठा एस टोप्पो, शिवानी कुमारी, निशा कुमारी,कृतिका मालानी ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अतिरिक्त कक्षाओं की व्यवस्था तथा लगातार प्रयास के कारण यह सुखद परिणाम प्राप्त हुआ है। सफलता पर विद्यालय प्रबंधन समिति उपाध्यक्ष विनय कुमार लाल, शिक्षक पवित्र कुमार मोहंती ने छात्रों को बधाई दी।

## कैरो में सरस्वती पूजा की धूम



कैरो। प्रखंड मुख्यालय सहित पूरे क्षेत्र में बुधवार को धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ सरस्वती पूजा का हुआ आयोजन। प्रखंड मुख्यालय स्थित डॉ अनुग्रह नारायण उच्च विद्यालय, बाजार टांड़, सीबीएन रेसिडेंशियल पब्लिक स्कूल, प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय हनहट, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरता, सहित सढ़ाबे, हनहट, नरौली, गजनी व गुड़ी पंचायत के अलग अलग विद्यालय व सार्वजनिक स्थलों में बड़े ही उत्साह के साथ सुबह से दोपहर तक माँ शारदे प्रतिमा स्थापित का पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। जिसके बाद रातभर धार्मिक कार्यक्रम व डीजे के धुन में जगराता किया गया। प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार टांड़ में सरस्वती पूजा समिति व टाटी में सरस्वती पूजा समिति द्वारा भव्य पंडाल का निर्माण किया गया था जिसे देखने के लिए दूर दूर से भक्त व दर्शक पहुंचे व माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। ईधर थाना प्रसासन भी शांति व्यवस्था को लेकर चौकस दिखी। हनहट में सुजीत कुमार व अन्य जगहों में अलग अलग नेतृत्व के साथ प्रसासन शांति बहाल करने के लिए मुस्तैद दिखी। कार्यक्रम में सबसे ज्यादा उत्साहित छोटे छोटे बच्चों सुबह से ही उपवास रहकर पूजा अर्चना किया।

## झारखंड गठन के 23 वर्ष बाद भी गुमला बाईपास सड़क का निर्माण कार्य नहीं हुआ पूर्ण

- बड़े पुल का सरिया निकला बाहर, सड़क में कालीकरण व पुल निर्माण का कार्य है लटका
- कांग्रेसियों का प्रतिनिधि मंडल ने बाईपास सड़क का किया निरीक्षण, कहा जल्दबाजी में प्रशासन ने बाईपास चालूकर अपनी पीठ थपथपायी, हालात है बुरे

खबर मंत्र संवाददाता





गुमला। झारखंड राज्य गठन के बाद गुमला जिला में बाईपास सड़क की आधारशीला वर्ष 2000 में राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने रखी थी। झारखंड गठन के 23 वर्ष के लंबे अंतराल के बाद बाईपास सड़क का निर्माण कछुए की गति से आरंभ हुई जो आज भी पूरी नहीं हुई। इस दौरान राज्य की सत्ता भी बदल गई। नये चेहरे मुख्यमंत्री बने। सत्तादल बाईपास को लेकर सड़क का टेंडर लेने वाले संवेदक को भी हटा दिया गया। विभाग को काम वापस मिला। पेटी ठेकेदार काम किये। लेकिन इन सभी खेलों के बीच आज भी गुमला का बाईपास सड़क ही अधूरा ही नजर आता है। जल्द बाजी में बाईपास को चालू कर जिला प्रशासन ने अपनी पीठ भी थपथपायी। लेकिन अधूरे कार्य पूरा कराने में गुमला जिला प्रशासन भी कामयाब नहीं हो पायी। आज भी बाईपास सड़क का कुछ हिस्से में कालीकरण का काम नहीं हुआ लेकिन वाहनों का परिचालन बदस्तूर जारी है। स्थिति यही रही तो कुछ महीनों बसद बाईपास सड़क गड्ढों में तब्दील हो जाएगा। बाईपास सड़क के एक बढ़े पुल का सरिया बाहर निकल आया जो दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है। वहीं सिलम के पास आज भी पुल निर्माण का कार्य अधूरा है। जिसे वाहनों का परिचालन पुराने सड़क पर रास्ता बनाकर कराया जा रहा है। बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी व प्रदेश कांग्रेस के सदस्यों ने प्रदेश सचिव रमेश कुमार के नेतृत्व में बाईपास सड़क का निरीक्षण किया। सड़क की स्थिति देखकर कांग्रेसी हतप्रभ हो गये। कांग्रेस नेता रमेश कुमार ने कहा कि उनके पार्टी के नेता राहुल गांधी भारत जोडो न्याय यात्रा में निकले हैं परंतु गुमला के कांग्रेस अब सड़क जोडों यात्रा पर जल्द निकलकर आंदोलन करेंगे।

पुल की स्थिति तो इतनी जर्जर है कि कभी भी हादसा हो सकती है। जबकि अधूरा बाईपास जिलेवासियों को मुंह चिढ़ा रहा है।

## लिव इन में रह रहे 151 आदिवासी जोड़े विवाह बंधन में बंधे

> राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर आदिवासी कन्याओं के सम्मान और उनके दांपत्य जीवन को सामाजिक पहचान दिलाने को लेकर ये समारोह हुआ आयोजित

खबर मंत्र संवाददाता



लोहरदगा। ह्यूमन प्राइड ग्लोबल फाऊंडेशन नामक संस्था द्वारा 151 आदिवासी कन्याओं का सामूहिक विवाह अनुष्ठान कराया गया। बीएस कॉलेज स्टेडियम और सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में लोहरदगा और आसपास के जिलों के ऐसे युवक युवती विवाह रचाने पहुंचे जिन्होंने सामाजिक रीति से विवाह नहीं रचाया था मगर पति-पत्नी के रूप में साथ में रह रहे थे। मगर समाज और परिवार में इनके संबंध को मान्यता नहीं थी। राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर आदिवासी कन्याओं के सम्मान और उनके दांपत्य जीवन को सामाजिक पहचान दिलाने के मकसद से यह कार्यक्रम हुआ। पारंपरिक आदिवासी रीति के साथ सभी जोड़े विवाह बंधन में बंधे जिन्हें प्रमाण पत्र दिया गया साथ ही उपहार में शादी के जोड़े, आभूषण, किचन सेट सहित कई चीजें दी गई। ह्यूमन प्राईड ग्रुप के ग्लोबल अध्यक्ष डॉ राकेश गोयल टाइग्रेनिया ने कहा कि यह एक सामाजिक बदलाव है, जो कि झारखंड में कम से कम आदिवासियों की इसकी जरूरत है। जो लोग सामाजिक कलंक के साथ ढुकु रूप में रह रहे हैं साथ, जो जीते जी एक नरक की जिंदगी जी रहे हैं। इस लिव इन रिलेशनशिप कह सकते हैं जिसमें न जीते जी समाज में इज्जत है ना मरने के बाद दो गज जमीन मिलती है। क्योंकि यह लोग आदिवासी परंपरा के मुताबिक शादी नहीं कर पाए क्योंकि गांव को दावत देनी पड़ती है और उनके पास इतने पैसे नहीं रहते। तो हमने यह निर्णय लिया कि अपने संस्थान के माध्यम से लोगों को जागरूक करें। सामाजिक जीवन जीने की इनको प्रेरणा मिले। वही संगठन की प्रदेश अध्यक्ष नीरू भगत ने कहा कि आदिवासी जोड़ों के रिश्ते को इस तरह सामूहिक विवाह के जरिए सामाजिक पारंपरिक मान्यता दिलाने से इन बेटियों के सम्मान में वृद्धि होगी। समाज को अच्छी दिशा मिलेगी।

स्पीड न्यूज

### जेएमएम नेता ने किया क्लिनिक का उद्घाटन



गिद्धौर। प्रखंड के अंतर्गत पंचायत मझगांवा पिंडाकुन गांव में बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा सिमरिया विधानसभा प्रभारी मनोज चंद्रा ने श्री राम मेडिकल स्टोर का विधिवत उद्घाटन किया। मनोज चंद्रा ने बताया कि यह क्लिनिक खुलने से स्थानीय लोगों को सुविधा मिलेगी। एवं गरीब गुरुवा को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा । उद्घाटन कार्यक्रम में सामाजिक चिंतक व युवा नेता बैद्यनाथ कुमार दांगीए यदुनंदन पांडेयए बिनोद कुमार ढाकुरए दिलीप कुमार योगीए दिगम्बर रविदास सुधीर सावएव सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित हुए।

### करंट की चपेट में आने से दो मवेशी की मौत

चतरा। सदर थाना क्षेत्र के हेरू नदी के समीप बिजली के खंभे में करंट आ जाने से उसकी चपेट में आने से दो मवेशी की मौत हो गई। दोनों मवेशी सदर थाना क्षेत्र के बाबाघाट निवासी बालेश्वर भुईयां के है। बालेश्वर ने बताया कि बिजली विभाग के कर्मियों की लापरवाही के कारण दोनों मवेशियों की मौत हुई है। इस बाबत उसने प्रशासन से मुआवजे की मांग किया है।

### मां दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकला कलश यात्रा

डोमचांच (कोडरमा)। नगर पंचायत स्थित श्री श्री 108 श्री मां विघ्न विनाशिनी मंदिर में मां दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बुधवार को कलश यात्रा निकाला गया। वहीं कलश यात्रा में लगभग 7000 कन्याएं व महिलाएं गेरुआ वस्त्र पहनकर माथे पर कलश लेकर पुरे डोमचांच का भ्रमण करते हुए शिवसागर स्थित उत्तरवाहिनी से जल उठाकर यज्ञ स्थल पर पहुंची। यह कलश यात्रा चार किलोमीटर लम्बा था। इस दौरान जय मां दुर्गा व जय श्री राम के नारे से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया। कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई। कलश यात्रा में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किया गए थे। यज्ञ का समापन 23 फरवरी को भजन संध्या कार्यक्रम के साथ संपन्न हो जाएगा।

### बाइक से सात बोतल अंग्रेजी शराब बरामद

कोडरमा। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में चार अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट लगाया गया है तथा एसपी अनुदीप सिंह के निदेर्शानुसार 24ग7 विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना प्रभारी दिवाकर कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को सतगांवा थाना अंतर्गत दर्शननाला चेकपोस्ट के समीप से एक बाइक के बैग में रखा 7 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। इस संबंध में मामला दर्ज किया गया है।

# मां शारदे की अराधना में डूबे विद्यार्थी

## एक परिवार जहां 53 साल से हो रही है सरस्वती पूजा

खबर मन्त्र संवाददाता

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। प्रखंड के बदडीहा मिलन संघ के द्वारा घर में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पिछले 53 साल से पूजा-अर्चना करने की परंपरा रही है। यहां 1972 से अनवरत पूजा-अर्चना होती रही है। इस स्थान पर पूजा के दिन विधायक समेत कई नामचीन लोग माथा टेकने पहुंचते हैं। इस बारे में मिलन संघ बदडीहा के सुभाष बर्णवाल, विकास कुमार, निर्मल बर्णवाल, कुमार संजय, अजय मोदी से मिली जानकारी के अनुसार यहां राम प्रसाद बर्णवाल ने 1972 में घर में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की शुरूआत की थी। पीढ़ी दर पीढ़ी लोग इस पूजा परंपरा की जिम्मेवारियों का कुशलता से निर्वहन करते आ रहे हैं। वहीं बुधवार को विधायक डॉ. नीरा यादव अपने समर्थकों के साथ पहुंची और माता की प्रतिमा के समक्ष माथा टेककर क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। वहीं आज पूजा और हवन के बाद माता की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। मौके पर श्यामलता बर्णवाल, चिंता बर्णवाल, सरिता बर्णवाल, अंजू बर्णवाल, आशा बर्णवाल, सविता बर्णवाल, दीप्ति बर्णवाल, वासु नंदन, सूर्यांश मोदी, निलय बर्णवाल, अदिति मोदी आदि मौजूद थे।



### भक्तिभाव से मनाई गई सरस्वती पूजा

चतरा। विद्या और बुद्धि की देवी मां सरस्वती की पूजा बुधवार को भक्तिभाव से की गयी। चतरा सहित पूरे जिले में पूजा की धूम रही। शैक्षणिक संस्थानोंए विभिन्न चौराहोंए गलियों और मोहल्लों में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की गई है। सरस्वती मां की पूजा को लेकर बच्चों व युवाओं में काफी उत्साह देखा गया। पूजा में बच्चों तथा उनके अभिभावकों ने हर्षोल्लास के साथ भाग लिया और पूजा की। स्कूली बच्चों ने बढ़चढ़ कर पूजा में भाग लिया। पूजा .अर्चना के बाद सामूहिक आरती कर छात्र .छात्राओं के बीच प्रसाद का वितरण भी किया गया।

## शिक्षा के मंदिर में सरस्वती पूजा नहीं होने से बच्चे निराश

खबर मन्त्र संवाददाता



चतरा। शिक्षा के मंदिर में सरस्वती पूजा नहीं किया गया। इसके चलते बच्चों में काफी निराशा छाया हुआ है। घटना मयूरहड प्रखंड के परोरिया स्थित राजकीय मध्य विद्यालय की है यहां पिछले दो सालों से माता सरस्वती की आराधना नहीं की जा रही है । इस वर्ष भी स्कूल सरस्वती पूजा के दिन खोला गया और कुछ ही घंटे में बंद कर दिया गया । सचिव रामानंद यादव ने बताया कि पूजा करना जरूरी नहीं है। ऐसे में फोटो पर पूजा किया हूं इधर इसी स्कूल के बच्चों ने बताया कि दो साल से पूजा नहीं की जा रही है। बच्चों के मन में पूजा करने की लालसा है लेकिन सचिव द्वारा बच्चों को रोका जा रहा है । इस संबंध में डीएसई ने बताया कि हम लोगों को सरकारी गाइडलाइन नहीं है लेकिन पूजा होनी चाहिए । वही बीईईओ ने बताया कि मेरे संज्ञान में भी मामला आया है मैं इस मामले को जांच करुंगा पूजा होना चाहिए। इस संबंध में ग्रामीण सुरेश यादव ने बताया कि सचिव की मनमानी रवैया के कारण बच्चों के इच्छा के विरुद्ध बच्चों पर दबाव बनाया जा रहा है। पिछले दो सालों से यहां पूजा नहीं की जा रही है। पूजा नहीं होने के कारण बच्चों के अंदर काफी उदासीनता छाई हुई है।

## चंदवारा में धूमधाम से हुई सरस्वती पूजा



चंदवारा (कोडरमा)। प्रखंड अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में सरकारी, गैर सरकारी एवं विभिन्न क्लबों द्वारा बसंत पंचमी के अवसर पर सरस्वती पूजा बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। विभिन्न स्थानों पर विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा को स्थापित कर पूजा अर्चना किया गया। वहीं सरकारी एवं गैर सरकारी स्थानों पर छात्र छात्राओं एवं श्रद्धालुओं ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर विद्या मांगे। सुबह से ही बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। वहीं पुलिस प्रशासन द्वारा जगह जगह पर गस्ती करते हुए देखे गये।

## श्री महेश एकेडमी में हुई सरस्वती पूजा



डोमचांच (कोडरमा)। नगर स्थित श्री महेश एकेडमी में बुधवार को विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा धूमधाम से की गई। पूजा कार्यक्रम को पुरोहित नकुल पांडेय के साथ पुजारी राजा कुमार, प्रिंस कुमार एवं नवम के छात्र-छात्राओं ने पूर्ण किया। पूजा कार्यक्रम के दौरान वैदिक मंत्रों के साथ-साथ सरस्वती माता की जय, वीणापाणि की जय, पुस्तकधारणी की जय, हंस वाहिनी की जय के जय घोष से पूरा एकेडमी परिसर गुंजायमान हुआ। तत्पश्चात सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने गायत्री मंत्र के मंत्रोचारण के साथ हवन कार्यक्रम में भाग लिया। मौके पर सुनील कुमार सिन्हा, रीना दाराद, मोहनलाल पांडेय, मुकुल कुमार, संजय कुमार, रौशन कुमार, प्रणव प्रखर, सौरव कुमार, सपना गुप्ता, निशा कुमारी, देवराज रोशन, श्वेता कुमारी, प्रेरणा प्रिया, कोमल गोस्वामी, शाहीन परवीन, अनिशा, खुशबू, शिवानी, कुसुम, सोनम, करीना, सचिन, अभिषेक समेत सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## साइकिल चला कर इटखोरी पहुंचे डीसी महोत्सव की तैयारी का लिया जायजा

खबर मन्त्र संवाददाता



इटखोरी। तीन दिवसीय इटखोरी राजकीय महोत्सव को सफल बनाने में जिला प्रशासन कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती है । इसी कड़ी में राजकीय महोत्सव इटखोरी की तैयारी का जायजा लेने जिले के उपायुक्त अब्बू इमरान साइकिल से ही इटखोरी के भद्राकाली दरबार पहुंचे । इस मौके पर सुरक्षाकर्मी भी उनके साथ.साथ चल रहे थे मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ वंकिरा भी उपस्थित थे । उन्होंने साइकिल से सीधा महोत्सव स्थल पहुंचे इस दौरान महोत्सव स्थल के पास बन रहे स्टेज का जायजा लिया । महोत्सव स्टेज के जायजा के पश्चात उन्होंने निर्माण कर रहे कारीगरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया । इसके पश्चात डाक बंगला परिसर समेत अन्य स्थान का जायजा लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ वंकिरा समेत अन्य को आवश्यक दिशा निर्देश दिया है । तीन दिवसीय राजकीय महोत्सव का उद्घाटन 19 फरवरी को राज्य के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के हाथों होना निश्चित हुआ है । इटखोरी राजकीय महोत्सव का इस बार दसवां वर्षगांठ भी विशेष रूप से मनाया जाएगा।

### मंत्री और विधायक ने किया कोल्ड स्टोर का उद्घाटन

चतरा। मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास के साथ बुधवार को तपेज स्थित सहकारिता एवं पशुपालन विभाग से निर्मित 5 हजार मीट्रिक टन क्षमता का कोल्ड स्टोरेज का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने किसानों से सरकार द्वारा उपलब्ध लाभ उठाने का आग्रह किया और कहा कि किसान अपनी कृषि उपज को कोल्ड स्टोरेज में रख सकते हैं।

## जेई मेंस परीक्षा में विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम




कोडरमा। चेचाई चाराडीह स्थित विवेकानंद कॉन्वेंट में विज्ञान संकाय बारहवीं कक्षा में अध्यनरत पांच छात्रों प्रियांशु कुमार सिंह 95.7, मोहित राज 95.4, अक्षत दुबे 92.6, आदित्य कुमार 91.2 एवं अनुराग कुमार राज 82.7 ने उपरोक्त उलेखित प्रतिशत अंक प्राप्त कर शिक्षा मंत्रालय अधिनष्ट नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित जेई मेंस परीक्षा में सफलता प्राप्त किया। यह सभी छात्र जेई एडवांस की परीक्षा हेतु योग्य हो गये एवं मई माह में आयोजित होने वाली जेई मेंस की परीक्षा देकर देश के प्रतिष्ठित संस्थान आईआईटी व एनआईटी में नामांकन प्राप्त कर इंजीनियर बनने का सपना पुरा करेगा। इस सफलता पर विद्यालय निदेशक अनिल कुमार ने बताया कि यह क्षण बच्चों के अभिभावकों के साथ-साथ पूरे विद्यालय परिवार के लिए गौरव का क्षण है, यह यादगार लम्हा अतुलनीय है। यदि बच्चे लगनशीलता से मेहनत करते हैं तो उसके सफलता को कोई रोक नही सकता है। पूरे विद्यालय परिवार ऐसे होनहार प्रतिभावन बच्चों के सहयोग के हमेशा तत्पर रहेगी। यह बच्चे समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। बच्चे के माता पिता के साथ साथ विद्यालय के प्राचार्य व शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## वैज्ञानिक ढंग से करें सब्जी की खेती : डॉ रंजन

खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। कृषि विज्ञान केंद्र चतरा में आत्मा सहाय्य अनुदान अन्तर्गत सब्जी उत्पादन के उन्नत तकनिक विषय पर 5 दिवसीय राज्यकीय प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डाण रंजय कुमार सिंह ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में गिरिडीह जिले के 25 किसान भाग ले रहे है। प्रशिक्षण में प्रारंभ करते हुए वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डा0 रंजय कुमार सिंह ने कहा कि सब्जी उत्पादन के उन्नत तकनिक से अधिक उत्पादन प्राप्त करने का एक अवसर प्रदान करता है। सीमित भूमि पर फसलों का विविधिकरण एवं कृषि के साथ अन्य घटकों का समावेश करने से प्रति ईकाई भूमि की उत्पादकता बढ़ती है । डा0 रंजय कुमार सिंह ने कहा कि कि गुणवत्तापूर्ण बीज सब्जियों के उत्पादन में सबसे अधिक योगदान देता है। उन्होंने कहा कि सब्जियों की खेती अन्तवर्ती फसल के रूप में भी की जा सकती हैं जिससे किसानों को अतिरिक्त आय होगी।

उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक युग में खेती के तरीके बदले हैं। वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने से कम खर्च और कम पानी में फसल का ज्यादा उत्पादन हो रहा है। उन्होंने कहा कि बाजार में जैविक सब्जी की डिमांड काफी बढ़ी है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद जैविक खेती को बढ़ावा दें। इस क्षेत्र में स्वरोजगार कर अपनी आर्थिक स्थिति को काफी मजबूत कर सकते हैं। ऑर्गेनिक खेती फायदे का सौदा है। किसानों को कम लागत में काफी नाम मुनाफा होता है।

प्रशिक्षण में वैज्ञानिक श्री धर्मा उराव ने किसानों को जैविक विधि से सब्जी उत्पादन में वृद्धि के साथ.साथ रासायनिक खाद व कीटनाशक से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही किसानों को जैविक विधि से खेती करने के लिए प्रेरित किया। देश में ज्यादातर किसान मुख्यतः फसल आधारित एकल फसल प्रणाली पर निर्भर हैं। अतः लगातार एकल फसल प्रणाली अपनाने के कारण उत्पादकता में गिरावट आती है।

### चतरा अनुसूचित जाति मोर्चा ने चलाया बस्ती संपर्क अभियान

चतरा। बस्ती संपर्क अभियान कार्यक्रम के तहत चतरा प्रखण्ड के देवरिया पंचायत अंतर्गत तुराग बूथ 307 से जिलाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा राजेश पासवान के अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा सह सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के चतरा भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित वक्ताओं ने कहा कि पिछले पांच सालों में प्रधानमंत्री ने देश के विकास लिए बहुत कुछ किया है। उन्होंने बताया प्रधानमंत्री की 125 से ज्यादा ऐसी जनकल्याणकारी स्कीम है जिसका टारगेट गरीब से गरीब इंसान हैं। इन्होंने इस दौरान सरकार की किसान सम्मान निधिए पीएम आवासए बिजलीए आयुष्मान योजनाए हर घर नल व गरीब कल्याणए आदि योजनाओं की सराहना की। उन्होंने मोदी जी को गरीबों के आसू पोछने वाला मसीहा बताया। मोदी जी कार्यकाल में वर्षों की तपस्या के बाद राम मंदिर का निर्माण हो गया।

## अंतरराज्यीय सीमा पर अपराध रोकथाम के लिए बिहार और झारखंड के पुलिस अधिकारियों ने बनायी रणनीति

खबर मन्त्र संवाददाता



कोडरमा। अगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बिहार एवं झारखण्ड पुलिस पदाधिकारियों की बैठक बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कोडरमा जीतवाहन उरांत एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रजौली (बिहार) पंकज कुमार के द्वारा अंतर्राज्यीय सीमावर्तीय जिला का बैठक कर चुनाव के दौरान उत्पन्न होने वाले सुरक्षा समस्या एवं विधि व्यवस्था को लेकर विचार विमर्श किया एवं बेहतर सुरक्षा व्यवस्था के लए रणनिति बनायी गयी। वहीं सूचनाओं के आदान प्रदान आपसी तालमेल व अपराधियों के धर पकड़ करने पर बल दिया गया। वहीं शराब, हथियार पर रोक लगाने एवं सूचनाओं के आदान प्रदान को लेकर भी चर्चा की गयी। वहीं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए वांक्षित अपराधियों व वारंटियों के खिलाफ बिहार व झारखण्ड की पुलिस संयुक्त रूप से अभियान चलायेगी। अगर बिहार का कोई अपराधी यहां रह रहा है, या यहां का अपराधी बिहार में छुपा बैठा है तो उसकी गिरफ्तारी के लिए दोनों जिला के पुलिस मिलकर सहयोग करेंगे। उम्मीद है कि इसका असर भी जल्द देखने को मिलेगा। बैठक में थाना प्रभारी रजौली (बिहार) राजेश कुमार, थाना थाना प्रभारी कोडरमा कुंदन कुमार, प्रभारी तिलैया पुलिस निरिक्षक बिनोद कुमार, थाना प्रभारी डोमचांच पुलिस अवर निरीक्षक पंचम तिग्गा, थाना प्रभारी चंदवारा पुलिस अवर निरीक्षक नीतीश कुमार मौजूद थे।

एक नजर में

### वार्ड सदस्य के खाते से 48000 की साइबर ठगी



चतरा। हंटरगंज के ऊरैली बहेरा गांव के अभिषेक कुमार के खाते से साइबर अपराधियों के द्वारा सोमवार को 48 हजार रुपये की ठगी कर ली गई। जिसे लेकर पीड़ित अभिषेक कुमार ने मंगलवार को थाना में आवेदन दिया है। पीड़ित ने बताया कि राजीव कुमार नाम के एक साइबर अपराधी के द्वारा मोबाइल नंबर9163494706 से फोन किया गया और उनके द्वारा बताया गया कि आप वार्ड सदस्य हैं और आपके अकाउंट में ?9000 भेजा जा रहा है। आप अपना अकाउंट नंबर बताइए। इसी दौरान उसके मोबाइल पर मैसेज आया कि उसके अकाउंट नंबर 48 2210 11000 2068 से 48हजार के निकासी हो गई। जिसके बाद अभिषेक कुमार बैंक ऑफ इंडिया हंटरगंज पहुंचकर और इसकी शिकायत किया।साइबर क्राईम ऑफिस में भी शिकायत किया गया है। अकाउंट से पैसा निकल जाने से अभिषेक कुमार काफी परेशान हाल बना हुआ है। पुलिस छानबीन कर रही है।

### जेईई परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को उपायुक्त ने दी बधाई



चतरा। जिला अंतर्गत जिला प्रशासन के पहल से जिला खनिज फाउंडेशन मद से जिले के गरीब एवं असहाय छात्रध्छात्राओं के लिए आईण्आईण्टी.जेईई परीक्षा की तैयारी हेतु कोचिंग का संचालन मोशन एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड कोटा संचालक दिवाकर प्रसाद द्वारा किया जाता है। आज दिनांक.13ण्02ण्2024 को आईआईटी. जेईई परीक्षा का रिजल्ट प्रकाशित हुआ। जिसमें चतरा जिला से निम्नांकित 07 ;सातद्ध अभ्यर्थी सफल घोषित हुए। उक्त जानकारी जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र द्वारा दी गई। अविष्कर कुमार पितारू. तिलक प्रसाद यादव एमाता मसोमत रीता देवीए अंकित कुमार प्रजापति पिता अनिल प्रजापति माता शंकुतला देवीए सारिका कुमारी एपिता उपेंद्र साव माता संगीता देवीए प्रियांशु कुमारए पिता रविन्द्र कुमार दांगी माता संगीता कुमारीएअनिरूद्ध कुमारए अभिषेक कुमार और हृष कुमार शामिल है । श्री अबु इमरानए उपायुक्तए चतरा ने सभी सफल अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### चतरा : अवर वन सेवा संघ महासम्मेलन की तिथि निर्धारित

चतरा। झारखण्ड राज्य अवर वन सेवा संघए जिला शाखा चतरा का चतुर्थ जिला महासम्मेलन दिनांक 16 .02 .2024 को वन भवन प्रांगण चतरा में आयोजित किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथिए क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक सतीश चंद्र राय ;प्धैद्धएविशिष्ट अतिथि वन प्रमंडल पदाधिकारी चतरा दक्षिणी मुकेश कुमार;प्धैद्ध वन प्रमंडल पदाधिकारीए चतरा उत्तरी राहुल मीणा ;प्धै द्धए आमंत्रित अतिथि झारखण्ड राज्य अवर वन संघ के अध्यक्ष शिवनारायण महतो व महामंत्री मनोरंजन कुमार की उपस्थिति में अराजपत्रित कर्मचारी महासंघए हजारीबाग के जिला सचिव श्री राम विलास सिंह अधिवेशन का उद्घाटन करेंगे। विदित हो की इस महाधिवेशन से जिला कार्यकारिणी का चुनाव होना है।

# मरकच्चो में शिव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा

## 11 दिवसीय शिव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता



मरकच्चो (कोडरमा)। प्रखंड मुख्यालय दक्षिणी पंचायत स्थित भगवतीडीह में 11 दिवसीय शिव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हो गया। कलश यात्रा का शुभारंभ कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव ने कलश यात्रा में शामिल जिप सदस्य रीता देवी के माथे पर कलश रखकर रवाना की। कलश यात्रा में मरकच्चो दक्षिणी, मध्य व उत्तरी पंचायत के 501 महिलाएं एवं कुंवारी कन्याओं ने भाग लिया। कलश यात्रा मरकच्चो दक्षिणी पंचायत नवनिर्मित मंदिर स्थित यज्ञ स्थल से बाजे गाजे के साथ निकली, जो सीधे पंचखेरों नदी पहुंची। वहीं यज्ञाचार्य पंडित धनंजय कृष्ण शास्त्री व अन्य पुजारीयों ने विधि विधान व मंत्र उच्चारण के साथ कलश में जल भरवारा। इसके बाद कलश यात्रा पुनः उसी रास्ते से होते हुए यज्ञ स्थल के समीप बने यज्ञ मंडप पहुंची। कलशयात्रा के बीच चंचाल मंडप के समीप सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी शोभायात्रा में शामिल हुई। वहीं यज्ञ समिति के लोगों ने फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। वहीं डॉ. नीरा यादव ने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजन समय-समय पर करना चाहिए, जिससे तन मन एवं वातावरण शुद्ध होता ही है, साथ ही सामाजिक समरसता भी बढ़ती है। मौके पर जिप अध्यक्ष रामधन यादव, रीता देवी, शालिनी गुप्ता, अनुराधा सीता, नीतिनचंद्र गुप्ता, प्रो. विनीता कुमारी, विजय कुमार सिंह, राजकुमार जैन कोलकाता, लक्ष्मण यादव, राजकुमार यादव, विजय यादव, सुरेंद्र प्रताप सिंह, दीपक कुमार पांडे, रणजीत सिंह, नितिन चन्द्र गुप्ता, प्रवीण चन्द्र गुप्ता, विनोद गिरि, यमुना सिंह, रामचंद्र यादव, सुरेश यादव, मनोज यादव, संतोष गिरी समेत समिति के अन्य सदस्य व ग्रामीण मौजूद थे।

### महायज्ञ को लेकर निकली कलश जल यात्रा



मरकच्चो (कोडरमा)। प्रखंड अंतर्गत चोपनाडीह पंचायत बेलाडीह ताराटांड़ में श्री श्री 1008 श्री शतचंडी नवदिवसीय महायज्ञ सह देवी प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के भव्य कलश जल यात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि कोडरमा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, पूर्व विधायक बरकट्ठा जानकी यादव, प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह, भाजपा जिला महामंत्री राजकुमार यादव, स्थानीय मुखिया पूनम कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित व फीता काट कर किया। वहीं कलश जल यात्रा में 1251 कुंवारी कन्याएं व महिलाओं ने सिर पर कलश लिए परसाबाद स्थित बडानो बराकर नदी पहुंची जहां अयोध्या से आए यज्ञाचार्य श्री परमेशवर शास्त्री जी महाराज ने अपने पंडितो के साथ मंत्रोच्चारण के साथ जल भरवाया। तत्पश्यात पुनः कलश जल यात्रा बेलाडीह स्थित यज्ञशाला पहुंचा। वहीं यज्ञ अध्यक्ष मुंशी यादव, सचिव बाबूलाल यादव एवं कोषाध्यक्ष द्वारिका प्रसाद यादव ने बताया कि प्रत्येक दिन रासलीला तथा अयोध्या से आए कथावाचक रामायणी साध्वी जी महाराज व परम पूज्य महाराज मनोहरमा सिंह यादव जी के द्वारा संध्या भागवत कथा का आयोजन किया गया है। महायज्ञ के मुख्य पुजारी गंगाधर यादव एवं उनकी पत्नी पार्वती देवी है। मौके पर पूनम देवी, सुभाष चंद्र यादव, कैलाश यादव, विकास विकल, विकास यादव, अरुण यादव, श्रीकांत यादव, विकास यादव, बसंत साव, बेदू साव, शंकर यादव, चंदन यादव, बिरेंद्र यादव, सहदेव यादव, सिकंदर पंडित, प्रकाश पंडित, शंकर राणा समेत ग्रामीण मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## बज्रपात से दहला पिंडाटोला बाल-बाल बचे कई लोग

**बारियातू।** प्रखंड स्थित पिंडाटोला बजरंग बली मंदिर के पास जामुन का पेंड़ मे मंगलवार को बज्रापात के धमाके से ग्रामीण भयभीत हो गए। त्रिभुवन प्रसाद, संतोष कुमार साव, राजू यादव, अर्जुन राम, बहादुर उरांव सहित अन्य लोगों ने बताया की पिंडाटोला मंदिर के पास चबूतरा मे जामुन का पेंड़ हैं। बारिश के समय अचनाक तेज धमाके के साथ बज्रापात हो गई जहाँ विशाल जामुन का पेंड़ क्षतिग्रस्त हो गया। बज्रापात इतना जोरदार हुआ की जामुन के पेंड़ मे लगभग 15 मिनट से भी अधिक धुंआ निकलता रहा। मंदिर परिसर मे सरस्वती पूजा को लेकर तैयारी चल रही थी। तैयारी के लिए वहाँ दर्जनों युवक लगे हुए थे। तैयारी कर रहे युवक बाल-बाल बच गए।

## हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया सरस्वती पूजा

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय सहित गोनिया, साल्वे, फूलसु, बालूभांग, डाढा, अमरवाडीह, टोटी, सिबला पंचायत मे सरकारी गैर सरकारी संस्थानों मे धूमधाम व हर्षोउल्लास के साथ सरस्वती पूजा मनाया गया। इधर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, भाट चतरा, बेसरा,बारा, फूलबसिया, राजगुरु, गड़गोमा, बरछिया, करमा, पिपराडीह सहित दर्जनों सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय मे छात्र छात्राओं ने सरस्वती जी की प्रतिमा स्थापित कर वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजा अर्चना की गई। पूजा के क्रम मे मां शारदे कहां तू वीणा बजा रही है का भी प्राथर्ना किया। विधि विधान के साथ पूजा करने के पश्चात प्रसाद का भी वितरण किया गया। गांव क्षेत्र मे सरस्वती पूजा से क्षेत्र मे भक्तिमय का माहौल बना हुआ है।

## भाटचतरा में लगा पशु मेला

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के सिबला पंचायत अंतर्गत भाटचतरा बाजार टांड मे प्रत्येक वर्ष की भांति पशु मेला लगा। भाटचतरा मे बसंत पंचमी के अवसर पर प्रत्येक वर्ष मेले का आयोजन किया जाता है। मेले मे लातेहार, चतरा, हजारीबाग सहित कई जिले एंव क्षेत्र के लोग आते हैं जहाँ बैल, बकरी व गाय की खरीद बिक्री पांच दिनों तक किया जाता है। प्रथम दिन सौ से भी अधिक मवेशीयों की खरीद बिक्री की गई। पांच दिनों बाद वर्तन जवेरात सहित अन्य सामग्री की भी दुकाने लगती है। दूर दराज से लोग अकरम मेले मे आवश्यक सामग्री खरीदते हैं। मेले मे काफी भींड लगी हुई थी।

## सशक्तिकरण शिविर का किया गया आयोजन

**हेरहंज।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में प्रखण्ड स्तरीय मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मुख्य अतिथि एडिशनल जज सेशन टू अमित कुमार द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। जिसमें जज श्री कुमार द्वारा पोस्को एक्ट, डायन प्रथा, अंधविश्वास समेत कई तरह की जानकारी दी गई। उपस्थित जिला कार्यक्रम पदाधिकारी संजय कुमार भगत ने बारी-बारी से उपस्थित सभी ग्रामीणों को अपने अधिकार के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का समापन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रदीप कुमार दास ने किया। मौके पर-जीप सदस्य चंचला देवी, उप-प्रमुख विजय उरांव समेत सभी पंचायत मुखिया, पंचायत समिति सदस्य समेत सभी विभाग के कर्मी मौजूद थे।

## व्यवसायियों की सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम करे सरकार: शत्रुघ्न प्रसाद

**लातेहार।** मंगलवार को गढ़वा जिले के अलंकार ज्वेलर्स में दिनदहाड़े हुई लूट की घटना और प्रशासनिक शिथिलता की राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के लातेहार जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद ने तीव्र निन्दा की है। उन्होंने कहा कि ओबीसी समाज के ज्यादातर लोगों का मुख्य पेशा व्यवसाय ही है। ऐसे में सरकार का नैतिक कर्तव्य बनता है कि वो व्यवसायियों के व्यवसाय करने के लिए सुरक्षित वातावरण देने के साथ साथ व्यवसायियों के सुरक्षा की भी पुख्ता इंतजाम करे। श्री प्रसाद ने कहा कि लूट की घटना को अंजाम देना स्थानीय प्रशासनिक विफलता को दशार्ता है। ऐसे में सरकार दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई करे और अपराधियों की गिरफ्तारी एवं लूट का समान बरामद करने के साथ साथ पीड़ित व्यवसायी की सुरक्षा का इंतजाम करे।

लातेहार टॉउन हॉल में विधिक सेवा सशक्तिकरण सह पोक्सो पर जिला स्तरीय शिविर का आयोजन, लोगों को किया गया जागरूक

# शिक्षित एवं जागरूक होकर शोषण से बच सकते हैं: अखिल कुमार

**खबर मन्त्र संवाददाता**


दीप प्रज्वलित करते प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, डीसी व एसपी।


परिसंपति का वितरण करते पदाधिकारी।

**लातेहार।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) रॉची के निदेर्शानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष-जिला वधिक सेवा प्राधिकार लातेहार अखिल कुमार एवं उपायुक्त-सह-उपाध्यक्ष-जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार गरिमा सिंह के नेतृत्व में जिला प्रशासन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को टाउन हॉ्ल लातेहार में विधिक सेवा सशक्तिकरण सह पॉक्सो एक्ट पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अखिल कुमार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश-सह-अध्यक्ष, गरिमा सिंह उपायुक्त, अंजनी अंजन पुलिस उपाधीक्षक, अमित कुमार पोक्सो के विशेष न्यायाधीश, लातेहार एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में सहज और सरल तरीके से दुर दराज क्षेत्रों से आए ग्रामीणों और उपस्थित अन्य श्रोतागणों को आज के संदर्भ में विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर-सह-पोक्सो पर आयोजित जिला स्तरीय शिविर के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही परिसंपति का वितरण किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा की लोगों को कानून एवं अधिकारों की जानकारी देकर सशक्त बनाने सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिले के सभी प्रखंड मुख्यालय में आज मेगा शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा शिक्षित एवं जागरूक होकर हम शोषण एवं अत्याचार से बच सकते हैं। आगे उन्होंने आम नागरिकों हेतु विधिक जागरुकता एवं सहायता के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही महिला अधिकारों की जानकारी देते हुए महिलाओं के विरुद्ध अपराध जैसे अन्य अपराधों के रोकथाम एवं सरंक्षण के लिए लागू योजनाओं से सभी को अवगत कराया। उपायुक्त गरिमा सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस शिविर का उद्देश्य लोगों को उसके कानूनी अधिकार के प्रति जागरूक एवं शिक्षित करना है। साथ ही साथ सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक कर लोगों को लाभ पहुंचाना है। उक्त कार्यक्रम में लाभुकों को सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया तथा 49 करोड़ की परिसंपत्ति का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन स्वाति विजय उपाध्याय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार एवं सुजीत कुमार सहायक रजिस्ट्रार-सह-विधि शाखा प्रभारी लातेहार ने किया। इस कार्यक्रम में कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राजीव आनन्द, अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम संजीव कुमार दास, अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय अमित कुमार, अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय संजीव झा, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी मो. अब्दुल नसीर, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी शशिभूषण शर्मा, अनुमंडल न्यायिक दण्डाधिकारी मिथिलेश कुमार और न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी राहुल कुमार मौजूद थे।

जिले भर में धूमधाम से मनाई गई विद्यावाहिनी मां सरस्वती की पूजा

# पूजा अर्चना के लिए सुबह से लगी रही भक्तों की कतार

➲ विद्यार्थियों व युवाओं के बीच पूजा को लेकर देखा गया भारी उत्साह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



### बच्चों ने लिया सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा

कस्तूरबा गांधी विद्यालय बरवाडीह में विधि-विधान से मां सरस्वती की पूजा अर्चना के उपरांत छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया। वहीं अतिथियों का स्वागत किया गया। बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय समेत बेतला, केचकी, पोखरिकला, मंगरा, खुरा, छेंचा मोरवाई, कैड, हरातु, चुंगरू और लात पंचायत के कई गांवों में भी पूजा धूमधाम से की गईं। अब छात्र-छात्रा प्रतिमा विसर्जन की तैयारी में लगे हुए हैं।

**लातेहार।** बुधवार को लातेहार समेत जिले के सभी प्रखंडों में हंसवाहिनी, विद्यादायिनी मां सरस्वती की पूजा के साथ बसंत पंचमी का पर्व धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान कई जगहों पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया था। शिक्षण संस्थानों, युवा संगठनों और सार्वजनिक जगहों में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। पूजा स्थलों व पंडालों को जगमगाती लाइटों से सजाया गया था। बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय के शांति निकेतन पब्लिक स्कूल, संत सोल्जर स्कूल, ब्राइट चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल और कस्तूरबा गांधी विद्यालय समेत कई चौक- चौराहों पर युवकों द्वारा मां की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। विद्यालयों सहित तमाम स्थानों पर बेहतर ढंग से साज-सच्चा की गई थी। पूजा पंडालों में स्थापित मां सरस्वती के दर्शन एवं प्रसाद ग्रहण करने का सिलसिला दिनभर चलता रहा। स्कूली छात्र समेत शिक्षक इसमें व्यस्त दिखे। क्षेत्र में विद्यार्थियों व युवाओं के बीच पूजा को लेकर भारी उत्साह देखा गया। वही स्थानीय मंदिरों में भी सुबह से ही पूजा के लिए भक्तों की कतार लगी रही। वहीं नवयुवक क्लब गढ़वाटांड़ में युवाओं द्वारा आकर्षक और भव्य पंडाल का निर्माण कर मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की गई थी। पूजा समिति के अध्यक्ष अमन कुमार ने बताया कि इस वर्ष आयोजन में साठ हजार रुपए खर्च हुए है।

## धूम धाम से मनाया गया सरस्वती पूजा

**बालूमाथ।** विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा बुधवार को बालूमाथ सहित पूरे प्रखंड में हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर बालूमाथ के विभिन्न स्कूल कॉलेज एवं शिक्षण संस्थानों में देवी सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की गई। वहीं बालूमाथ प्लस टू उच्च विद्यालय, गर्ल्स स्कूल, बालिका उच्च विद्यालय, कस्तूरबा गांधी विद्यालय, विद्या कोचिंग सेंटर, किड्स स्कूल,बीएस मेमोरियल स्कूल, बेसिक स्कूल समेत विभिन्न शिक्षण संस्थानों में बिधिवत पूजा अर्चना की गई। निर्धारित समय में पंडितों द्वारा पूजा संपन्न करते ही श्रद्धालुओं ने मां को पुष्पांजलि अर्पित की और सरस्वती मां से मन्नतें मांगी साथ ही मन की मधुर गीत और जयकारा से आसपास का वातावरण उत्साह से भर उठा।

## एक नजर में

### चंदवा में धुमधाम से मना शनि, हनुमान व बाबा विश्वनाथ मंदिर का वार्षिकोत्सव


प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

**चंदवा।** शहर के सुभाष चौक ब्रह्म स्थल परिसर स्थिति शनि-हनुमान व बाबा विश्वनाथ मंदिर का वार्षिकोत्सव बुधवार को धूम धाम के साथ मनाया गया। पंडित विनोद मिश्रा की अगुवाई में विधिवत पूजन कराया गया, जिसमे बतौर यजमान धर्मेंद्र भारती सपत्नीक ने उनका साथ दिया। पूजन के उपरांत दोपहर बाद तीन बजे से महाभण्डारा का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सरपंच भुनेश्वर प्रसाद व डॉ. अखिलेश्वर प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण कर किया। उद्घाटन के उपरांत चंदवा शहर समेत आसपास के इलाकों से सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। देर शाम तक भंडारे का प्रसाद पाने को लेकर भक्तों का तांता लगा रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर समिति के लाल प्रदीप नाथ शाहदेव, राजेश चंद्र पांडेय, निर्मल भारती, सुधीर प्रसाद, मनीष भारती, गणेश अग्रवाल, संदीप कनोडिया, राजकुमार केसरी, राजकुमार पंडा, संतन पंडा, प्रमोद दुबे, महेंद्र साहू, दीपू सिन्हा, प्रकाश जायसवाल, धर्मप्रकाश अग्रवाल, राजू सिंह, राजेश शाही, सुधीर प्रसाद, विवेकानंद प्रसाद, अमरदीप प्रसाद, कैलाश बैठा, अशोक जायसवाल, बालजी उरांव, धर्मेंद्र भारती, जीतू कुमार, अजित बनारसी, अनूप कुमार समेत कई लोगो ने योगदान दिया।

## हिंदू धर्मावलंबियों की हुई बैठक, 9 दिवसीय महायज्ञ करने का लिया गया निर्णय, कमेटी गठित


बैठक के दौरान मौजूद लोग।

**हेरहंज।** प्रखंड के चिरू ग्राम में हिंदू धर्मवालंबियों की बैठक हुई। जिसमें ग्राम में नवनिर्मित शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर चित्रकूट के स्वामी सीताराम शरण जी महाराज के तत्वावधान में आगामी 9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक नौ दिवसीय श्री शिव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ करने का निर्णय लिया गया। जिसके सफल संचालन के लिए सर्वसम्मति से एक कमेटी गठित की गई। जिसके अध्यक्ष अजय सिंह, उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार साहू एवं अशोक सिंह, युवा अध्यक्ष अखिलेश कुमार साहू, सचिव विनोद यादव, महासचिव शिवकुमार सिंह, कोषाध्यक्ष शुभम कुमार सिंह, संरक्षक परमेश्वर सिंह, मीडिया प्रभारी मनोज साहू एवं अजय कुमार साहू, सूचना प्रमुख अरुण साहू एवं उत्तम सिंह, प्रचार प्रसार प्रमुख दीपक कुमार सिंह, विद्यार्थी प्रमुख गोपाल सिंह, इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में छोटू बैठा दिनेश साहू, मुकेश कुमार, मुकेश, भोला सिंह, शंभू साहू, योगेंद्र साहू, लक्ष्मण साहू, कमलेश सिंह, पंकज सिंह, गुरुदेव सिंह, रामाशीष सिंह, नवल सिंह, अनिल सिंह, जगमोहन साहू, शंकर भूईया, रघुनंदन सिंह, गोविंद सिंह समेत 31 लोग बनाए गए।

# चंदवा में लगा मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर

➲ प्रधान न्यायाधीश राजीव आनंद ने दी कानून की जानकारी, लाभुकों के बीच किया परिसंपतियों का वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**


परिसंपति का वितरण करते प्रधान न्यायाधीश।

**चंदवा।** नालसा नई दिल्ली व झालसा रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार के द्वारा बुधवार को चंदवा प्रखंड कार्यालय के सभागार परिसर में बुधवार को विधिक सशक्तिकरण के तहत मेगा शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर के मौके पर बतौर मुख्य अतिथि प्रधान न्यायाधीश राजीव आनंद मौजूद थे। शिविर में प्रधान न्यायाधीश ने शिविर में उपस्थित लोगों को कानून की जानकारी दी। इसके साथ ही परिसम्पत्तियों का वितरण भी किया गया। शिविर में 3 कार्डधारियों के बीच आपूर्ति विभाग के द्वारा सोना सोबरन धोती साड़ी लूंगी योजना के माध्यम से धोती साड़ी, कृषि विभाग की ओर से 5 किसानों के बीच सब्जी बीज, 4 लाभुकों को पेंशन स्वीकृति पत्र, 2 ग्रामीणों का चरित्र प्रमाण पत्र, पारिवारिक सूची बाल विकास परियोजना की ओर से एक लाभुक को ट्राई सईकिल, जेएसएलपीएस की ओर से 2 लाभुकों के बीच 5-5 लाख के चेक का वितरण किया गया। मौके पर अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रामनाथ यादव, अंचल निरीक्षक ऋषिदेव कमल, मनरेगा बीपीओ रतन शाहदेव, सांख्यिकी पदाधिकारी शिशिर कुमार बारला, जनसेवक लवकुमार पासवान, नीरू झा, जेएसएलपीएस के मुजबुल आरफीन, सुरेंद्र कुमार समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### शहर से लेकर गांव तक सरस्वती पूजा की धूम



**चंदवा।** चंदवा शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में बुधवार को सरस्वती पूजा को लेकर धूम देखने को मिली। ग्रीन फील्ड एकेडमी, ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल पिपराही रोल, मां सरस्वती कोचिंग सेंटर, बालक व बालिका उच्च व मध्य विद्यालय, कस्तूरबा विद्यालय समेत सरकारी, गैर सरकारी शैक्षणिक संस्थानों, कोचिंग संस्थान समेत विभिन्न चौक चौराहों में बुधवार को विधि विधान के साथ विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा की गई। सुबह से ही बच्चों में पूजन को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा था। स्नान ध्यान व नए वस्त्र पहन कर बच्चे सुबह से ही पूजन में लग गए थे। विभिन्न पंडालों में मां शारदे की पूजा विधि विधान से संपन्न की गई। लोगों ने विद्या की देवी मां सरस्वती से मन्नत एवं आशीर्वाद मांगी। इसके पश्चात देर रात तक प्रसाद का वितरण किया गया। थाना टोली स्थित माँ सरस्वती कोचिंग सेंटर में भी मां की पूजा के उपरांत पटना से आये विद्वानों की टोली द्वारा 24 घण्टे का रामचरित मानस अखंड रामायण पाठ का आयोजन प्रारंभ हुआ। कोचिंग के संस्थापक शशिकांत मिश्र के नेतृत्व में अखंड कीर्तन व पाठ का आयोजन जारी थी। देर शाम तक शहर में भी लोग प्रतिमा के दर्शन करने के लिए सपरिवार निकले, माता के दर्शन कर नमन किया। पूजा को लेकर शहर में भीड़ भाड़ का माहौल दिखा। इधर एसपी अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार प्रशासन भी पूजा में शांति व्यवस्था बहाल करने को लेकर मुस्तैद दिखी। विभिन्न चौक चौराहे पर पुलिस मौजूद थी। प्रखंड भर में कही गुरुवार तो कहीं शुक्रवार की सुबह हवन कार्यक्रम संपन्न होगा। इसके बाद मातेश्वरी की पूजा प्रतिमा विसर्जित की जाएगी।

# बालूमाथ प्रखंड कार्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन


जागरूक करते पदाधिकारी।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन एडिशनल सेशन जज संजीव झा, बीडीओ सोमा उरांव, बालूमाथ अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर किया। आयोजित शिविर में बोलते हुए संजीव झा ने कहा कि लोकतांत्रिक समाज के उत्तरदायी नागरिक तैयार करने के लिए उन्हें अपने अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने की अति आवश्यकता है। बालकों के सर्वांगीण विकास के लिए भारत के संविधान और कानूनों में उन्हें कई महत्वपूर्ण अधिकार प्रदान किए गए हैं और उनके हितों का संरक्षण प्रदान किया गया है। उन्होंने निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह से बचने का अधिकार, रैगिंग से सुरक्षा का अधिकार पर विषयों पर विस्तार से जानकारियां दी। मौके पर कई परिसंपत्तियों का वितरण भी किया गया जिसमें राशन कार्ड वितरण, सावित्रीबाई फुले योजना का कार्ड, किसानो को नैनो यूरिया, पेंशन, जाति एवं आय प्रमाण पत्र, लगान रसीद निर्गत का वितरण किया गया। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव, ईश्वरी पासवान, ईश्वरी राम, महेश मुंडा, आशीष केसरी, पंचायत सचिव सुषमा कुमारी, ममता कुमारी, प्रीति कुमारी, अंकित मिंज, ज्योति तिर्की समेत कई लोग उपस्थित थे।

# जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन


जानकारी देते एसडीजीएम मिथिलेश कुमार।

**बरवाडीह।** बुधवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में विधिक सेवा प्राधिकार सह विधिक जागरूकता शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन एसडीजीएम मिथलेश कुमार, प्रमुख सुशीला देवी, संतोषी शेखर, बीडीओ रेशमा रेखा मिंज, कन्हाई प्रसाद, वन एवं पर्यावरण विभाग के सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी, तेतर यादव और आरती देवी समेत अन्य अतिथि के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। जहां एसडीजीएम ने कहा की विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से जरूरतमंद लोग जिन्हें किसी भी तरह की कानूनी लड़ाई लड़ने में आर्थिक समस्या आती है, उन्हें विधिक सेवा के माध्यम से निशुल्क वकील मुहैया कराने के साथ-साथ अन्य सभी तरह की कानूनी सहायता मुहैया कराई जाती है। उपस्थित लोगों को कानून और अधिकारों की जानकारी दी। प्रखंड प्रशासन की ओर से परिसंपत्ति का भी वितरण किया गया। अतिथियों के हाथों एक बैसाखी, दो ट्राई साइकिल दो व्हीलचेयर, दो जॉब कार्ड, 11 सर्वजन पेंशन योजना, सोना सोबरन योजना के तहत पांच धोती साड़ी, 14 राशन कार्ड के साथ-साथ स्वयं सहायता समूह के बीच 32 लाख के चेक का वितरण किया गया। मौके पर आरती देवी, महबूब आलम, सुरेश राम, आपूर्ति पदाधिकारी अनुज कु. शरण, मुखिया कालो देवी, वेरोनिका कुजूर, पूनम देवी, बलदेव परहिया, नजाम अंसारी, सुनील सिंह, प्रदीप सिंह, पशुपालन पदाधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार, कृषि पदाधिकारी देवलाल राम, बीपीओ त्रिवेणी राम, अशोक राम समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## छात्रों ने धुम-धाम से की मां सरस्वती की पुजा अर्चना



**लातेहार।** महाबोधि कम्प्यूटर एकेडमी लातेहार मे बुधवार को सरस्वती पूजा धुम-धाम से मनाया गया। वहीं छात्रों के द्वारा विधि विधान के साथ विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा की गई। सुबह से ही बच्चों में पूजन को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा था। स्नान ध्यान व नए वस्त्र पहन कर बच्चे सुबह से ही पूजन में लग गए थे और लोगों ने विद्या की देवी मां सरस्वती से मन्नत एवं आशीर्वाद मांगी। मौके पर महाबोधी कम्प्यूटर एकेडमी के डायरेक्टर कौशल्या कुमारी एवं रविंद्र कुमार यादव, शिक्षक सेजल कुमारी गुप्ता, छात्र प्रभात कुमार, रंजन यादव, सुबाश लकरा, राहुल उरांव, कोमल कुमारी, पुनम कुमारी समेत दर्जनो छात्र मौजूद थे।

# विभागीय उदासीनता के कारण अधूरा पड़ा है आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कार्य

➲ नौनिहालों और महिलाओं को नहीं मिल रहा है महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ

➲ घर में केंद्र संचालित करने को मजबूर है सेविका सरिता देवी

**दीपक राज**


अधूरा पड़ा आंगनबाड़ी केंद्र।

### आंगनबाड़ी नही होने से बच्चो को होती है परेशानी : सेविका

सेविका सरिता देवी ने बताया कि रमनदाग गांव में बन रहे आंगनबाड़ी केंद्र के अधूरे रहने से बच्चो को काफी परेशानी होती है। वह अपने घर के एक छोटे से कमरे में आंगनबाड़ी केंद्र संचालित करती है, और बच्चो को पढ़ाती है। आंगनबाड़ी केंद्र को पूर्ण करने के लिए कई बार मुखिया समेत जनप्रतिनिधियों के समक्ष गुहार लगाई है, पर अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने लातेहार की नवनियुक्त उपायुक्त गरिमा सिंह और बरवाडीह बीडीओ से गांव में पड़े अधूरे आंगनबाड़ी केंद्र को पूर्ण करने की मांग की है।

### क्या कहती है बीडीओ

इस संबंध ने बीडीओ रेशमा रेखा मिंज ने कहा कि मुझे प्रखंड कार्यालय की कुर्सी संभाले अभी कुछ ही दिन हुए है। क्षेत्र में क्या चल रहा है। अभी पूरी जानकारी नहीं मिली है। मैं अपने स्तर से इसकी जांच करवाती हूं। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी को पूर्ण करने में जो भी परेशानी आ रही है, उसे दूर कर जल्द से जल्द अधूरे पड़े आंगनबाड़ी केंद्र को पूर्ण करने की प्रयास करूंगी।

**बरवाडीह।** स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने, नौनिहालों को कुपोषण से बचाने और उन्हें शिक्षा के प्रति जागृत करने, गर्भवती महिलाओं को समय-समय पर टीकाकरण आदि की व्यवस्था देने के उद्देश्य से बीते दो वर्ष पूर्व गांवों में आंगनबाड़ी केंद्र का भवन बनाने को लेकर बजट आवंटित किया था। लेकिन विभागीय उदासीनता के कारण आज भी आंगनबाड़ी केंद्र अधूरा पड़ा है। जिससे सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना का लाभ नौनिहालों और ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। बावजूद इसके अधिकारियों द्वारा अब तक ऐसे लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है, और नही योजना को पूर्ण कराने में कोई दिलचस्पी दिखाई जा रही हैं। मामला लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखण्ड अंतर्गत हरातु पंचायत के रमनदाग ग्राम का है। जहां मनरेगा एवं 15 वें वित्त की योजना से बनाया जा रहा आंगनबाड़ी केंद्र लगभग एक वर्ष बीत जाने के बाद भी अब तक अधूरा पड़ा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार 6 लाख 63 हजार रुपए की राशि से इस केंद्र का निर्माण किया जाना हैं।

## मुख्यमंत्री राज्य वृद्धा पेंशन को लेकर 20 फरवरी से लगेगा शिविर

**बारियातू।** महिला बाल विकास एंव समाजिक सुरक्षा विभाग झारखंड सरकार के निदेर्शानुसार एसटी व एससी कोटी के 50 से 60 वर्ष आयुवर्ग के महिला एवं पुरुष को मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ दिलाने को लेकर प्रखण्ड के सभी नौ पंचायतों मे 20 फरवरी से शिविर का आयोजन किया जायेगा। जानकारी देते हुए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने बुधवार को बताया कि राज्य सरकार के महिला बाल विकास एंव समाजिक सुरक्षा विभाग झारखंड सरकार के आदेशानुसार एसटी व एससी वर्ग के वैसे महिलाएं जिनका आयू वर्ग 50 से 60 है तथा अन्य वर्ग के सिर्फ महिलाओं को चयन कर मुख्यमंत्री राज्य वृध्दावस्था पेंशन योजना से जोड़ना है। जिसके लिए प्रखण्ड के सभी नौ पंचायतों मे शिविर का आयोजन किया जाना है। जिसकी तिथि व कर्मी पंचायतवार नियुक्त किया गया है। 20 फरवरी को सदर पंचायत बारियातू, टोंटी अमरवाडीह व डाढ़ा, 21 फरवरी को शिबला, साल्वे,गोनिया व फुलसु, 22 फरवरी को बालुभांग पंचायत सचिवालय परिसर में संबंधित पंचायत सचिव के नेतृत्व में दोपहर 12 बजे से चार बजे तक शिविर का आयोजन कर लाभुकों का चयन किया जाना है। आगे कहा कि लाभुक अपने साथ आधार कार्ड, पहचान पत्र व बैंक खाता एवं एसटी एससी वर्ग के पुरूष जाति प्रमाण पत्र लाने की बात कही। साथ उन्होंने 14 फरवरी से 19 फरवरी तक पंचायत प्रतिनिधियों से योजना के लाभ दिलाने के लिए अपने अपने पोषक क्षेत्र में योग्य लाभुकों को प्रेरित कर शिविर के बारे में जानकारी देने का अपील किया।

# मौकापरस्त हैं पूर्व सांसद घूरन राम : इंडिया गठबंधन

खबर मन्त्र संवाददाता


प्रेस कॉन्फ्रेंस करते इंडिया गठबंधन के नेता।

**गढ़वा।** पूर्व सांसद घूरन राम मौकापरस्त हैं। वह जिस थाली में खाते हैं उसी में छेद भी करते हैं। यह न तो किसी पार्टी के हैं और ना ही आम जनता के। इन्हें जहां भी मौका मिलता है सिर्फ अपनी रोटी सेकने के फिराक में लगे रहते हैं। इंडिया गठबंधन के नेताओं ने बुधवार को शहर के चिनिया रोड स्थित होटल पद्मावती में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर उक्त बातें कही।

इंडिया गठबंधन के नेताओं ने कहा कि घूरन राम को पहली बार सांसद बनने का मौका राष्ट्रीय जनता दल से ही मिला था। साथ ही वर्ष 2019 में भी महागठबंधन की ओर से राष्ट्रीय जनता दल के सिंबल पर उन्हें टिकट दिया गया था। घूरन राम लोकसभा चुनाव महागठबंधन से लड़ा, जबकि विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को पूरी तरह से मदद किया। यह जिस थाली में खाते हैं, उसी में छेद करते हैं। भीतरघात करना इनके फितरत में शामिल है। यह अपने स्वार्थ की राजनीति करते हैं। आज भी वह अपने निजी स्वार्थ के लिए पाला बदल रहे हैं। नेताओं ने कहा कि घूरन राम का बयान बिल्कुल हास्यास्पद है कि अनुसूचित जाति को महागठबंधन में कोई मान-सम्मान नहीं मिलता है और ना हीं कोई पद मिला है। जबकि इन्हें मालूम होना चाहिए कि राजद कोटा से मंत्री बनने वाले सत्यानंद भोक्ता अनुसूचित जाति समाज से ही थे। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ उन्होंने शपथ लिया था। वर्तमान में भी उन्होंने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के साथ मंत्री पद की शपथ लिया है। इस परिस्थिति में घूरन राम का आरोप बिल्कुल बेबुनियाद है। वे झूठ-सच बोलकर जनता को गुमराह कर रहे हैं। साथ ही अपनी निजी स्वार्थ के लिए पाला बदल रहे हैं। दलित, पिछड़ा सभी वर्गों का मान सम्मान इंडिया गठबंधन ही कर सकता है। अभी यह कमंडल की पार्टी में जाने की तैयारी में हैं। इसलिए बेतुका बयानबाजी कर रहे हैं। पूर्व सांसद घूरन यह बताएं कि इन्होंने अपने संसदीय कार्यकाल में कितने दलितों के उत्थान के लिए कौन सा कार्य किया है। अपने कार्यकाल में तो वह अपने ही समाज के लोगों को भी अपने आसपास फटकने नहीं देते थे और न उन्हें अपने करीब सटने देते थे। ऐसे मौका परस्त लोगों से जनता को सावधान रहना चाहिए। घूरन राम ने आत्मघाती कदम उठाया है अब समाज ने भी उनसे उम्मीद रखना बंद कर दिया है। मौके पर मुख्य रूप से जिला परिषद अध्यक्ष सह झामुमो नेत्री शांति देवी, शिक्षा विभाग के विधायक प्रतिनिधि अशर्फी राम, मुखिया मुखराम भारती, राजद के प्रधान महासचिव सह खोरीडिह पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि धर्मराज राम, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के रामनाथ श्रमिक, कांग्रेस के अनुसूचित वर्ग के अध्यक्ष इंद्रदेव बैठा आदि लोग उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### वज्रपात से छह मवेशियों की मौत


मृतक मवेशी।

**कांडी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गाड़ा खूर्द पंचायत के बनकट गांव में वज्रपात से सीताराम चैधरी की पांच गाय व एक बछड़ा की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना मंगलवार की रात की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीताराम झोपड़ी में मवेशियों को बांधकर रखा था। रात में बेमौसम बारिश के साथ ओलावृष्टि और वज्रपात हुई जिससे पांच गाय व एक बछड़े की मौत हो गई। जिसमें तीन दुधारू, दो गर्भवती गाय व एक बछड़ा शामिल है। सीताराम चैधरी को एक लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है।

### बोकारो में अनधिकृत कब्जे वाले आवासों को कराया खाली



**बोकारो।** सम्पदा न्यायालय बोकारो द्वारा मजिस्ट्रेट प्रदीप कुमार के नेतृत्व में अनधिकृत कब्जे वाले आवासों सेक्टर 1 बी के आवास संख्या 1414 व 1596 1सी के आवास संख्या 1082,1296 व 1300 2डी के 1008 2सी के 3119,4176,4014,3021,3024 व 4103 को खाली कराया गया। आवास खाली कराने के अलावा अवैध कब्जाधारियों का सामान भी सम्पदा न्यायालय द्वारा जब्त कर लिया गया है।

### हॉट मेटल के स्थानांतरण के लिए टारपीडो लेडल कार का उद्घाटन



**बोकारो।** ब्लास्ट फर्नेस से एसएमएस 2 में हॉट मेटल के स्थानांतरण के लिए टॉरपीडो लैडल कार नंबर 01 का उद्घाटन ईडी संकार्य बीरेंद्र कुमार तिवारी के द्वारा सीजीएम वीपी उपाध्याय वीके सिंह एके झा अरविंद कुमार एमपी सिंह जीएम जयंत पोद्दार विभाग के वरीय अधिकारियों तथा कार्मिक के उपस्थिति में किया गया। टारपीडो लेडल कार को उपयोग में लाने के लिए सीजीएम एमपी सिंह के नेतृत्व में जीएम जयंत जोद्दार तथा मानस सरकार की एक टीम का गठन किया गया। टीएलसी नंबर 01 को परिचालित करने के लिए ट्रैवलिंग कार असेंबली सहित कल पुर्जों की खरीद तथा रिफ्रैक्टरी लाइनिंग के लिए कैपिटल रिपेयर (मैकेनिकल) और आरईडी की मदद से संचालन के लिए तैयार किया गया। टीएलसी ओपन टॉप लैडल की तुलना में गर्म लिक्विड आयरन का तापमान संरक्षित रखता है तथा इसकी क्षमता 340 टन हॉट मेटल की है इससे ट्रैफिक में लॉजिस्टिक के समय में कमी तथा क्षमता की वृद्धि हुई है।

### गढ़वा में धूमधाम से मनी सरस्वती पूजा, जगह-जगह पर स्थापित की गई प्रतिमा


पूजा करते विद्यार्थी।

**गढ़वा।** बसंत पंचमी के मौके पर विद्या की अधिष्ठात्री मां सरस्वती की जिलेभर में काफी धूमधाम से पूजा अर्चना की गई। शहर से लेकर गांव तक सरस्वती पूजा की धूम रही। विद्यार्थियों ने शहर से लेकर गांव तक विभिन्न गली, मोहल्ले में जगह-जगह पर मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की एवं मां सरस्वती से बुद्धि एवं विद्या देने की प्रार्थना की। या देवी सर्वभूतेषु सरस्वती रूपेण संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः से पूरा गढ़वा गुंजायमान रहा। चारों तरफ माहौल भक्तिमय बना रहा। छोटे-छोटे बच्चों से लेकर बड़े विद्यार्थीगण दो दिन पूर्व से ही मां सरस्वती पूजा की तैयारी में लगे हुए थे। चारों तरफ भक्ति गीत गूंजते रहे। लोगों ने काफी विधि विधान से मां सरस्वती की पूजा अर्चना की। सभी मूर्ति स्थल पर पूजा के बाद से प्रसाद वितरण भी किया गया। शहर के रांकी मोहल्ला, संघत मोहल्ला, मेन रोड, चिनिया मोड़ सहित विभिन्न मोहल्लों, गलियों में भी कई स्थानो पर मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की गई है। सरस्वती पूजा को लेकर बच्चों में करीब 15 दिन पूर्व से काफी उत्साह था। हर गली में बच्चे चंदा काटते हुए देखे जा रहे थे।

## बीएसएल में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बीएसएल के ईडी संकार्य बीके तिवारी की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2023-24 की चतुर्थ बैठक आयोजित की गई। बैठक में ईडी सीआर महापात्रा सुरेश रंगानी राजन प्रसाद विभिन्न विभागों के सीजीएम जीएम एनए सैफी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में राजभाषा अधिकारी शशांक शेखर ने कार्यसूची पर प्रकाश डाला एवं पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की स्थिति विभिन्न विभागों में हिंदी की प्रगति इत्यादि की समीक्षा की गई। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए ईडी श्री तिवारी व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने राजभाषा के प्रचार प्रसार को गति देने के लिए सभी विभागाध्यक्षों से अपने विभागों में हिंदी कार्यशाला आयोजित करने कार्यालयीन कार्यों में हिन्दी का अधिकाधिक उपयोग करने एवं राजभाषा अधिनियम के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन राजभाषा अधिकारी शशांक शेखर ने किया।

## बोकारो शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सरस्वती पूजा सोल्लास सम्पन्न



**बोकारो।** नगर के विभिन्न क्षेत्रों सेक्टर 3बी स्थित वसुंधरा गली बंग भारती के समीप सभी सेक्टरों व चास बोकारो के निकटवर्ती क्षेत्रों में सरस्वती पूजा धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर मुहल्ले के बच्चों सहित स्थानीय सभी सदस्यों ने मिल-जुलकर आपसी सहयोग से पूजा को सफल बनाया। विधिवत मां शारदे की प्रतिमा के सामने अपनी किताबें कलम और संगीत के साज रखकर पूजा की और विद्या, बुद्धि मांगी। विधिवत पूजन के बाद बच्चों ने मिलकर हवन संपन्न किया। इस दौरान पूरी गली मां हंसवाहिनी की जय-जयकार से गूंजता रही। वसुंधरा गली के बच्चों के लिए चित्रांकन प्रतियोगिता के साथ-साथ विभिन्न मनोरंजक स्पधाओं का भी आयोजन किया गया जिनके सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। बच्चों ने गीत-संगीत और नृत्य की प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अधिकांश जगहों पर प्रतिमा स्थापना हवन प्रसाद वितरण व आरती के बाद गुरुवार को भी प्रातःकालीन व संध्याकालीन आरती संपन्न की जाएगी। इसके बाद अगले दिन प्रतिमा-विसर्जन किया जाएगा। वसुंधरा गली के पूजनोत्सव में मनस्वी नंदिनी श्रद्धा सोमी आयुषी श्रेया आदित्य श्रेयो मिष्ठी ऋद्धि नारायणी यश अंश रवि रुद्र अभिराज ऋषभ सहित गली के सभी बच्चे मौजूद रहे।

## कोयला व्यापारियों ने नए सेल ऑफिसर का किया स्वागत



**बेरमो।** सीसीएल बीएंडके क्षेत्र से कारो परियोजना से जुड़े कोयला व्यापारियों ने क्षेत्र के नए सेल ऑफिसर चंद्रभूषण त्यागी को बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर कोयला उठाव में आ रही समस्याओं पर बात की। व्यापारियों ने कारो मे लोकल सेल सुचारु रूप से चलाने और पर्याप्त मात्रा मे कोयला उपलब्ध कराने का किया मांग। कहा कि इससे डीओ होल्डर, ट्रक मालिक, चालक, ग्रामीण, विस्थापित, मैनुअल लोडिंग मजदूर, महिलाओं व स्थानीय बेरोजगारों को लाभ मिलेगा। श्री त्यागी ने कहा कि उन्होंने डीओ होल्डर की मांगों को गंभीरता पूर्वक से लिया जायेगा। समस्या समाधान की पहल की जायेगी। इस अवसर पर कोयला व्यापारी मोनू सिंह, पंकज सिंह, मनोज सिंह, कुणाल सिंह, सुजीत सिंह, विक्की सिंह, रवि सिंह आदि मुख्य रूप से शामिल थे।

## 151 कन्याओं के विवाह में बढ़ चढ़कर करेंगे सहयोग : विपुल

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक करते लोग।

**गढ़वा।** कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी संस्था के तत्वावधान में आगामी दिसंबर माह में 151 कन्याओं का सामूहिक विवाह को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसे लेकर गढ़वा सहित पलामू प्रमंडल के विभिन्न पंचायत में भी लोगों को घर-घर जाकर सामूहिक विवाह को लेकर प्रोत्साहन किया जा रहा है। इस दौरान कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी गढ़वा के कार्यालय में पहुंचकर संस्था के सचिव विकास कुमार माली से पलामू प्रमंडल के भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री विपुल कुमार गुप्ता, पांकी प्रखंड के रौनियार में सभा का उपाध्यक्ष राजू गुप्ता, भारतीय जनता युवा मोर्चा के औरंगाबाद के जिला उपाध्यक्ष मोहनलाल गुप्ता एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा पांकी के जिला उपाध्यक्ष राजीव गुप्ता आदि मिले और संस्था द्वारा किए जा रहे कार्य की सराहना की। इस दौरान बिपुल कुमार गुप्ता ने दिसंबर माह में होने वाले सामूहिक 151 कन्याओं की विवाह के बारे में जानकारी लिया। इसके बाद बिपुल ने सामूहिक विवाह में हर संभव बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि संस्था के इस नेक कार्य में हम सभी बढ़ चढ़कर सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि संस्था दहेज प्रथा, बाल विवाह, भ्रूण हत्या जैसी कुरीतियों को दूर करने के लिए जो मुहिम चल रही है। यह सब कार्यों को देखकर हम सभी सामूहिक विवाह में सहयोग करने का निर्णय लिया है।

## जेईई मेंस में चिन्मय विद्यालय के अनिमेष बने टॉपर

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** जेईई मेंस 2024 में चिन्मय विद्यालय के अनिमेष राय 99.802 परसेंटाइल प्राप्त कर टॉपर आयुष कुमार 99.733 परसेंटाइल और पीयूष 99.314 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। प्राचार्य सूरज शर्मा ने सभी सफल छात्रों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। इन सभी उत्तीर्ण छात्रों को स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती आचार्या चिन्मय मिशन बोकारो अध्यक्ष बी मुखोपाध्याय सचिव महेश त्रिपाठी कोषाध्यक्ष आरएन मल्लिक एवं उप प्राचार्य नरमेंद्र कुमार ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। 78 से अधिक छात्र छात्राओं को 90 से ऊपर परसेंटाइल प्राप्त हुआ है। इनमें शुभम आनंद ऋषभ कुमार देवसंगम कुमार कृष कुमार आर्यन निलेश कुमार सचिन रॉय प्रियांशु रंजन सौम्यौ ज्योति सेन आकाश कुमार मयुरेश भारती रूसिल सिंहा कुमार उत्कर्ष राजकुमार सिंह विश्वजीत मुखर्जी शाश्वत कुमार झा श्रेया स्नेह विशाल कुमार माहथा वंशिका वान्या अनीश रंजन विवेक कुमार प्रिंस राज सहित 78 छात्र छात्राओं ने सफलता प्राप्त की।

## लातेहार जिला प्रभारी बनाये जाने पर मुकेश सम्मानित


सम्मानित करते लोग।

**गढ़वा।** पूर्व भाजपा गढ़वा जिलाध्यक्ष मुकेश निरंजन सिन्हा को भाजपा के द्वारा पुनः लातेहार जिला प्रभारी बनाये जाने पर एक समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। चंद्रवंशी सेना के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष सन्नी चंद्रवंशी, संयोजक विनोद चंद्रवंशी के नेतृत्व में मुकेष निरंजन सिन्हा को अंग वस्त्र, मां गढ़देवी की तस्वीर, फूल माला देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जितेंद्र प्रसाद, श्रवण चंद्रवंशी, मनीष गुप्ता, भूषण सिंह, सोनू चंद्रवंशी आदि मौजूद थे।

### कथारा प्रबंधन के साथ विस्थापित संघर्ष समन्वय समिति की वार्ता संपन्न

# नेताओं ने कहा मांगों की पूर्ति होने की स्थिति में आंदोलन स्थगित किया जाएगा



**बेरमो।** मंगलवार को देर शाम तक कथारा महाप्रबंधक कार्यालय के सभागार में प्रबंधन नें विस्थापित संघर्ष समन्वय समिति द्वारा घोषित 20 फरवरी से अनिश्चितकालीन चक्काजाम आंदोलन के मद्देनजर समिति के नेताओं से वार्ता आहूत किया। महाप्रबंधक नें समिति के नेताओं से आग्रह किया कि 20 फरवरी से होने वाले चक्काजाम आंदोलन वापस ले लें। लेकिन नेताओं नें साफ तौर पर कह दिया कि जबतक विस्थापितों की मांगों पर सम्मानजनक समझौता नहीं हो जाता, तबतक आंदोलन स्थगित नहीं किया जाएगा। नेताओं नें सीसीएल प्रबंधन की विस्थापित विरोधी तथ्यों को रखते हुए कहा कि जरगडीह कोलियरी में सीसीएल प्रबंधन नें आदिवासियों और अल्पसंख्यकों की सैकडो एकड़ खतियानी जमीन गैरकानूनी तरीके से हड़प लिया है। रैयतों को बिना नौकरी मुआवजा दिये ही रैयतों की जमीन पर कोलियरी और कालोनियां स्थापित कर दिया है। रैयतों की बचीखुची जमीन पर फिलहाल प्रबंधन नें ओबी डम्प कर पहाड़ खड़ा कर दिया है। यहाँ अपनी जमीन गँवाने वाले रैयत अपने पुशतैनी जमीन का मुआवजा और नौकरी के लिए वर्षों से सीसीएल ऑफिस का चक्कर काट रहे हैं एवं अधिकारियों से पत्राचार के जरिए आरजू मिन्नतें करते आ रहे हैं। लेकिन अधिकारियों के कानों में जूँ तक नहीं रेंगने के कारण रैयतों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इसपर सीसीएल अधिकारी सही तौर पर बातें नहीं रख पाए जिस कारण महाप्रबंधक नें एक सप्ताह का समय लेते हुए आगामी 19 फरवरी को 11 बजे से पुनः वार्ता करने का प्रस्ताव रखा। जिसे समिति के नेताओं नें स्वीकार कर लिया। जीएम नें अपने अन्य अधिकारियों को तैयारी करके आने को कहा। कई मुद्दों पर सकारात्मक बातें हुई। सीएसआर योजना से खेतको, चांपी, अंबाटोला आदि गांवों में सीसीएल बिजली सप्लाई करेगा। विस्थापितों को पेप कार्ड निर्गत कर चिकित्सा सुविधा फ्री किया जाएगा। विस्थापितों के बच्चों को डीएभी स्कूल में रियायत दर पर फीस लिया जाएगा और प्राथमिकता के आधार पर एडमिशन की व्यवस्था की जाएगी. पेप कार्ड निर्गत करने के लिए जल्द ही सीसीएल कैंप लगाया जाएगा। वार्ता में प्रबंधन की ओर से महाप्रबंधक डीके गुप्ता, एसओपी जयंत कुमार, एसओपी पीएण्डपी डीके सिंह आदि और विस्थापितों की और से समिति के अध्यक्ष लखनलाल महतो, महासचिव काशीनाथ केवट, कार्यकारी अध्यक्ष काशीनाथ सिंह एवं बिनोद महतो, दशरथ महतो, धनेश्वर महतो, लाल मोहन महतो, जहाँगीर, दीपक कुमार, घनश्याम महतो, कृष्णा महतो, शशिकांत महतो, बरियार महतो, जगदीश महतो, शिबू कुमार, पप्पू कुमार, कार्तिक मांझी, संजय, प्रकाश एवं अजय कुमार आदि थे।

## एक नजर में

### रामगढ़ सीमा पर पुलिस और नक्सलियों के बीच दुसरे दिन भी मुठभेड़, सर्च अभियान जारी



**बेरमो।** पुलिस और नक्सलियों के बीच दुसरे दिन भी मुठभेड़ के साथ ही एक बार फिर झुमरा पहाड़ चर्चा मे आ गया है। बोकारो-रामगढ़ जिला के सीमा पर स्थित जोगेशर बिहार थाना अंतर्गत हलवा के पास पुलिस और नक्सली के साथ मुठभेड़ हुई है। बुधवार की सुबह पुलिस के साथ दूसरी बार हुई मुठभेड़ के दौरान दोनों तरफ से कई राउंड गोलिंया चली है।जंगल में फिलहाल पुलिस और सुरक्षा बलों द्वारा सर्च अभियान जारी है। इसकी पुष्टि करते हुए बेरमो एसडीपीओ बीएन सिंह ने कहा कि मंगलवार की सुबह चतरोचट्टी थाना क्षेत्र में हुई थी। जबकि, बुधवार को दूसरे थाना क्षेत्र में मुठभेड़ हुई है। पुलिस ने जंगल को चारों तरफ से घेराबंदी कर दी है। जल्द पुलिस को नक्सलियों के खिलाफ बड़ी सफलता हांथ लग सकती है। पुलिस और नक्सलियों के बीच जारी है मुठभेड़-झुमरा के आसपास नक्सली दस्ते के आने की सूचना पर अभियान मे लगे सीआरपीएफ कोबरा बटालियन, झारखंड जगुआर और बोकारो पुलिस आमने सामने हो गयी। दोनों तरफ से मंगलवार की अहले सुबह जमकर फायरिंग हुई थी।

## पेज तीन का शेष

### मंदिर मानवता की साझी विरासत...

**सात अमीरातों का प्रतिनिधित्व :** यूएई के हिंदू मंदिर को तकरीबन 27 एकड़ जमीन पर लगभग 700 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। यूएई के सात अमीरातों का प्रतिनिधित्व करने वाले सात शिखर ऊंटों की नक्काशी और राष्ट्रीय पक्षी बाज हिंदू मंदिर में मेजबान देश की झलक पेश कर रहे हैं। पत्थरों से इन मूर्तियों को निर्मित किया गया है जो मंदिर की सुंदरता में चार चांद लगा रहे हैं। लोगों को इसका काफी समय से इंतजार था। यूएई ने हिंदू मंदिर बनाने के लिए जमीन को दान में दिया है।

### किसान नेताओं से...

**पहले की बैठक रही बेनतीजा :** इससे पहले किसान नेताओं के साथ चंडीगढ़ में 2 दौर की बातचीत हो चुकी है। तब बैठक में केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल भी शामिल हुए थे। हालांकि बैठक में कई मांगों पर सहमति बनी थी लेकिन एमएसपी और कर्ज माफी के मुद्दे पर सहमति नहीं बन पायी जिसके बाद किसानों ने दिल्ली की ओर मार्च करना शुरू कर दिया और अंबाला के शंभू बॉर्डर के साथ जींद के दाता सिंह वाला बॉर्डर पर तनाव के हालात बन गये हैं। किसान बैरिकेड्स हटाते और पथराव करते हुए नजर आए तो वहीं दूसरी ओर पुलिस ने किसानों को रोकने के लिए आंसू गैस के गोलों और वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया। इस झड़प में दोनों ओर से कई लोग घायल हैं। **केंद्र, माफी मांगे, किसानों की बात सुने :** कांग्रेस-कांग्रेस ने कहा है कि मोदी सरकार ने किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) नहीं दिया और इसको लेकर समिति बनाने का वादा पूरा नहीं किया तथा उन्हें विदेशी एजेंट और आतंकवादी कहा है, इएलिये उन्हें किसानों से माफी मांगनी चाहिए। वहीं सचिन पायलट ने केन्द्र सरकार पर किसानों के साथ वादा खिलाफी करने का आरोप लगाते हुए उसे अड़ियल रवैया छोड़कर आंदोलित किसानों के साथ बातचीत कर उनकी समस्या सुननी एवं मांगे माननी चाहिए।

### झारखंड के प्रयासों को...

उन्होंने आगे कहा कि यह पहल झारखंड के भावी कदमों को चिन्हित करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। इससे एनर्जी ट्रांजिशन, डीकार्बनाइजेशन, लाइवलीहुड, ग्रीन हाइड्रोजन, इन्वेस्टमेंट एवं फाइनेंस आदि प्राथमिकता क्षेत्रों से सम्बंधित रोडमैप को सुसंगत बनाने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर श्री मनोज सिंह ने कहा कि जस्ट ट्रांजिशन के संदर्भ में दूरगामी कदम उठाने के लिहाज से झारखंड एक अग्रणी राज्य बन गया है। आज का कॉन्फ्रेंस इस व्यापक पहल की एक अहम कड़ी है। झारखंड के परिवेश के लिए अनुकूल कम कार्बन से जुड़े नवाचारों और प्रभावी रणनीतियों को अपनाना चाहिए। इजाबेल त्सचान ने स्वच्छ ऊर्जा आधारित बुनियादी ढांचे, निवेश और वैकल्पिक आजीविका को बढ़ावा देने के लिए ज्ञान साझा करने पर जोर दिया। उन्होंने झारखंड में जस्ट ट्रांजिशन को और समावेशी बनाने के लिए सामुदायिक हित एवं जेंडर समानता को प्राथमिकता सूची में सर्वोपरि बताया। राज्य सरकार की पहल की सराहना करते हुए सीड के सीईओ श्री रमापति कुमार ने कहा कि सस्टेनेबल ट्रांजिशन से संबंधित विश्वव्यापी पहल के साथ झारखंड के प्रयासों को जोड़ने के लिहाज से यह कांफ्रेंस बेहद महत्वपूर्ण है। वैश्विक अनुभवों की रौशनी में क्षेत्रीय एवं स्थानीय स्तर पर ऊर्जा सुरक्षा एवं क्लाइमेट रेसिलिएंट के मॉडल तैयार किया जाना चाहिएए इसके लिए अनुकूल नीतिगत परिवेशए वित्तीय तंत्र बनाने और सेक्टोरल कन्वर्जेन्स आवश्यक है। दो दिनों तक चलने वाला यह सम्मेलन जस्ट ट्रांजिशन के बहुआयामी पहलुओं पर संवाद के लिये विविध टेक्निकल एवं ब्रेकआउट सत्रों में संचालित हुआ। जो कार्यक्रम में राज्य सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन, कृषि आदि विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने विचार रखे। इसके साथ ही स्टिचिंग सेड फंड, शक्ति सस्टेनेबल एनर्जी फाउंडेशन, जीआईजेड इंडिया, ओपन एनर्जी ट्रांजिशन जर्मनी, बेस्ट महाराष्ट्र, इंटरनेशनल काउंसिल ऑन क्लीन ट्रांसपोर्टेशन, इंटरनेशनल एनर्जी इकोनॉमिक्स एंड फाइनेंशियल एनालिसिस क्लाइमेट ग्रुप, इंडिया क्लाइमेट कोलैबोरेटिव, क्लाइमेट पॉलिसी इंस्टीट्यूटए क्लाइमेट बॉन्ड इनिशिएटिव आदि संस्थाओं के वरीय पदाधिकारियों की भागीदारी रही।

### बाबा पर तिलकहरूओं ने...

इस दौरान दोनों जगहों पर जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गयी है। हल्की बारिश और बूंदाबांदी के बीच शिव गंगा में डुबकी लगा कर शिव भक्त जलाभिषेक करने लाइन में लग गये। **सदियों से चल रही है परंपरा :** बाबा के तिलकोत्सव में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को तिलकहरु कहा जाता है। तिलकोत्सव मनाने की यह परंपरा सदियों से चली आ रही है। मिथलावासियों का मानना है कि माता पार्वती, सती, एवं माता सीता हिमालय पर्वत की सीमा की थीं और मिथिला हिमालय की सीमा में है। इसलिए माता पार्वती मिथिला की बेटी हैं। यही वजह है कि मिथिलावासी लड़की पक्ष की तरफ से आते हुए तिलकोत्सव मनाते हैं। कई टोलियों में आये ये मिथिलावासी शहर के कई जगहों पर इकठ्ठा होते हैं। फिर पूजा-पाठ, पारंपरिक भजन-कीर्तन कर वसंत पंचमी के दिन बाबा का तिलकोत्सव मनाते हैं। विशेष प्रकार के कांवड़, वेशभूषा और भाषा से अलग पहचान रखने वाले ये मिथिलावासी अपने को बाबा का संबंधी मानते हैं। इसी नाते वसंत पंचमी के दिन बाबा के तिलकोत्सव में शामिल होने देवघर आते हैं। फिर शिवरात्रि पर शिव विवाह में शामिल होने का संकल्प लेकर वापस लौट जाते हैं। **हंडवा रियासत के समय से है परंपरा :** जानकारों का कहना है कि तिलकोत्सव मनाने की परंपरा हंडवा रियासत के समय से चली आ रही है। इस मौके पर पूरे मिथिला क्षेत्र सहित मुजफ्फरपुर, वैशाली, समस्तीपुर और देश के अन्य हिस्सों से हजारों की संख्या में शिवभक्त भगवान भोलेनाथ को तिलक करने देव दरबार आते हैं। ये सभी खुद को भोलेनाथ का 'साला' कहलाना पसंद करते हैं और खुद को तिलकहरू मानते हैं। दिनभर मिथिलांचल वासी मंदिर प्रांगण में ढोलक, झाल एवं हारमोनियम के धुन पर भजन कीर्तन में लग रहे। सभी भक्त एक दूसरे को रंग गुलाल एवं अबीर लगाकर होली गीतों से समा बांध दिया।

स्पीड न्यूज

## लाल बहादुर शास्त्री के पोते विभाकर भाजपा में शामिल

**लखनऊ।** पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पोते विभाकर शास्त्री अपने साथियों के साथ बुधवार को भाजपा में शामिल हो गये। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

## अजय माकन को कर्नाटक से रास भेजेगी कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने पार्टी के वरिष्ठ नेता अजय माकन को कर्नाटक से राज्यसभा भेजने का निर्णय लिया है। इस संबंध में बुधवार को कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने एक बयान जारी कर कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कर्नाटक से अजय माकन, डॉ सैयद नसीर हुसैन और जीसी चंद्रशेखर को राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया है। मध्य प्रदेश से अशोक सिंह और तेलंगाना से रेणुका चौधरी और एम अनिल कुमार यादव को उम्मीदवार घोषित किया है।

## भाजपा ने जेपी नड्डा को गुजरात से बनाया उम्मीदवार

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को राज्यसभा चुनाव में गुजरात से पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। बुधवार को भाजपा ने गुजरात और महाराष्ट्र की सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की। महाराष्ट्र से अशोक चव्हाण को उम्मीदवार बनाया गया है। चव्हाण मंगलवार को ही भाजपा में शामिल हुए थे। भाजपा द्वारा जारी सूची में गुजरात से पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, गोविंदभाई ढोलकिया, मयंकभाई नायक, जशवंतसिंह सलामसिंह परमार हैं। महाराष्ट्र से अशोक चव्हाण, मेधा कुलकर्णी, अजीत गोपछड़े हैं।

## बिहार के नवादा में सड़क हादसे में पांच जख्मी, दो गंभीर

**नवादा।** बिहार के नवादा जिले में सूर्य मंदिर के पास बुधवार को बोलेरो और स्कॉर्पियो की बीच हुई भीषण टक्कर में पांच लोग घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां दो लोगों की स्थिति नाजुक बतायी जा रही है।

## टीएमसी बनी तालिबानी मानसिकता वाली पार्टी : भाजपा

**नयी दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के साथ हुए अत्याचार पर भारतीय जनता पार्टी ने तृणमूल कांग्रेस को तालिबानी मानसिकता वाली पार्टी करार दिया है। बुधवार को भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस अब तालिबानी मानसिकता वाली पार्टी बन गयी है। मां, माटी और मानुष की जगह बम, बंद और बलात्कारियों ने ले ली है।



**उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर मंदिर में बुधवार को वसंत पंचमी के अवसर पर बाबा महाकाल का मां सरस्वती के रूप में शृंगार किया गया। भस्म आरती में भगवान को पीले द्रव्य से स्नान कराया गया। पीले चंदन से आकर्षक शृंगार कर सरसों और गेंदे के पीले फूल अर्पित किये गये। विशेष आरती कर फिर पीले रंग की मिठाई का महाभोग लगाया गया। भस्म आरती में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल के मां सरस्वती स्वरूप का आशीर्वाद लिया।**

## पीएम मोदी ने यूएइ के प्रधानमंत्री अल मकतूम से की मुलाकात

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को दुबई में संयुक्त अरब अमीरात (यूएइ) के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम से मुलाकात की। मोदी ने मकतूम को भारत यात्रा का निमंत्रण दिया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान जारी कर कहा कि दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, शिक्षा और लोगों से लोगों के संबंधों सहित द्विपक्षीय सहयोग के व्यापक क्षेत्रों पर चर्चा की। उन्होंने भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच तेजी से बढ़ते आर्थिक और वाणिज्यिक संबंधों पर संतोष व्यक्त किया और विशेष रूप से व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते द्वारा निभायी गयी महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया। उन्होंने द्विपक्षीय निवेश संधि पर हस्ताक्षर करने का भी स्वागत किया। इधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दुबई के शासक, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने बुधवार को दुबई में जेबेल अली मुक्त व्यापार क्षेत्र में डीपी वर्ल्ड द्वारा बनाये जाने वाले भारत मार्ट की आधारशिला रखी।

# भारत के बड़ी भूमिका निभाने से आइइए को होगा फायदा : मोदी

### पीएम ने अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी की मंत्रिस्तरीय बैठक को किया संबोधित

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आइइए) की मंत्रिस्तरीय बैठक को बुधवार को वर्चुअली संबोधित करते हुए समावेशिता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भारत के इसमें बड़ी भूमिका निभाने से आइइए को फायदा होगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि समावेशिता किसी भी संस्थान की विश्वसनीयता और क्षमता को बढ़ाती है। 1.4 अरब भारतीय प्रतिभा, प्रौद्योगिकी और नवाचार के साथ तैयार हैं। हम प्रत्येक मिशन में पैमाना और गति, मात्रा और गुणवत्ता लाते हैं। प्रधानमंत्री ने आइइए की मंत्रिस्तरीय बैठक के सफल होने की कामना की और कहा कि हमें एक स्वच्छ, हरित और समावेशी विश्व का निर्माण करना है।



जलवायु परिवर्तन के प्रति देश की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में विश्व की 17 प्रतिशत आबादी है। हम बिजली उपलब्ध कराने की दुनिया की कुछ सबसे बड़ी पहल चला रहे हैं। हमारा कार्बन उत्सर्जन वैश्विक उत्सर्जन का 4 प्रतिशत ही है। हमारा एक सामूहिक और सक्रिय दृष्टिकोण है। भारत पहले ही अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन जैसी पहल का नेतृत्व कर चुका है। हमारा मिशन लाइफ सामूहिक प्रभाव के लिए ग्रह अनुकूल जीवनशैली विकल्पों पर केंद्रित है।

उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। सतत विकास के लिए ऊर्जा सुरक्षा और स्थिरता की आवश्यकता है। एक दशक में हम 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गये। इसी अवधि में हमारी सौर ऊर्जा क्षमता छब्बीस गुना बढ़ गई। हमारी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता भी दोगुनी हो गई। हमने इस संबंध में अपनी पेरिस प्रतिबद्धताओं को समय सीमा से पहले ही पार कर लिया है।

## पंजाब में आज रेलवे ट्रैक जाम करेंगे किसान

**चंडीगढ़।** किसानों ने दिल्ली कूच के घोषणा के साथ अब तक इस आंदोलन से दूर भारतीय किसान यूनियन उग्राहां (बीकेयू) ने पंजाब में गुरुवार को रेलवे ट्रैक जाम करने का एलान कर दिया। हरियाणा व पंजाब के कई बॉर्डरों पर दूसरे दिन भी तनाव बना रहा। बुधवार को किसानों ने कई बार बैरिकेडिंग तोड़कर घुसने का प्रयास किया। वहीं, पुलिस लाठीचार्ज कर आंसूगैस के गोले भी छोड़कर किसानों को रोके रखी है। पंजाब सीमा में हरियाणा पुलिस के ड्रोन से आंसू गैस के गोले छोड़ने पर पटियाला प्रशासन ने आपत्ति जतायी। बीकेयू उग्राहां के अध्यक्ष जोगिंदर सिंह उगराहां ने कहा कि कल दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक रेलवे ट्रैक का जाम करेंगे। अभी तक बीकेयू उग्राहां ग्रुप इस आंदोलन से दूर था। इस एलान के साथ ही पंजाब पुलिस भी सतर्क हो गयी है। पंजाब में कहां-कहां रेलवे ट्रैक पर बैठेंगे इस बारे में अभी कोई जानकारी नहीं दी गयी है।

## आदि महोत्सव ने दर्शायी जनजातीय उद्यमिता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता : अर्जुन मुंडा

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय जनजातीय मामले, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा यहां पर चल रहे आदि महोत्सव के हिस्से के रूप में जनजातीय मामलों के मंत्रालय द्वारा आयोजित बिजनेस-टू-बिजनेस (बी2बी) मीट में बुधवार को मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए अर्जुन मुंडा ने कहा कि इस कार्यक्रम ने जमीनी स्तर पर आदिवासी उद्यमिता को बढ़ावा देने की गहरी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया है।

इस मौके पर जनजातीय मामले के सचिव सचिव विभु नायर ने बी2बी सत्र के महत्व पर जोर दिया और विभिन्न क्षेत्रों में जनजातीय उद्यमियों के बीच आर्थिक विकास, सहयोग और सशक्तिकरण के लिए उत्प्रेरक के रूप में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। विशेषज्ञ के नेतृत्व वाली कार्यशालाओं और



पैनल चचाओं में ब्रांडिंग रणनीतियों, पैकेजिंग नवाचारों, फंडिंग पहुंच और बाजार पहचान सहित उद्यमशीलता की सफलता के लिए आवश्यक विषयों पर चर्चा की गयी।

आयोजन के दौरान प्रधानमंत्री जनजातीय विकास मिशन (पीएमजेवीएम) योजना के तहत एक सहयोगी ढांचे की स्थापना करते हुए भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास महासंघ (ट्राइ-फेड) और कॉरपोरेट पावरहाउस आइटीसी के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। इस पहल का उद्देश्य उन राज्यों में जहां हल्दी की खेती प्रचलित है, से ग्रामीण अर्थव्यवस्था के उत्थान और आजीविका में सुधार किया जा सके।

## एनसीएससी के अध्यक्ष आज संदेशखाली का दौरा करेंगे

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) के अध्यक्ष अरुण हलदर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार (15 फरवरी) को पश्चिम बंगाल के संदेशखाली का दौरा करेगा। आयोग के मुताबिक हलदर और उनका दल पूर्वाह्न करीब 11 बजे उत्तर 24 परगना के संदेशखाली पहुंचेगा। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग का यह दल संदेशखाली में कथित तौर पर यौन उत्पीड़न से पीड़ित महिलाओं के परिजनों से मुलाकात करेगा। इसके साथ ही इस दल के सदस्य जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक से भी मुलाकात करेंगे। एक दिन पहले राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने उत्तर 24 परगना के संदेशखाली की स्थिति पर स्थानीय प्रशासन से रिपोर्ट भी मांगी थी। हाल ही में संदेशखाली की खबरें सामने आने के बाद प्रदेश के राज्यपाल और राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम ने वहां का दौरा किया था।

## सीबीएसइ की 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षाएं आज से

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसइ) की 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं गुरुवार (15 फरवरी) से शुरू होंगी। बोर्ड ने किसान आंदोलन के मद्देनजर दिल्ली में अभिभावकों और छात्रों को परीक्षा केंद्रों पर समय से पहुंचने के लिए दिल्ली मेट्रो के इस्तेमाल की सलाह दी है।

सीबीएसइ के परीक्षा नियंत्रक डॉ संयम भारद्वाज ने बुधवार को जारी सलाह में कहा कि इस साल भारत और विदेश के 26 देशों से 39 लाख से अधिक छात्र परीक्षा देंगे। दिल्ली में 877 परीक्षा केंद्रों से 5,80,192 छात्र बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होंगे। चूंकि परीक्षा सुबह 10.30 बजे शुरू होती है, इसलिए सभी छात्रों को सुबह 10 बजे या उससे पहले अपने परीक्षा केंद्र पर पहुंचने का निर्देश दिया गया है।

बोर्ड ने कहा है कि पूरे भारत और अन्य देशों में सीबीएसइ के सभी छात्रों से भी अनुरोध किया जाता है कि वे स्थानीय परिस्थितियों, यातायात, मौसम की स्थिति और दूरी आदि को ध्यान में रखते हुए 10 बजे (आइएसटी) पर या उससे पहले परीक्षा केंद्र तक पहुंचने के लिए अपनी यात्रा की योजना बनायें। केवल उन्हीं छात्रों को प्रवेश की अनुमति दी जायेगी, जो सुबह 10 बजे परीक्षा केंद्र में प्रवेश कर लेंगे। इसके बाद किसी भी छात्र को अनुमति नहीं दी जायेगी।

## नेपाल के पीएम प्रचंड ने रखा पार्टी का नाम और झंडा बदलने का प्रस्ताव



**काठमांडू (हि.स.)।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल प्रचंड ने अपनी पार्टी का नाम बदलने का प्रस्ताव किया है। अब तक माओवादी पार्टी के नाम से पहचानी जाने वाली पार्टी के नाम से अब 'माओवादी' शब्द को हटाकर 'समाजवादी' रखने की तैयारी है।

माओवादी पार्टी की काठमांडू में चल रहे विधान अधिवेशन के दौरान पार्टी के अध्यक्ष तथा पीएम प्रचंड ने पार्टी का नाम और झंडा बदलने का प्रस्ताव रखा है। प्रचंड ने कहा कि पार्टी के नाम में माओवादी शब्द से देश के भीतर और अंतरराष्ट्रीय रूप से भी लोगों के देखने का नजरिया सकारात्मक नहीं है। उन्होंने पार्टी का नाम बदलने के पक्ष में दलील देते हुए कहा कि नाम बदलने से ना सिर्फ हमारी छवि में बदलाव होगा।

## बुंदेलखंड गौरव महोत्सव के दौरान विस्फोट, चार की मौत

**चित्रकूट।** बुंदेलखंड गौरव महोत्सव के दौरान हुए विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर चार हो गयी है। वहीं, हादसे पर दुःख व्यक्त करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के परिजनों को पांच लाख एवं घायलों को पचास हजार रुपये की आर्थिक सहायता तथा दोषियों के खिलाफ एफआइआर दर्ज कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। बता दें कि मुख्यालय कर्वी के चित्रकूट इंटर कॉलेज प्रांगण में चल रहे दो दिवसीय बुंदेलखंड गौरव महोत्सव में बुधवार की शाम होने वाली आतिशबाजी की तैयारी के दौरान अचानक विस्फोट हो गया। इस हादसे में दो लोगों की मौके पर मौत हो गयी, जबकि दो घायलों प्रयागराज मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया था। वहां पर उनकी भी मौत हो गयी।

## रास चुनाव के लिए एनडीए प्रत्याशी के नामांकन में शामिल हुए नीतीश



**पटना (हि.स.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बुधवार को राज्यसभा चुनाव के लिए एनडीए उम्मीदवार के नामांकन में शामिल हुए। बिहार विधानसभा सचिव के कार्यालय में भाजपा से डॉ भीम सिंह एवं डॉ धर्मशीला गुप्ता, जबकि जदयू से संजय कुमार झा ने राज्यसभा के लिए नामांकन किया।

नामांकन के दौरान उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जदयू सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, भाजपा सांसद सुशील कुमार मोदी, पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी सहित बिहार सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

सूर्यांश वैदिक ज्योतिष कार्यालय
गिरधर गोपाल मिश्रा
ज्योतिषाचार्य
जन्म कुण्डली, रत्न विज्ञान व वैदिक अनुष्ठानों के द्वारा अपने समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान प्राप्त करें।
I S H103 Housing Colony Dhanbad Jharkhand 826001.
Mob. 9525504033

जय मां शक्ति सह होमियो चिकित्सा केंद्र
डॉक्टर आर के पाठक
होमियोपैथिक दवा के द्वारा सभी रोगों का इलाज
(सुबह 10 से 12, शाम 5 से 8 बजे तक)
सम्पर्क : 8409363623
कुम्हारपट्टी मनईटांड़, धनबाद

## नितेश तिवारी की 'रामायण' में राजा दशरथ का किरदार निभायेंगे अरुण गोविल



**नितेश तिवारी** की आने वाली फिल्म 'रामायण' का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में रणबीर कपूर प्रभु श्री राम का किरदार निभायेंगे, जबकि साउथ की एक्ट्रेस साईं पल्लवी मां सीता के किरदार में नजर आयेंगी। इस फिल्म को लेकर हर दिन नये-नये अपडेट सामने आ रहे हैं। रामानंद सागर के धारावाहिक 'रामायण' से घर-घर में मशहूर हुए अरुण गोविल की भी इस फिल्म में भी एंट्री हो गयी है। हाल ही में ऐसी खबर आयी थी कि अमिताभ बच्चन, राजा दशरथ का किरदार निभायेंगे, लेकिन अब नितेश तिवारी की 'रामायण' में अरुण गोविल की एंट्री हो गयी है। रिपोर्ट के मुताबिक, अरुण गोविल 'रामायण' में राजा दशरथ का किरदार निभाते नजर आयेंगे। इसलिए चर्चा है कि राम बनकर घर-घर में पहुंचने वाले अरुण गोविल अब दशरथ की भूमिका में नजर आयेंगे। लोकप्रिय और बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रामायण' में रणबीर कपूर, साईं पल्लवी के साथ रकुल प्रीत सिंह अभिनय करेंगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म में रकुल शूर्पणखा के किरदार में नजर आयेंगी। लारा दत्ता कैकेयी की भूमिका में नजर आयेंगी। चर्चा है कि इस फिल्म में सनी देओल हनुमान का किरदार निभायेंगे। साउथ के एक्टर यश 'रामायण' में रावण के किरदार में नजर आयेंगे। फिल्म 'रामायण' में भगवान राम का किरदार निभाने के लिए रणबीर कपूर कड़ी मेहनत कर रहे हैं। चर्चा है कि राम के किरदार के लिए उन्हें खास ट्रेनिंग भी लेनी पड़ेगी। इस फिल्म की शूटिंग मार्च महीने से शुरू होगी।

## तमिलनाडु विस में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के खिलाफ प्रस्ताव पारित

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा में बुधवार को एक प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार से 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' नीति लागू न करने का आग्रह किया गया। साथ ही, एक अन्य पारित प्रस्ताव में केंद्र से वर्ष 2026 के बाद जनगणना के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन न करने का भी आग्रह किया गया है। सदन में द्रमुक के सहयोगी दल कांग्रेस, वीसीके, एमडीएमके और वाम दलों ने प्रस्ताव का समर्थन किया। प्रस्ताव पर मतदान के समय पीएमके विधायक मौजूद नहीं रहे। तमिलनाडु विधानसभा में मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने दोनों प्रस्ताव पेश किये। उन्होंने प्रस्ताव को संकल्प बताते हुए कहा कि यह प्रतिष्ठित सदन केंद्र सरकार से एक राष्ट्र, एक चुनाव नीति को लागू नहीं करने का आग्रह करता है। क्योंकि, एक राष्ट्र, एक चुनाव का सिद्धांत लोकतंत्र के आधार के खिलाफ है।

## आरइसी और डीवीसी ने दामोदर घाटी के विकास को किया 588 करोड़ का करार

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** विद्युत मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी आरइसी लिमिटेड ने दामोदर घाटी क्षेत्र में बुनियादी ढांचे और ऊर्जा परियोजनाओं को मजबूत करने के लिए 588 करोड़ रुपये के विभिन्न समझौतों पर हस्ताक्षर किये हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की महारत्न कंपनी और रिर्जव बैंक से एनबीएफसी (नॉन बैंकिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन) की मान्यता प्राप्त आरइसी लिमिटेड ने यह करार दामोदर घाटी प्राधिकरण (डीवीसी) के साथ किया है। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि समझौते पर आरइसी क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता के वरिष्ठ मुख्य परियोजना प्रबंधक संतोष कुमार साहू और डीवीसी के वरिष्ठ महाप्रबंधक (वित्त) दुर्गेश मैती ने डीवीसी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक एस सुरेश कुमार की उपस्थिति में हस्ताक्षर किये। आरइसी और डीवीसी ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार, दक्षता और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने, इसमें शामिल सभी हितधारकों के लिए सकारात्मक बदलाव और समृद्धि लाने के प्रति अपने समर्पण पर दृढ़ हैं।

### शेयर बाजार में निचले स्तर से शानदार रिकवरी



**नयी दिल्ली (हि .स .)।** कमजोर शुरुआत करने के बावजूद घरेलू शेयर बाजार ने बुधवार को निचले स्तर से शानदार रिकवरी की। ग्लोबल मार्केट से मिले कमजोर संकेतों के बीच बड़ी गिरावट के साथ आज के कारोबार की शुरुआत हुई थी। बाजार खुलने के बाद बिकवाली का दबाव और भी बढ़ गया। पहले आधे घंटे के कारोबार के बाद ही खरीदारों ने मोर्चा संभाल लिया, जिसके कारण सेंसेक्स निचले स्तर से 1,100 अंक से अधिक और निफ्टी 340 अंक से अधिक उछलने में सफल रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.37 प्रतिशत और निफ्टी 0.45 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 267.64 अंक की तेजी के साथ 71,822.83 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दिनभर हुई खरीद-बिक्री के बाद निफ्टी 96.80 अंक की मजबूती के साथ 21,840.05 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

## स्पीड न्यूज

### सरस्वती पूजा को लेकर प्रखंड क्षेत्र में भक्ति का माहौल

पूर्वी टुंडी। बुधवार को दिनभर पूरे पूर्वी टुंडी प्रखंड में धूमधाम से बसंत पंचमी सह सरस्वती पूजा मनाया गया। फतेहपुर गांवए लटानी बाजार स्थित मध्य विद्यालयए झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय लटानीए सुंदर पहाड़ीए पंडुआए मैयरानवाटाँड गांव सहित अन्य कई जगहों में पूजा समितियों तथा शैक्षिक संस्थानों में प्रतिमा स्थापित कर विद्या की देवी माँ सरस्वती की आराधना की गई। फतेहपुर गाँव में पंडित धनंजय पाठक द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ देवी सरस्वती की पूजा अर्चना कर पुष्पांजलि दिलाई गई। सरस्वती पूजा को लेकर खासकर स्कूली बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। जगह .जगह लोगों ने मां शारदा की प्रतिमा स्थापित कर धूमधाम से पूजा अर्चना की। सुबह से ही उत्सवी माहौल में माता सरस्वती की प्रति भक्ति के रंग में लोगों ने अपनी आस्था दिखाई।

### चिरकुंडा में हुई मां शारदे की आराधना

चिरकुंडा। चिरकुंडा के एसजीडी मोडर्न स्कूलए स्वामी विवेकानंद स्कूलए अग्रसेन सरस्वती विद्या मंदिरए सेंट मेरी स्कूलए स्कूल ऑफ कंपीटिशनए एससीपीआरपी वोमेंस कालेजए एसएचएमएस इंटर कालेजए वर्मा क्लासेज सहित विभिन्न मोहल्लों व चौक चौराहों में माँ सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। मोडर्न स्कूल में वसंत पंचमी पर विद्यार्थियों को इस पर्व का महत्व व उपयोगिता बताई गई। स्कूल के प्राचार्य जुबिन बोस व उप प्रधानाचार्य जौली दत्ता ने सभी को वसंत पंचमी की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सभी कक्षा के छात्र.छात्राओं ने माँ सरस्वती को पुष्प अर्पित करके सफल जीवन की कामना की।

### विस्थापितों की समस्याओं को लेकर दीप नारायण ने पीएमओ को सौंपा पत्र

धनबाद। जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने गिरीडीह लोकसभा क्षेत्र से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं में विस्थापित हुए लोगों के समस्याओं का समाधान हेतु बुधवार को प्रधानमंत्री के नाम प्रधानमंत्री कार्यालय को पत्र सौंपा। पत्र के माध्यम से संयोजक ने प्रधानमंत्री को अवगत कराते हुए बताया है कि कोल इंडिया के अनुसांगिक ईकाई बीसीसीएल ने किसानों की जमीन को बिना मुआवजा दिए छीन ली। विरोध करने पर आउटसोर्सिंग कंपनी के लठैत किसानों के उपर लाठी बरसाते हैं। किसानों को अपना अधिकार नहीं मिल रहा है और कंपनी किसानों को झुठे मुकदमे में फंसा रही है। किसान बेघर हो रहे हैं और वे परेशान हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री से मांग की है कि किसानों की समस्याओं को देखते हुए इसे तत्काल समाधान की जाए।

### रेलवे स्टेशन काली मंदिर का मना वार्षिकोत्सव

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। काली मंदिर रेलवे स्टेशन परिसर में 17वां स्थापना दिवस धूम-धाम से मनाया गया। वहीं पंडित विजयकांत उपाध्याय, दिनेश मिश्रा, प्रभावती देवी, नवीन पांड्या, चंद्रशेखर जोशी, भैरौ प्रसाद ने संयुक्त रूप से ज्योत जलाकर मां काली की पूजा अर्चना कर भव्य जागरण का शुरूआत किया। वहीं कलाकार नवीन पांड्या ने मां काली के भजन, मां दुर्गा, सरस्वती वंदना, भोले शंकर आदि के भजन गाकर भव्य जागरण में भजनों द्वारा श्रद्धालु भक्त झूमते रहे।

# ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा, मौत

**आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम के बाद थाने पर किया पथराव**

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। धनबाद के लोयाबाद मोड़ के समीप मंगलवार की देर रात तेज रफ्तार का कहर रवि भुइँया पर भारी पड़ा। तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक रवि ;27द्ध को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। युवक रवि भुइँया लोयाबाद 7 नंबर का रहने वाला है। पुलिस ने ट्रक चालक कपिल बाजपेई को हिरासत में ले लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। बताया जाता है कि मृतक रवि चेन्नई में काम करता था और मंगलवार को अपने घर लौटा था। देर शाम में बाँसजोड़ा की ओर से जा रहा था। तभी सड़क हादसे का शिकार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों को जानकारी दिए बिना पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने से परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो गए। ग्रामीणों ने जप्त ट्रक में तोड़फोड़ कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया और लोयाबाद थाना में भी जमकर हंगामा किया।



**गुस्साये ग्रामीण चालक को उनके हवाले करने की कर रहे थे मांग**

गुस्सा ग्रामीण चालक को सौंपने की मांग करते हुए थाना के सामने धनबाद कतरास मार्ग को टायर जलाकर घंटों जाम रखा। लोगों का आक्रोश बढ़ता देख विधि व्यवस्था कायम करने के लिए डीएसपी लॉ एंड ऑर्डरए प्रशिक्षु डीएसपी अर्चना खलको सहित जोगताए तेतुलमारी केंदुआडीह और पुटकी थाने की पुलिस बल मौजूद थे। इसके बाद ग्रामीणों ने थाना पर पथराव कर दिया और पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट करने लगे। इस दौरान प्रशिक्षु डीएसपी के वाहन का शीशा भी फोड़ दिया। ग्रामीणों द्वारा मारपीट व पथराव में कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। उग्र लोगों को तितर बितर करने के लिए पुलिस द्वारा लाठी चार्ज किया गया। जिससे कई ग्रामीण चोटिल हो गए हैं। फिर किसी प्रकार मामले को शांत कराया गया।

# दो साइबर अपराधियों को पुलिस ने दबोचा

खबर मन्त्र संवाददाता

गोड्डा। मुफ्फसिल थाना अंतर्गत कसबा ग्राम के दो आरोपी साइबर अपराध के आरोप में मुफ्फसिल थाना पुलिस ने अपने हिरासत में लिया है। ज्ञातव्य है इन दिनों साइबर अपराध की घटनाओं में हो रही वृद्धि पर पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथू सिंह मीना ने एक जांच कमिटी गठित कर इस अपराध पर नियंत्रण करने की कोशिश की है और कई साइबर अपराधी इस जांच टीम के माध्यम से पुलिस की गिरफ्त में भी आए हैं। इस घटना के उद्भेदन में भी पुलिस जांच टीम गोड्डा पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश पर कसबा में राहुल कुमार उम्र 19 वर्ष पिता प्रदीप मंडल और रोशन कुमार उम्र 20 वर्ष पिता कैलाश मंडल को अपने हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपने द्वारा किए गए अपराधों पर अपनी सहमति जताई और उनके पास से अवैध 6 फर्जी सीमए3डेबिट कार्ड ए4 मोबाइल और एटीएम कार्ड एभी जब्त किए गए। इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुफ्फसिल थाना में दिनांक 13द्2द24 को प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक प्रक्रिया हेतु न्यायालय अभिरक्षा में भेज दिया गया ।जांच टीम में पुलिस उपाधीक्षक प्रशिक्षु सह थाना प्रभारी मुफ्फसिल कुमार गौरव एपुलिस निरीक्षक उपेंद्र महतो ए पु अ नि अमित अभिषेक एऔर तकनीकी सहायक के साथ अन्य पुलिस अधिकारी और जवान शामिल थे।



**कोयला लदे 60 ट्रकों की हुई जांच**

धनबाद। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन के निर्देश पर कोयलाए बालू व अन्य खनिज संपदा के अवैध खननए भंडारण व परिवहन के विरुद्ध जिला खनन टास्क फोर्स ने मंगलवार की बीती रात 11 बजे से बुधवार सुबह 3 बजे तक पूरे जिले में कोयला लदे ट्रकों की औचक जांच की गई। जांच के लिए अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजकए जिला खनन पदाधिकारी मिहिर सालकर तथा जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी के नेतृत्व में तीन टीम का गठन किया गया था। तीनों टीम ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जांच अभियान चलाया। इसमें क्षेत्रों के अंचलाधिकारी तथा संबंधित थाना क्षेत्र के पुलिसकर्मी भी शामिल रहे।

# टूटे पुल के नीचे गिरा टोटो, चालक घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

सिंदरी। मोदीडीह परसबनिया से बलियापुर जाने के क्रम में मनोहरटाँड़ हीरक रोड स्थित टुटा पुल के नीचे बुधवार को टोटो गिर जाने से चालक बलियापुर निवासी शेख शरीफ ;60द्ध घायल हो गए। टोटो सवार माँ बच्चे सकुशल हैं। चालक का इलाज बलियापुर अस्पताल में कराकर परिजन उसे घर ले गए हैं। घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक स्थानीय महिला और एक बच्चे की सवारी लेकर टोटो चालक शेख शरीफ अपने टोटो वाहन संख्या जे एच 10 सी टी 6578 से मोदीडीह बस्ती से बलियापुर जा रहा था। मनोहरटाँड़ हीरक रोड स्थित टुटा पुल के पास टोटो अनियंत्रित होकर पुल के नीचे जा गिरा। दो पेड़ के बीच में फँसने के कारण टोटो सवार सभी सकुशल बच गए। टोटो और चालक सहित महिला व बच्चे को स्थानीय लोगों ने किसी तरह निकाला। घटना में टोटो चालक के बाएँ पैर में चोट लगी है। हालांकि घटना की सूचना स्थानीय बलियापुर पुलिस को नहीं दी गई है। बताते चलें कि विगत 26 सितंबर 1995 को गजलीटाँड़ हादसे के दिन भीषण बारिश के दौरान पानी के तेज बहाव में मनोहरटाँड़ हीरक रोड पर बना इस पुल का एक हिस्सा टूटकर लटक गया है। इस पुल पर अबतक कई हादसों में दो युवकों की जान चली गई है और कई घायल हो चुके हैं। फिर भी इस टुटे पुल से आवाजाही जारी है।



# तालाब सौंदर्यीकरण में घटिया ईंटों के उपयोग पर बिफरे ग्रामीण

कुमारधुबी। चिरकुंडा नगर परिषद स्थित 16 और 17 नंबर वार्ड में तालाब के सौंदर्यिकरण के काम में काफी अनियमिता बरतने की बात सामने आ रही है। पहले तो नीचे टुकड़े और कम गुणवत्ता वाले घटिया ईंटों और कोलियरियों के ब्लास्टिंग किए हुए पत्थर का इस्तेमाल किया जा रहा है।

नाम नहीं छापने की शर्त पर ग्रामीण ने बताया कि पहले तो इसमें कोलियरी के ब्लास्टिंग किए हुए पत्थर का उपयोग किया गया। जबकि इसमें गिट्टी पत्थर का उपयोग होना चाहिए था। इसके बाद इसमें टुकड़े व कम गुणवत्ता वाले घटिया ईंट का इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे यह तालाब कभी भी धँस सकता है। तालाब में ढलान अत्यधिक होने के कारण मूर्ति विसर्जन के दौरान कभी भी बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है। टुकड़े व घटिया किस्म के ईंट लगाने से कभी भी जमीन धंस सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि इसकी मौखिक शिकायत विभागीय कनीय अभियंता से की गई है।

उन्होंने जांच करवाने का आश्वासन भी दिया है। इस मामले में चिरकुंडा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संदीप पासवान ने कहा कि घटिया सौंदर्यीकरण की जांच जल्द करवाई जाएगी। टुकड़े ईंटों को लगाए जाने को लेकर कनीय अभियंता उत्तम कुमार से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि सरस्वती पूजा के कारण छुट्टी पर हूं।

## एक नजर में

### सविमं सिनीडीह में सरस्वती पूजा सह अक्षरारंभ समारोह



कतरास। बुधवार को सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह में सरस्वती पूजा सहित अक्षरारंभ समारोह आयोजित किया गया। अक्षरारंभ संस्कार में शामिल 30 भैया बहनों को तिलक लगाकर मां सरस्वती के चरणों में अक्षरारंभ कराया गया। आचार्य अजय कुमार पांडे ने कहा कि 16 संस्कारों में अक्षरारंभ संस्कार प्रमुख है। पुरातन काल से ही भारतवर्ष में बच्चों के अध्ययन की शुरूआत सरस्वती पूजा के दिन विद्यालय में उन्हें अक्षरारंभ कराया जाता है। हमारे देश में गुरुकुल परंपरा में भगवान राम एवं भगवान श्री कृष्ण ने भी शिक्षा प्राप्त की थी। इस अवसर पर अक्षरारंभ को पवित्र मानते हुए ऐसी मान्यता है कि इस अवसर पर अक्षरारंभ करने वाले भैया बहन जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करते हैं। मां सरस्वती की वंदना के बाद मंगल आरती हुई और अक्षरारंभ आरंभ हुआ। पुष्पर्जन के बाद प्रसाद वितरण हुआ। बड़ी संख्या में अभिभावक बंधु एवं भगिनी उपस्थित हुए।

### जिला भाजपा कार्यालय में शक्ति वंदन कार्यक्रम



गोड्डा। भाजपा कार्यालय गोड्डा में शक्ति वंदन कार्यक्रम की एक कार्यशाला आयोजित की गई ।कार्यशाला के बाद पुनः 4 बजे गोड्डा लोकसभा चुनाव निहित भाजपा कार्यालय गोड्डा का विधिवत उद्घाटन किया जाना तय है । उपस्थित अतिथियों द्वारा अपने पार्टी के संस्थापक और नेता की स्मृति में डा ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवम पंडित दीन दयाल उपाध्याय की तस्वीर पर माल्यार्पण किया । कार्यक्रम के संयोजक कृष्ण मुरारी चौबे महासचिव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उनसे परिचय प्राप्त किया । मंच संचालन का कार्य जिला महासचिव कृष्ण कन्हैया ने किया । भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव मिश्रा ए विधायक सह प्रदेश प्रवक्ता अमित मंडल ए प्रदेश उपाध्यक्ष सह महागमा के पूर्व विधायक महगामा अशोक भगत लक्ष्मी चक्रवर्ती जिला परिषद उपाध्यक्ष एअजीत सिंह पूर्व नगर अध्यक्ष कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच पर आसीन थे । इस कार्यक्रम के बाद पुनः आज शाम 6 बजे गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे और गोड्डा के जिलाध्यक्ष संजीव मिश्राए गांव चलो अभियान के तहत दियारा गांव में प्रवास करेंगेए आज के कार्यक्रम में सुभाष चंद्र यादव जिला भाजपा उपाध्यक्ष एबबलू सिंह एदिलीप सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष बिमंत साह जिला मीडिया प्रभारी एएअंजनी झा कार्यकर्ता एसहित बड़ी संख्या में सभी प्रखंडों के कार्यकताओं और पदेन पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया ।

### शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा यज्ञशाला का विधायक ने की परिक्रमा

कोडरमा। विधायक सह पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. नीरा यादव ने दूधीमाटी में चल रहे शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की यज्ञशाला का परिक्रमा किया। उन्होंने यज्ञ शाला में मत्था टेक अपने क्षेत्र की सुख शान्ति समृद्धि आरोग्य की कामना किया। बताते चलें कि बुधवार को प्राण प्रतिष्ठा और पूणाहूति भक्ति जागरण का कार्यक्रम संपन्न किया गया और आज महाभंडारा आयोजित है। वहीं विधायक ने पुजारी संजीव यादव, रंजु कुमारी, कमलेश यादव, रेणु देवी, पवन कुमार, बीना गुप्ता को शुभकामनाएं दिया और कहा हर एक लोगों को इस तरह के धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होना चाहिए, इस तरह के धार्मिक अनुष्ठान से अच्छे स्वभाव का प्रसार होता है और अच्छे स्वभाव को धारण करना ही धर्म है। धर्म कभी गलत सन्देश लोगों को नहीं देती है। मौके पर अजय सिंह, सुखदेव यादव, चन्दन सिंह, अभय कुमार, रवि कुमार रवि, रवींद्र यादव, प्रीति सागर भारती समेत कई लोग मौजूद थे।

### हैप्पी आवर्स स्कूल में सरस्वती पूजा

दुमका। उपराजधानी दुमका के सोनवा डंगाल लीची बगान में स्थित हैप्पी आवर्स स्कूल में धूमधाम से विद्या की देवी सरस्वती माता की पूजा मनाया गया। इस मौके पर बहुत ही उल्लास से लवरेज बच्चों ने पूजा अर्चना की। सरस्वती पूजा के अवसर पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा नये बच्चों के लिए निशुल्क नामांकन किया गया। विद्यालय में बच्चों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। पूजा को लेकर विद्यालय में विशेष साज सज्जा की गई। मौके पर विद्यालय के निदेशक विजय सिंहए प्रिंसिपल नीलू छेत्रीए वाइस प्रिंसिपल निक्कीए संगीता सिंहाए नीरज छेत्रीए आरती कुमारीए नीशू कुमारीए इंशाए मनीषाए सुनीताए श्वातिए डॉलीए प्रीतिए अनीमाए टिंकूएप्रियंवदा आदि उपस्थित थे।

# उप राजधानी के स्कूलों में सरस्वती पूजा की धूम

खबर मन्त्र संवाददाता

दुमका। उपराजधानी दुमका जिला के सरकारीएगैर सरकारी स्कूलों एवं गली.मुहल्लों में मां सरस्वती की पूजा धूमधाम से हुआ। बुधवार को लोगों ने विद्याए कला व संगीत की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना भक्ति भावपूर्वक की। मंत्रोच्चार से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। लोगों ने अहले सुबह स्नान कर अपने-अपने घरों में मां सरस्वती की तस्वीर व प्रतिमा रख कर पूजा अर्चना की। छात्रों ने अपने.अपने विद्यालयों में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की। विभिन्न सरस्वती पूजा समितियों के सदस्यों ने रंग.बिरंगे व आकर्षक पंडाल बना बेहतर साज सज्जा कर मां सरस्वती की पूजा अर्चना की। मां सरस्वती को प्रसाद के रूप में गाजरए मिश्रीकंदए बैरए सेबए केलाए नारंगीए अंगूरए बूंदिया का भोग लगाया। साथ ही आम के मंजर व मोर के पंख को भी चढ़ाया। पूजा अर्चना के बाद बुद्धि और समुचित ज्ञान देने के लिए प्रार्थना की। वहीं पुलवामा हमले की बरसी पर टाटा शोरूम मेरी कॉम सरस्वती पूजा समिति के द्वारा सरस्वती पूजा पंडाल में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर पूजा समिति के सदस्यों ने कहा कि जम्मू.कश्मीर के पुलवामा जिले में हुए इस आतंकी हमले में सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हो गए थे। उनके इस बलिदान को पूरा देश याद रखेगा। हम सभी सदस्य उन्हें नम्र आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। सदस्यों में सुजल कुमारए नितिन कुमारए सोनू मिश्राए ओम आशुतोषए अतुल कुमारए आदित्य कुमारए सौरव कुमारए रोहित शर्माए आंसू केशरीए नूर खानए फैजल खानए बिट्टू कुमारए गुनगुन कुमारीए पीहू कुमारी मन्नत कुमारी मौजूद थे।





# धूमधाम से मना बाबा बासुकीनाथ का तिलकोत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता

बासुकीनाथ। तीर्थनगरी बासुकीनाथ धाम में वसंत पंचमी के पावन दिवस पर भोलेनाथ का तिलकोत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ। अहले सुबह मंदिर का पट खुलते ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लग गई। हल्की बारिश और बूंदाबांदी के बीच शिव गंगा में डुबकी लगाते हुए शिव भक्त जलाभिषेक के लिए लाइन में लग गए। मंदिर प्रशासन द्वारा सभी भक्तों को सुगमतापूर्वक पूजा करने के लिए फूल प्रूफ व्यवस्था की गई थी। वी आई पी भक्तों को शीघ्र दर्शनाम कूपन के माध्यम से पूजा कराया जा रहा था। जलार्पण का सिलसिला देर शाम तक चला रहा। उधर देर शाम पौराणिक परंपरा अनुसार विधि विधान के साथ बाबा को तिलक चढ़ाने की रस्म पूरी की गई। तिलकोत्सव का रस्म मंगलमयी गीतों के बीच मंदिर पुजारी विदकरी शोखी कुंवर मंदिर पुरोहित प्रेम शंकर झा एवं यजमान बने एसडीओ कौशल किशोर ने पूरा किया। इस अवसर पर बासुकीनाथ धाम तिलकहरुओं से पटा था। बड़ी संख्या में मिथिलांचल के भक्त तिलक उत्सव में भाग लेने के लिए पहुंचे हुए थे। सहरसा मधुबनी दरभंगा समस्तीपुर मुजफ्फरपुर सीतामढ़ी आदि जगहों से आए श्रद्धालु मंदिर में विशेष धार्मिक अनुष्ठान करते देखे गए। दिन भर मिथिलांचल वासी मंदिर प्रांगण में ढोलक झाल एवं हारमोनियम के धुन पर भजन कीर्तन में लग रहे। सभी भक्त एक दूसरे को रंग गुलाल एवं अबीर लगाकर होली गीतों से समा बांध दिया। बाबा बासुकीनाथ को तिलकोत्सव पर विविध सामग्रियां समर्पित की गई। इन सामग्रियों में पीतांबरी धोती गमछी सोने की अंगूठी चांदी की सुपारी खड़ाऊ बेलपत्र फूल की माला रुद्राक्ष की माला चंदन अबीर गुलाल रोली एवं माता पार्वती को घघरीए ब्लाउजए चांदी का पायलए मठियाए श्रृंगार प्रसाधन सामग्री फल एवं विभिन्न प्रकार की मिठाइयां शिव.पार्वती को अर्पित की गई।



### राखाबनी मोड़ परस्थापित हुई मां की भव्य प्रतिमा

दुमका। शहर के राखाबनी मोड़ एवं कुमारपाड़ा में कई जगहों पर भव्य रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की गई। यहां पर पूरे शहर के लोग प्रतिमा व मेला घुमने के लिए आते है। गांधी नगर में बर्फिला पर्वत बनाकर प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। श्री राम पाड़ा में सरस्वती पूजा धूमधाम से की गई। पूजा पंडाल में खूबसूरत फूलों से सजाया हैए जिससे पूरा दृश्य मनमोहक हो गया है। इस अवसर पर सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया है ताकि जो लोग पूजा में शामिल होने पहुंचे हैंए वे अपनी खूबसूरत तस्वीरें भी ले सके। मौके पर प्रिंस वर्माए पीयूष राजए सौरभ पाठकए पीयूष कुमार आदि मौजूद थे।

# झामुमो की बैठक में केंद्रीय नीतियों की आलोचना

खबर मन्त्र संवाददाता

गोड्डा। आज पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा समिति गोड्डा की बैठकए जिला मुख्यालय के अग्रसेन भवन में आयोजित किया गया।जिसकी अध्यक्षता सह संचालन जिला अध्यक्ष बासुदेव सोरेन ने किया। ये बैठक अत्यंत ही महत्वपूर्ण रहा क्योंकि बैठक में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से केंद्रीय कमिटी के महासचिव विनोद पांडेय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुवे। उन्होंने वर्तमान परिस्थिति में झामुमो संगठन के कर्तव्य पालन का दिशा निर्देश देते हुवे कहा आज झारखंड के विकाश का इतिहास लिखने वालेएहरदिल अजीज नेता माएलएल हेमंत सोरेन एभाजपा के षड्यंत्र का शिकार हो रहे हैं।उन्हें किस किस तरह के यातनाओं से गुजरना पड़ रहा है इसे महसूस करएजिला संगठन के कार्यकताओं को मजबूत इरादों से मजबूत कदम उठाना होगा। और जब देश की केंद्रीय जॉच एजेंसी या फिर संविधान के मालिक ही संविधान की धज्जियां उड़ा रही है तो आप झामुमो सिपाही को क्या करना चाहिएएआप स्वयं समझदार और जिम्मेदार हैं। केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय के वीडियो कांफ्रेंसिंग के बाद उपस्थित सभी नेताओं ने अपने अपने विचार देते हुवे कहा आज संपूर्ण झारखंड प्रदेश की जनता एहेमंत सोरेन जी के साथ केंद्र सरकार के द्वारा किए गए कुक्रित से आक्रोषित है। निर्णय लिया गया की जब जनता का संवैधानिक संस्था और केंद्र सरकार ही विश्वासघात कर रही है।

# एक्सपायर दवाओं से बनाई मां शारदे की प्रतिमा

**बीसीसीएल के अधिकारी का दिख रहा अलग क्रेज**

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। बसंत पंचमी के दिन झारखंड में मां सरस्वती की पूजा की जाती है। बच्चों में सरस्वती पूजा को लेकर एक अलग ही क्रेज देखने को मिलता है। धनबाद जिले में भी सरस्वती पूजा को लेकर काफी उत्साह है। यहां एक से एक अद्भुत पंडाल और मूर्तियां बनाई जाती हैं। इस बार भी प्रतिमाओं का निर्माण नये तरीके से किया गया है। धनबाद में बीसीसीएल सिजुआ एरिया के वरिष्ठ वित्त अधिकारी अभिजीत चटर्जी एक ऐसे ही मूर्तिकार हैं। सरस्वती पूजा के दौरान अपनी कला से लोगों का मन मोह लेना उनका शौक है।

**अभिजीत विगत 50 वर्षों से कर रहे हैं मूर्ति निर्माण**

अभिजीत चटर्जी प्रत्येक वर्ष अपने हाथों से मां शारदे की अद्भुत और कलात्मक प्रतिमा बनाकर भक्तों को आश्चर्यचकित करते आ रहे हैं। इस बार भी उन्होंने एक्सपायर्ड दवाइयों और माचिस की तीलियों से मां सरस्वती की अद्भुत प्रतिमा बनाई है। अभिजीत इस वर्ष मूर्तिकला निर्माण में अपना 50 वां वर्ष पूरा कर रहे हैंए जिसे वह बेहद खास बनाने में जुटे हुए दिखे। उनके कर्मी शहर स्थित उनके आवास पर प्रतिमा को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। गोल्डन जुबली वर्ष को खास बनाने के लिए अभिजीत काफी समय से मेहनत कर रहे हैं। कोयला नगर स्थित दीक्षा महिला मंडल द्वारा साईं मंदिर के पास अन्नपूर्णा हॉल में आयोजित पूजा पंडाल में अभिजीत के हाथों से बनी मां शारदे की प्रतिमा विराजमान होगी। कोयला नगर में जहां एक्सपायर्ड दवाओं से बनी मूर्तियां मौजूद होंगीए वहीं पंडाल में एक ही छत के नीचे पिछले 50 वर्षों में अलग-अलग वस्तुओं से अभिजीत के हाथों से बनाई गई मूर्तियां भी होंगी जो भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र होंगी। इनके बारे में जब लोगों को जानकारी मिली तो लोग उन्हें काफी सम्मान दे रहे हैं। वे उनकी इस प्रतिभा को विलक्षण प्रवृति का मान रहे हैं। साथ ही उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।

# किसान संगठनों की सभी मांगें पूरी किये जाने की बेकार जिद

डॉ मयंक चतुर्वेदी

**देश** में भाजपा की एनडीए सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दिन प्रतिदिन एक ताकत के रूप में उभरी है। इस बार के संसद सत्र में कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों ने भारतीय जनता पार्टी को घेरने की कई सघन योजनाएं बनाईं, किंतु मोदी तरकस से निकले वाणों ने एक के बाद एक सभी को भेद दिया, ऐसे में विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं बचा और महंगाई, गरीबी और बेरोजगारी पर जब देश भर में उसकी कहीं कोई दाल नहीं गल रही तब वह फिर से किसान आन्दोलन को हवा देने में लग गई है। इन दिनों किसान आन्दोलन के नाम पर आन्दोलन जीवी एक बार फिर से सक्रिय हो उठे हैं। कुल मिलाकर विपक्ष का उद्देश्य हर हाल में देश की शांति को बहाल नहीं रहने देने की है। अब उसका लक्ष्य यही होगा कि वह किसी तरह से यह सिद्ध करने में कामयाब हो जाए कि मोदी सरकार किसान विरोधी है और उसे अन्नदाताओं की कोई फिक्र नहीं ।

वैसे देखा जाए तो स्वतंत्र भारत में स्वाधीनता के बाद से किसान समस्या हमेशा किसी न किसी रूप में बरकरार रही है। भले ही आज का बहुसंख्यक किसान साहूकार के ऋण चंगुल से बाहर आ गया हो, किंतु केंद्र और राज्य सरकारों के तमाम प्रयासों के बाद भी आज तक किसानों की समस्याओं का अंत नहीं हुआ है। कभी-कभी लगता है कि उन्हें सब कुछ फ्री में दे भी दिया जाएगा तब भी किसानों में एक बड़ी संख्या फिर भी ऐसी रहेगी जिनकी शिकायतों का कोई अंत नहीं किया जा सकता। इस बार संयुक्त किसान मोर्चा का बैनर गायब है, लेकिन पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के कई किसान संगठन अपनी प्रमुख मांगों को लेकर आगे आए हैं। इसकी कुछ मांगें उचित भी जान पड़ती है, किंतु साथ ही कुछ मांग ऐसी भी हैं जिन्हें पढ़कर सोचना पड़ रहा है कि यह किसी भी सरकार के वश में नहीं कि वह पूरा करके उन्हें दे दे, फिर क्यों ये व्यर्थ में इन्हें पूरा करा लेने की जिद ठान बैठे है।



किसानों के 12-सूत्रीय एजेंडे में मुख्य मांग सभी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी के लिए एक कानून और डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार फसल की कीमतों का निर्धारण करना है।

**अन्य मांगें इस प्रकार हैं**

1.) किसानों और मजदूरों की पूर्ण कर्ज माफी।

2.) भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 का कार्यान्वयन, जिसमें अधिग्रहण से पहले किसानों से लिखित सहमति और कलेक्टर दर से चार गुना मुआवजा देने का प्रावधान है।

3.) अक्टूबर 2021 में लखीमपुर खीरी हत्याकांड के अपराधियों को सजा।

4.) भारत को विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) से हट जाना चाहिए और सभी मुक्त व्यापार समझौतों पर रोक लगा देनी चाहिए।

5.) किसानों और खेतिहर मजदूरों के लिए पेंशन।

6.) दिल्ली विरोध प्रदर्शन के दौरान मरने वाले किसानों के लिए मुआवजा, जिसमें परिवार के एक सदस्य के लिए नौकरी शामिल है।

7.) बिजली संशोधन विधेयक 2020 को रद्द किया जाए।

8.) मनरेगा के तहत प्रति वर्ष 200 (100 के बजाय) दिनों का रोजगार, 700 रुपये की दैनिक मजदूरी और योजना को खेती से जोड़ा जाना चाहिए।

9.) नकली बीज, कीटनाशक, उर्वरक बनाने वाली कंपनियों पर सख्त दंड और जुमार्ना; बीज की गुणवत्ता में सुधार।

10.) मिर्च और हल्दी जैसे मसालों के लिए राष्ट्रीय आयोग।

11.) जल, जंगल और जमीन पर मूलवासियों का अधिकार सुनिश्चित करें।

इस बार किसान संगठन कृषि ऋण माफ करने की मांग कर रहे हैं। साथ ही सभी किसानों का सरकारी और गैर सरकारी कर्ज माफ करने की उनकी मांग है। अपने को प्रदूषण कानून से बाहर रखने के लिए कह रहे हैं। 58 साल से अधिक उम्र के किसानों के लिए पेंशन योजना लागू कर उन्हें 10 हजार रुपये मासिक पेंशन दिए जाने के लिए सरकार पर दबाव बना रहे हैं। साल 2021-22 के किसान आंदोलन में जिन किसानों पर मुकदमे दर्ज किए गए थे, उन्हें रद्द करने की मांग की जा रही है। केंद्र सरकार से किसानों की मांग है कि पिछले आंदोलन में जिन किसानों की मौत हुई थी उनके परिवार को मुआवजा तथा एक सदस्य को नौकरी दी जाए।

किसान नेता स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने की मांग भी कर रहे हैं। न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए कानून बनाए जाने की बात भी इस बार की जा रही है है। केंद्र सरकार से किसान कीटनाशक, बीज और उर्वरक अधिनियम में संशोधन करके कपास सहित सभी फसलों के बीजों की गुणवत्ता में सुधार करने की मांग भी की गई है ।

किसानों की ओर से की जा रही इन तमाम मांगों पर आप गौर करेंगे तो ध्यान में आएगा कि कई मांगें इस प्रकार की हैं जिन्हें कोई भी सरकार पूरा नहीं कर सकती है। खुद यदि इन किसान नेताओं की भी सत्ता क्यों न हो वह भी इन मांगों में से कई को पूरा नहीं करेगी। जैसे कि सभी प्रकार के ऋणों की मांफी। वस्तुतः ऋण लेकर घी पीने के बाद ऋण की वसूली भी न हो, यह कैसे संभव है। देश के हर किसान ने लिए जो गारंटी 10 हजार रुपये मासिक पेंशन मांगी जा रही है, यह मांग भी कुछ इसी प्रकार की है, जिसे किसी भी सरकार द्वारा पूरा नहीं किया जा सकता । इन किसान संगठनों की एक व्यर्थ की मांग उन सभी के परिवारजनों को मुआवजा और नौकरी दिए जाने की है, जो पिछली बार आन्दोलन के बीच मृत्यु को प्राप्त हो गए थे।

इसी प्रकार की एक मांग इनकी अपने को प्रदूषण कानून से बाहर रखने के लिए कहना भी है । पटाखों को वायु प्रदूषण के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए इस बार भी दीपावली पर पटाखे फोड़ने से रोका गया, किंतु यह मीडिया रिपोर्ट्स के जरिए सभी ने देखा कि कैसे पंजाब, हरियाणा, उत्तरप्रदेश के किसानों ने पराली जलाकर पूरे एनसीआर समेत आसपास के वातावरण को प्रदूषण की आग में झोंक दिया था। सांस संबंधी कई बीमारियां इसी प्रदूषण की देन रहीं, जिसमें कि कई लोगों को अपनी जान तक गवांनी पड़ गई, लेकिन ये किसान संगठन हैं कि अपने को प्रदूषण कानून से बाहर रखने की जिद पर अड़े हुए हैं, ताकि कुछ किसान अपराध करते रहें और उस अपराध की सजा वायु प्रदूषण के रूप में कोई ओर पाए । इनकी ठसक भी गजब है, क्यों न हो!

अन्नदाता है, किसान है, जब वह खेतों में अन्न उगाता है, तब कहीं जाकर भारत के आम व्यक्ति का पेट भरता है, इसलिए उसे अपने खेती से जुड़े वायु प्रदूषण के अपराध किए जाने से मुक्ति तो मिलनी ही चाहिए। खैर, यह माफी उसे मिलनी चाहिए या नहीं, यहां यह विषय हम जनता के स्वविवेक पर छोड़ देते हैं।

# एक बड़ी साजिश थी हमला

36 साल पहलेः 14 फरवरी 1998, शनिवार को तमिलनाडु के कोयंबटूर में इस्लाम जिहादी उग्रवादियों का बम हमला हुआ था। 12 कि.मी 11 स्थानों पर हुए 12 बम विस्फोटों में कुल 58 लोग मारे गए और 200 से अधिक घायल हो गए। घायलों को अस्पताल ले जाया गया और अस्पताल पर भी बमबारी की गई और नर्सों और डॉक्टरों की मौत हो गई। सेना, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड और तमिलनाडु कमांडो स्कूल के बम निरोधक दस्तों ने टाइमर द्वारा सक्रिय जिलेटिन की छड़ों के साथ कारों, साइकिलों, दोपहिया वाहनों के साइडबॉक्स, डेनिम और रेक्सिन बैग, फल दुकानों में में छिपे कई बमों को निष्क्रिय कर दिया। कट्टरपंथी संगठन अल उम्मा के संस्थापक एसए बाशा को मुख्य साजिशकर्ता के रूप में पहचाना गया था।



अधिकारियों ने पाया कि ये विस्फोट एक बड़ी साजिश का हिस्सा थे, जिसमें उस दिन शाम 4 बजे आयोजित चुनावी सभा में श्री लाल कृष्ण आडवाणी को निशाना बनाया गया था।

शहीद हुए 58 शहीदों को श्रद्धांजलि। तमिलनाडु के लोग आज के दिन को शोक दिवस के रूप में मना रहे हैं.

धार्मिक उग्रवाद और आम लोगों की हत्या से कोई बदलाव नहीं आ सकता. ऐसे विचारों का त्याग कर देना चाहिए.

(देश यह तथ्य नहीं भूला है कि 21 मई 1991 को तमिलनाडु में भारत के प्रधानमंत्री राजीव गांधी की भी बम से हत्या कर दी गई थी।)

**(केशव राजू जी के वॉल से)**

# वाह शक्ति वाह... पांच भारतीयों ने जीते ग्रैमी



प्रशांत झा

**उस्ताद** जाकिर हुसैन को 3, राकेश चौरसिया को 2 पुरस्कार

लॉस एंजिलिस में रविवार को ग्रैमी अवार्ड के साथ शक्ति ग्रुप के शंकर महादेवन, गणेश राजगोपालन, जाकिर हुसैन और सेल्वागणेश विनायकराम।



संगीत की दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित ग्रैमी अवॉड्र्स में इस साल भारत ने अपना जलवा बिखेरा है। रविवार रात लॉस एंजिलिस में आयोजित समारोह में मशहूर तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन और बांसुरी वादक राकेश चौरसिया समेत पांच भारतीय संगीतकारों ने पुरस्कार जीते हैं। हुसैन ने तीन ग्रैमी अपने नाम किये, जबकि राकेश चौरसिया ने दो पुरस्कार जीते। जाकिर हुसैन, गायक शंकर महादेवन, वायलिन वादक गणेश राजगोपालन, तालवादक सेल्वागणेश विनायकराम और ब्रिटिश गिटार वादक जॉन मैकलॉघलिन के फ्यूजन संगीत समूह शक्ति ने ह्यदिस मूमेंट के लिए सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम की श्रेणी में 2024 का ग्रैमी पुरस्कार जीता।

शक्ति का 45 से अधिक वर्षों में पहला स्टूडियो एल्बम दिस मूमेंट जून 2023 में रिलीज किया गया था। जाकिर हुसैन ने पश्तो के लिए सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत प्रस्तुति और ह्यएज वी स्पीक के लिए सर्वश्रेष्ठ समसामयिक वाद्य एल्बम का ग्रैमी पुरस्कार भी जीता। सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत प्रस्तुति की श्रेणी में आठ नामांकन थे, जिसमें फालू का गीत अबन्डंस इन मिलेट्स भी शामिल था। इस गीत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी दिखायी दिए हैं। महान बांसुरी वादक हरिप्रसाद चौरसिया के भतीजे राकेश चौरसिया ने अमेरिका के बेंजो वादक बेला फ्लेक और अमेरिकी बास वादक एडगर मेयेर के साथ पश्तो और ह्यएज वी स्पीक के लिए दो ग्रैमी पुरस्कार जीते।

**दुनिया का दिल जीता :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हुसैन, महादेवन, चौरसिया, सेल्वागणेश और गणेश राजगोपालन को इस शानदार सफलता के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा, ह्यसंगीत के प्रति आपकी असाधारण प्रतिभा और समर्पण ने दुनिया भर में दिल जीता है। भारत को गर्व है। जाने-माने संगीतकार एआर रहमान ने सोशल मीडिया पर कहा, भारत के लिए ग्रैमी में बरसात हो रही है ग्रैमी विजेताओं उस्ताद जाकिर हुसैन (तीन ग्रैमी), शंकर महादेवन (पहला ग्रैमी) और सेल्वागणेश (पहला ग्रैमी) को बधाई। तीन बार के ग्रैमी विजेता रिकी केज ने कहा, वाह यह ग्रैमी में पूरी तरह से भारत का वर्ष है। वाहङ्क राकेश चौरसिया, शंकर महादेवन, गणेश राजगोपालन, सेल्वागणेश विनायकराम और उस्ताद जाकिर हुसैनङ्क भारत सही में चमकता सितारा है!! रोमांचक!! एक ही साल में पांच भारतीयों ने ग्रैमी पुरस्कार जीते हैं।

# राग-रंग और उत्सव का पर्व वसंत पंचमी

रमेश सर्राफ धमोरा

**देश में** पतझड़ के बाद वसंत ऋतु का आगमन होता है। हर तरफ रंग-बिरंगें फूल खिले दिखाई देते हैं। इस समय गेहूं की बालियां भी पक कर लहराने लगती हैं। उन्हें देखकर किसान हर्षित होते हैं। चारों ओर सुहाना मौसम मन को प्रसन्नता से भर देता है। इसीलिए वसंत ऋतु को सभी ऋतुओं का राजा अर्थात ऋतुराज कहा गया है। इस दिन भगवान विष्णु, कामदेव तथा रति की पूजा की जाती है। इस दिन ब्रह्माण्ड के रचयिता ब्रह्मा जी ने सरस्वती जी की रचना की थी। इसलिए इस दिन देवी सरस्वती की पूजा भी की जाती है।



वसंत शब्द का अर्थ है वसंत और पंचमी का पांचवां दिन। इसलिये माघ महीने में जब वसंत ऋतु का आगमन होता है तो इस महीने के पांचवें दिन यानी पंचमी को वसंत पंचमी के रूप में मनाया जाता है। शास्त्रों में वसंत पंचमी को ऋषि पंचमी के नाम से भी जाना जाता है। वसंत उत्तर भारत तथा समीपवर्ती देशों की छह ऋतुओं में से एक ऋतु है। जो फरवरी मार्च और अप्रैल के मध्य इस क्षेत्र में अपना सौंदर्य बिखेरती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माता सरस्वती जिन्हें विद्या, संगीत और कला की देवी कहा जाता है। है। उनका अवतरण इसी दिन हुआ था और यही कारण है कि भक्त इस शुभ दिन पर ज्ञान प्राप्त करने के लिए उनकी पूजा करते हैं। साथ ही इसे सरस्वती पूजा के नाम से भी जाना जाता है।

सभी शुभ कार्यों के लिए वसंत पंचमी के दिन अत्यंत शुभ मुहूर्त माना गया है। वसंत पंचमी को अत्यंत शुभ मुहूर्त मानने के पीछे अनेक कारण हैं। यह पर्व अधिकतर माघ मास में ही पड़ता है। माघ मास का भी धार्मिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से विशेष महत्व है। इस माह में पवित्र तीर्थों में स्नान करने का विशेष महत्व बताया गया है। दूसरे इस समय सूर्यदेव भी उत्तरायण होते हैं। इसलिए प्राचीन काल से वसंत पंचमी के दिन देवी सरस्वती की पूजा की जाती है अथवा कह सकते हैं कि इस दिन को सरस्वती के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है।

वसंत पंचमी का दिन सरस्वती जी की साधना को अर्पित ज्ञान का महापर्व है। शास्त्रों में भगवती सरस्वती की आराधना व्यक्तिगत रूप में करने का विधान है। किंतु आजकल सार्वजनिक पूजा-पाण्डालों में देवी सरस्वती की मूर्ति स्थापित कर पूजा करने का रिवाज चल पड़ा है। मां सरस्वती का प्रिय रंग पीला है। इसलिए उनकी मूर्तियों को पीले वस्त्र, फूल पहनाए जाते हैं। देश में लोग वसंत पंचमी पर पीले कपड़े पहन कर विद्या की देवी मा सरस्वती कि वंदना मंत्र का उच्चारण कर उनकी पूजा करते हैं।

**या वीणावरदण्डमण्डितकरा या श्वेतपद्मासना॥**
**या ब्रह्माच्युत शंकरप्रभृतिभिर्देवैः सदा वन्दिता।सा मां पातु सरस्वती भगवती निःशेषजाड्यापहा॥**

माना गया है कि माघ महीने की शुक्ल पंचमी से वसंत ऋतु का आरंभ होता है। फाल्गुन और चैत्र मास वसंत ऋतु के माने गए हैं। फाल्गुन वर्ष का अंतिम मास है और चैत्र पहला। इस प्रकार हिंदू पंचांग के वर्ष का अंत और प्रारंभ वसंत में ही होता है। इस ऋतु के आने पर सर्दी कम हो जाती है। मौसम सुहावना हो जाता है। पेड़ों में नए पत्ते आने लगते हैं। सरसों के फूलों से भरे खेत पीले दिखाई देते हैं। अतः राग रंग और उत्सव मनाने के लिए यह ऋतु सर्वश्रेष्ठ मानी गई है।

ग्रंथों के अनुसार देवी सरस्वती विद्या, बुद्धि और ज्ञान की देवी हैं। अमित तेजस्विनी व अनंत गुणशालिनी देवी सरस्वती की पूजा-आराधना के लिए माघमास की पंचमी तिथि निर्धारित की गई है। वसंत पंचमी को इनका आविर्भाव दिवस माना जाता है। ऋग्वेद में सरस्वती देवी के असीम प्रभाव व महिमा का वर्णन है। मां सरस्वती विद्या व ज्ञान की अधिष्ठात्री हैं। कहते हैं जिनकी जिव्हा पर सरस्वती देवी का वास होता है। वे अत्यंत ही विद्वान व कुशाग्र बुद्धि होते हैं।

वसंत पंचमी का दिन भारतीय मौसम विज्ञान के अनुसार समशीतोष्ण वातावरण के प्रारंभ होने का संकेत है। मकर सक्रांति पर सूर्य के उत्तरायण प्रस्थान के बाद शरद ऋतु की समाप्ति होती है। हालांकि विश्व में बदलते मौसम ने मौसम चक्र को बिगाड़ दिया है। पर सूर्य के अनुसार होने वाले परिवर्तनों का उस पर कोई प्रभाव नहीं है। हमारी संस्कृति के अनुसार पर्वों का विभाजन मौसम के अनुसार ही होता है। इन पर्वों पर मन में उत्पन्न होने वाला उत्साह स्वप्रेरित होता है। सर्दी के बाद गर्मी और उसके बाद बरसात फिर सर्दी का बदलता क्रम देह में बदलाव के साथ ही प्रसन्नता प्रदान करता है।

चूंकि वसंत पंचमी का पर्व इतने शुभ समय में पड़ता है। अतः इस पर्व का स्वतः ही आध्यात्मिक, धार्मिक, वैदिक आदि सभी दृष्टियों से अति विशिष्ट महत्व परिलक्षित होता है। प्राचीन कथाओं के अनुसार ब्रह्मा जी ने विष्णु जी के कहने पर सृष्टि की रचना की थी। एक दिन वह अपनी बनाई हुई सृष्टि को देखने के लिए धरती पर भ्रमण करने के लिए आए। ब्रह्मा जी को अपनी बनाई सृष्टि में कुछ कमी का अहसास हो रहा था। लेकिन वह समझ नहीं पा रहे थे कि किस बात की कमी है। उन्हें पशु-पक्षी, मनुष्य तथा पेड़-पौधे सभी चुप दिखाई दे रहे थे। तब उन्हें आभास हुआ कि क्या कमी है। वह सोचने लगे कि एसा क्या किया जाए कि सभी बोले और खुशी में झूमे।

ऐसा विचार करते हुए ब्रह्मा जी ने अपने कमण्डल से जल लेकर कमल पुष्पों तथा धरती पर छिड़का। जल छिड़कने के बाद श्वेत वस्त्र धारण किए हुए एक देवी प्रकट हुई। इस देवी के चार हाथ थे। एक हाथ में वीणा, दूसरे हाथ में कमल, तीसरे हाथ में माला तथा चतुर्थ हाथ में पुस्तक थी। ब्रह्मा जी ने देवी को वरदान दिया कि तुम सभी प्राणियों के कण्ठ में निवास करोगी। सभी के अंदर चेतना भरोगी, जिस भी प्राणी में तुम्हारा वास होगा वह अपनी विद्वता के बल पर समाज में पूज्यनीय होगा। ब्रह्मा जी ने कहा कि तुम्हें संसार में देवी सरस्वती के नाम से जाना जाएगा।

कडकड़ाती ठंड के बाद वसंत ऋतु में प्रकृति की छटा देखते ही बनती है। पलाश के लाल फूल, आम के पेड़ों पर आए बौर, हरियाली और गुलाबी ठंड मौसम को सुहाना बना देती है। यह ऋतु सेहत की दृष्टि से भी बहुत अच्छी मानी जाती है। मनुष्यों के साथ पशु-पक्षियों में नई चेतना का संचार होता है। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान का विशेष महत्व है। देश के कई स्थानों पर पवित्र नदियों के तट और तीर्थ स्थानों पर बसंत मेला भी लगता है। राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र में तो बसंत पंचमी के दिन से ही लोग समूह में एकत्रित होकर रात में चंग ढफ बजाकर धमाल गाकर होली के पर्व का शुभारम्भ करते है।

# जलवायु परिवर्तन...

मनोज कुमार सिन्हा

**मानव** जीवन के लिए पर्यावरण संरक्षण का महत्व अत्यंत महत्वपूर्ण है। विश्व के सभी विषयों में, जलवायु परिवर्तन एक ऐसा विषय है जिसका प्रभाव हम सभी को साझा करना पड़ता है। यहाँ हम जलवायु परिवर्तन के विषय पर प्रस्तुत कर रहे हैं, जो आपको इस महत्वपूर्ण विषय के बारे में जागरूक करेगा।

**जलवायु परिवर्तन : आज के समय की सबसे बड़ी चुनौती**

मानव सभ्यता के इतिहास में जलवायु परिवर्तन आज सबसे गंभीर और जटिल संकटों में से एक है। यह ऐसी समस्या नहीं है जो दूर भविष्य से संबंधित है, बल्कि यह हमारे वर्तमान को गहराई से प्रभावित कर रही है और आने वाली पीढ़ियों के लिए विनाशकारी परिणाम ला सकती है। यह इस जटिल मुद्दे के विभिन्न पहलुओं को विस्तार से बतायेगा।

**परिचय :** जलवायु पृथ्वी के औसत मौसम को संदर्भित करता है, जिसमें तापमान, वर्षा, वायु दबाव, वायु धाराएँ और आर्द्रता शामिल हैं। ये सभी तत्व समय के साथ प्राकृतिक रूप से बदलते रहते हैं, लेकिन पिछली शताब्दी में मानवीय गतिविधियों के कारण जलवायु परिवर्तन की गति और तीव्रता अनिश्चित रूप से बढ़ गई है। जीवाश्म ईंधन का दहन मुख्य कारक है, जो वातावरण में ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को बढ़ाता है, जिससे पृथ्वी के वायुमंडल में गर्मी फँसाने का प्रभाव पड़ता है।

**जलवायु परिवर्तन के कारण :** जलवायु परिवर्तन का मुख्य कारण मानवीय गतिविधियाँ हैं, विशेष रूप से जीवाश्म ईंधन का दहनः कोयला, तेल और प्राकृतिक गैस का जलना कार्बन डाइऑक्साइड सहित बड़ी मात्रा में ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन करता है। ये गैसें वायुमंडल में गर्मी फंसा लेती हैं, जिससे ग्रह गर्म हो जाता है।

वन विनाशः पेड़ कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करके वातावरण से निकालते हैं। वनों की कटाई से वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड का स्तर बढ़ जाता है।

**अन्य मानवीय गतिविधियां :** कृषि, औद्योगिक प्रक्रियाएं और कचरे का प्रबंधन भी ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन करते हैं और जलवायु परिवर्तन में योगदान देते हैं।

जलवायु परिवर्तन के मुख्य कारणों में गर्मियों में ऊर्जा का उपयोग, वायु प्रदूषण, वनों की कटाई, और औद्योगिकीकरण शामिल हैं। इन कारकों के परिणामस्वरूप, ग्लोबल वार्मिंग, समुद्र स्तर की बढ़ती होने, बारिश में अनियमितता, और आपदाओं की त्रुटि हो रही है

**जलवायु परिवर्तन के प्रभाव :** जलवायु परिवर्तन के पृथ्वी और उसके निवासियों पर गंभीर प्रभाव पड़ते हैं, जिनमें शामिल हैंः

तापमान में वृद्धिः वैश्विक औसत तापमान में पहले ही वृद्धि हो चुकी है और आने वाले दशकों में और बढ़ने की उम्मीद है।

अत्यधिक मौसम घटनाएँः गर्मी की लहरें, सूखे, बाढ़ और आंधी तूफान जैसी चरम मौसम घटनाएँ अधिक लगातार और गंभीर होती जा रही हैं।

समुद्र तल में वृद्धिः गर्म होने से ध्रुवीय बर्फ पिघल रही है, जिससे समुद्र तल बढ़ रहा है। इससे तटीय क्षेत्रों में बाढ़ का खतरा बढ़ जाता है।

**जैव विविधता का ह्रास :** जलवायु परिवर्तन पारिस्थितिकी और पारिस्थितिक तंत्रों को बाधित कर रहा है। कई पौधों और जानवरों को गर्म तापमानों और बदलते मौसम पैटर्न के अनुकूल होना मुश्किल हो रहा है।

**भारत पर जलवायु परिवर्तन का प्रभावः**

भारत दुनिया के उन देशों में से एक है जो जलवायु परिवर्तन से सबसे अधिक प्रभावित होगा। कुछ संभावित प्रभाव हैंः

अधिक बाढ़ें और सूखेः भारत पहले से ही चरम मौसम घटनाओं का सामना कर रहा है, जैसे कि मानसून में बाढ़ और गर्मियों में सूखे। भविष्य में ये घटनाएँ अधिक तीव्र और नियमित होने की संभावना है।

खाद्य सुरक्षा का खतराः बदलते मौसम पैटर्न से फसल उत्पादन प्रभावित हो सकता है, जिससे खाद्य सुरक्षा का खतरा बढ़ सकता है।

जलवायु परिवर्तन के प्रभाव समग्रतः गंभीर हैं। इससे जलवायु संबंधी आपदाएं बढ़ रही हैं, जैसे कि बाढ़, सूखा, तूफान, और भूकंप। इन परिवर्तनों के कारण लाखों लोग घायल हो रहे हैं और कई लोगों की मृत्यु हो रही है। वायुमंडलीय प्रदूषण के कारण रोगों की बढ़ती संख्या भी है। इसके साथ ही, जलवायु परिवर्तन से अर्थव्यवस्था पर भी व्यापक प्रभाव पड़ रहा है। उदाहरण के लिए, कृषि में अनियमितता, पानी की कमी, और खराब मौसम के कारण अन्न की अभाव हो रही है।

जलवायु परिवर्तनः एक सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय चुनौती

जलवायु परिवर्तन विश्व भर में एक बड़ी चुनौती है जो मानवता को प्रभावित कर रही है। इसमें विभिन्न कारकों का संयोजन है, जिसमें जलवायु परिवर्तन के कारण गर्मी की छिड़कावट, बढ़ती जलस्तर, आंतरिक तापमान के वृद्धि, और मौसम की अनियमितता शामिल है।

**पर्यावरण संरक्षण के उपाय**

जलवायु परिवर्तन को रोकने और उसके प्रभावों को कम करने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। पर्यावरण संरक्षण के उपाय में शामिल हैं। ऊर्जा की पुनर्चक्रणीकरण, प्राकृतिक संसाधनों का सही उपयोग, वन संरक्षण, और प्रदूषण को नियंत्रित करने के उपाय। अनुकूल ऊर्जा स्त्रोतों का उपयोग, बिजली और ऊर्जा की बचत, वायु प्रदूषण कम करने के लिए परियोजनाएं, और वनों की संरक्षण और बढ़ावा देने के उपाय इसमें शामिल हैं।

# नेकस्ट्रा अपने डेटा सेंटर्स के लिए खरीदेगा 140,208 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा

भारत की अग्रणी डेटा सेंटर कंपनियों में से एक, नेक्सट्रा बाय एयरटेल ने आज अतिरिक्त 140,208 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा की खरीद के लिए एम्पीन और एम्प्लस एनर्जी के साथ पावर-व्हीलिंग समझौते की घोषणा की है। इसके साथ ही नेक्सट्रा ने अब लक्ष्य तय किया है कि वह सालाना 99,547 कार्बन डाई ऑक्साइड के बराबर कार्बन फुटप्रिंट कम करेगा।

यह नेक्स्ट्रा के उन कई प्रयासों के अतिरिक्त है जो कंपनी ने वित्तवर्ष 2031 तक अपने संचालन में 100 फीसदी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के लिए किए हैं।

इन प्रयासों में, नेकस्ट्रा ने अपने सभी परिचालनों में हरित ऊर्जा को अपनाने में तेजी लाई है, ऊर्जा संरक्षण के लिए, कंपनी ने अपने बुनियादी ढांचे और प्रक्रियाओं में बदलाव किए हैं। इसके अलावा, उन्होंने अपने कार्यस्थलों में स्थायी व्यावसायिक प्रथाओं को भी अपनाया है।